हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 08.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 103 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### ईडी की हवाला कारोबारियों के खिलाफ दिल्ली, गोवा में कई ठिकानों पर छापेमारी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुबई में 'अघोषित' संपत्ति रखने वाले भारतीयों के खिलाफ एक जांच के तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और गोवा में हवाला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत की जा रही है।
आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय इकाई दुबई में भारतीयों की अघोषित संपत्तियों के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत हवाला कारोबारियों के दिल्ली और गोवा स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत की जा रही है, जो फिलहाल जारी है। दिल्ली और गोवा में संबंधित पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में संदिग्ध हवाला ऑपरेटरों के खिलाफ विशेष सूचना के आधार पर सुबह से ही छापेमारी जारी है।

### टीएमसी सांसद के खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 55 लाख रुपये

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता और चार बार के लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी के साथ एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय किया गया और इससे 55 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाल ली गई।
कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। बैंक की शिकायत के मुताबिक, साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बनर्जी की तस्वीर लगाई गई थी। इन जाली दस्तावेजों की मदद से अपराधियों ने उनके पुराने खाते की केवाईसी अपडेट कर दी। इसके बाद 28 अक्तूबर को खाते में दर्ज मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, जिससे उन्हें खाते पर पूरा नियंत्रण मिल गया।
शिकायत के मुताबिक, खाते की जानकारी मिलने के बाद ठगों ने कई ऑनलाइन लेनदेन किए और करीब 56 लाख 39 हजार 767 रुपये इंटरनेट बैंकिंग के जरिए निकाल लिए।

# वंदे मातरम सिर्फ शब्द नहीं, भारत की आत्मा और संकल्प का स्वर है : प्रधानमंत्री

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं बल्कि यह एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है। यह गीत मां भारती के प्रति भक्ति और समर्पण की प्रतीक भावना है जो हमें अपने अतीत से जोड़ता है, वर्तमान में आत्मविश्वास भरता है और भविष्य के लिए साहस देता है।
प्रधानमंत्री मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वर्षभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने वंदे मातरम पर विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वंदे मातरम का मूल भाव है भारत मां भारती भारत की शाश्वत संकल्पना। जब यह चेतना शब्दों और लय के रूप में प्रकट हुई तब वंदे मातरम जैसी रचना सामने आई।
गुलामी के दौर में यही उद्घोष भारत की स्वतंत्रता का संकल्प बन गया था। वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम का स्वर बन गया जो हर क्रांतिकारी की जबान पर और हर भारतीय की भावना में रचा-बसा था। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम के 150 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को भी याद करते हुए कहा कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने जब 1875 में इसे बंगदर्शन में प्रकाशित किया तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा बन जाएगा। 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया जबकि 1905 में बंग भंग आंदोलन के दौरान यह विरोध का प्रमुख नारा बना। वंदे मातरम ने न केवल अंग्रेजी शासन के खिलाफ जनता को एक किया बल्कि एक समृद्ध सुजलाम सुफलाम भारत का सपना भी जगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा था और आज भी यह आजादी की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। बंकिम बाबू ने मां भारती को ज्ञान की देवी सरस्वती समृद्धि की देवी लक्ष्मी और शक्ति की देवी दुर्गा के रूप में चित्रित किया। यही भाव आज भारत को विज्ञान तकनीक रक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अग्रणी बना रहा है। जब भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा, जब हमारी बेटियां फाइटर जेट उड़ाने लगीं या विज्ञान से लेकर खेल तक नई ऊंचाइयां छूने लगीं तो हर भारतीय के दिल से एक ही स्वर निकला भारत माता की जय, वंदे मातरम।
प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम केवल स्वतंत्रता का गीत नहीं बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने इस अवसर पर सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया जिन्होंने वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए अपना जीवन न्यौछावर किया।
समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।
यह कार्यक्रम राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 चलने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत है। इसके तहत देशभर में सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ जन भागीदारी के अनेक आयोजन किए जायेंगे।
उल्लेखनीय है कि स्मरणोत्सव के दौरान आज देशभर में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम का पूर्ण संस्करण सामूहिक रूप से गाया गया।
बंकिमचंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन वंदे मातरम गीत की रचना की थी। यह गीत बंगदर्शन पत्रिका में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था। मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बताते हुए इस गीत ने भारत की एकता और आत्मगौरव की भावना को काव्यात्मक रूप में व्यक्त किया, जो आज भी राष्ट्रीय प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है।

## झारखंड की पहली महिला डीजीपी तदाशा मिश्रा ने संभाला पद, सीएम से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा (आईपीएस 1994 बैच) ने शुक्रवार को प्रभारी डीजीपी का पदभार ग्रहण कर लिया है। वहीं, पदभार संभालने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।

### अधिकारियों ने तदाशा मिश्रा को पदभार संभालने के लिए दी बधाई

पुलिस मुख्यालय में तदाशा मिश्रा की इस नई जिम्मेदारी को लेकर वरिष्ठ अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। तदाशा मिश्रा का पुलिस मुख्यालय में बुके देकर स्वागत किया गया। अधिकारियों ने उन्हें पदभार संभालने के लिए बधाई दी और नए दौर की चुनौतियों में सफलता की कामना की। बता दें कि तदाशा मिश्रा मूल रूप से ओडिशा की रहने वाली हैं और वर्तमान में झारखंड पुलिस के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थीं। उन्हें हाल ही में रेल एडीजी के पद से स्थानांतरित कर प्रभारी डीजीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कार्यकाल अगले आदेश तक रहेगा। तदाशा मिश्रा 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त होंगी। वे झारखंड की पहली महिला पुलिस प्रमुख बनी हैं।
तदाशा मिश्रा 1994 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। झारखंड राज्य गठन के बाद वे इसी कैडर में आ गईं। अपने तीन दशक के पुलिस करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। बोकारो की एसपी, रेलवे एडीजी और गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के रूप में उन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। उनकी सख्त कार्यशैली, संवेदनशीलता और महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध दृष्टिकोण के लिए वे हमेशा चर्चित रही हैं। उन्हें एक सख्त और दक्ष प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जाना जाता है। अपने लंबे पुलिस करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। संयुक्त बिहार के समय वे रांची की सिटी एसपी रह चुकी हैं।

घाटशिला उपचुनाव में मुख्यमंत्री ने बाबूलाल सोरेन पर किया हमला, कहा-

## भाजपा का प्रत्याशी ऐसा बैल, जो झामुमो का खाकर भाजपा का खेत जोत रहा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** घाटशिला उपचुनाव में अब कुछ ही समय बचे हुए है। लिहाजा, सत्ताधारी झामुमो ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। झामुमो के प्रत्याशी सोमेश सोरेन के लिए वोट मांगने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभा की और सोमेश सोरेन के लिए प्रचार किया। उन्होंने दिवंगत स्वर्गीय रामदास सोरेन को याद किया और लोगों से अपील की कि सोमेश सोरेन को तीर धनुष छाप पर वोट देकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घाटशिला उपचुनाव के प्रचार अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा बीजेपी का प्रत्याशी ऐसा बैल है जो खाया-पीया झामुमो का, झामुमो में मोटा भी गया और अभी खेत जोत रहा है बीजेपी का।
मुख्यमंत्री ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता इस बार झामुमो को ही चुनेगी क्योंकि बीजेपी सिर्फ भ्रम फैलाने और जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।
घाटशिला सीट पर इस बार मुकाबला झामुमो के सोमेश सोरेन और भाजपा के बाबूलाल सोरेन के बीच है। हेमंत सोरेन ने दावा किया कि इस उपचुनाव में जनता भाजपा की दोहरी राजनीति को समझ चुकी है और झामुमो को पूर्ण समर्थन दे रही है।

## बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष जोर दिया जाएगा : राहुल गांधी

एजेंसी



**भागलपुर :** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार चरम पर है। तमाम दलों के नेता रैलियों और जनसभाओं के जरिए मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से महागठबंधन उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा।
भागलपुर की जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष बल दिया जाएगा। यह सरकार गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े, किसान, मजदूर और युवाओं की होगी।
राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के नालांदा विश्वविद्यालय का प्राचीन गौरव लौटाया जाएगा। इसे विकसित किया जाएगा। यहां पूर्व की तरह विदेशों से लोग शिक्षा ग्रहण करने आएंगे।
राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के बुनकरों और मखाना किसान के लिए बाजार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि उनको उनके उत्पाद का उचित कीमत मिल सके।
राहुल गांधी ने यहां एक बार फिर से वोट चोरी का मुद्दा उठाया और कहा कि भाजपा वोट चोरी का प्लान पूरे देश में लागू करना चाहती है। इन्होंने हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में यही काम किया है। अब ये यही काम बिहार में करने की कोशिश कर रहे हैं।
भाजपा पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि उनके कई नेताओं ने गुरुवार को बिहार में वोट दिया, उन्हीं नेताओं ने दिल्ली चुनाव में भी वोट दिया था। एक तरफ भाजपा नेताओं को एक से ज्यादा वोट देने दिया जा रहा है, वहीं, दूसरी तरफ उनके वोट काटे जाते हैं, जो कांग्रेस या महागठबंधन को वोट देते हैं।
राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी फर्जी वोटर लिस्ट आएगी और भाजपा के लोग फर्जी वोट डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार की जनता ऐसा नहीं होने देगी, वो पोलिंग बूथ पर खड़ी होकर वोट चोरी रोकेगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान में हिंदुस्तान की जनता की आवाज है, लेकिन भाजपा के लोग अमीरों की मदद करने के लिए, जनता का धन लूटने के लिए और संविधान को कुचलने के लिए वोट चोरी करते हैं।
भागलपुर की जनता से उन्होंने कहा, मैं बस यही कहना चाहता हूं, भाजपा और चुनाव आयोग के लोग बिहार की जनता के बारे में नहीं जानते हैं। बिहार की जनता यहां किसी कीमत पर वोट चोरी नहीं होने देगी। अंत में राहुल गांधी ने जनसभा में मौजूद लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस दौरान मंच पर भागलपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा, कहलगांव विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा, ललन यादव सहित अन्य महागठबंधन के नेता मौजूद थे।

## पीवीटीजी कल्याण के लिए शुरू की गई योजना का झारखंड में सकारात्मक असर : रंजना चोपड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** नीति आयोग की सचिव रंजना चोपड़ा ने कहा कि अब समय आ गया है कि देश के पीवीटीजी (आदिम जनजातीय समूह) क्षेत्रों में हाउसहोल्ड सैचुरेशन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। वे पीवीटीजी समुदायों के विकास पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रही थीं।
उन्होंने कहा कि जिन गांवों तक सड़क नहीं पहुंची है, वहां प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मनरेगा के माध्यम से कार्य कराया जाए ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकें। गांवों तक ऐसी कनेक्टिविटी विकसित की जानी चाहिए कि लोगों के दरवाजे से अस्पताल, स्कूल और शहर तक वाहनों की सहज पहुंच संभव हो। रंजना चोपड़ा ने बताया कि 2018 में पीवीटीजी कल्याण के लिए शुरू की गई योजना का अब सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। कई क्षेत्रों में हर घर नल योजना, सड़क निर्माण और विद्युतीकरण के कार्य सैचुरेशन मोड में पूरे किए जा चुके हैं। झारखंड समेत कई राज्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज हुई है।
उन्होंने जानकारी दी कि अब ऐसे टोलों में आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनकी आबादी कम से कम 100 लोगों की है। साथ ही, आदिम जनजाति की महिलाओं को काम के दौरान राहत देने के लिए क्रेच (बच्चों की देखभाल केंद्र) खोले जाने की योजना भी बनाई जा रही है। नीति आयोग की सचिव ने झारखंड के पीवीटीजी क्षेत्रों में हुए कार्यों और शेष कार्यों का विस्तृत डेटा तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किस क्षेत्र में कौन सी योजना लागू करने की आवश्यकता है।

### विकास कार्यों के माध्यम से स्वावलंबन की दिशा में उठाए जा रहे ठोस कदम

नीति आयोग के अतिरिक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर रोहित कुमार ने कहा कि पीवीटीजी योजना ऐसी पहल है, जिसके माध्यम से आदिम जनजाति समुदायों के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।यह सेमिनार पीवीटीजी समुदायों के सशक्तिकरण एवं विकास पर फोकस है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य उन प्रखंडों और क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना है जो अब तक विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं। ह्जिन इलाकों में पिछड़ी आदिवासी कम्युनिटी निवास करती है, वहां विकास कार्यों के माध्यम से स्वावलंबन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।
झारखंड में पीवीटीजी योजना के प्रभावी कार्यान्वयन से राज्य के दुर्गम इलाकों में विकास की नई बयार बह रही है। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में अपने स्वागत संबोधन के दौरान योजना एवं विकास सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि राज्य की भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद झारखंड ने आदिम जनजातीय समुदायों के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## सारंडा वन क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।
एसपी ने बताया कि 6 नवंबर को जराईकेला थाना क्षेत्र के कुलापू बुरू इलाके में पुलिस बल और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री और नक्सली साहित्य बरामद किया है। उन्होंने बताया कि बरामद सामग्रियों में दो एसएलआर राइफल, एक .303 राइफल, 37 जिंदा एके-47 के कारतूस, 78 एसएलआर के कारतूस, 130 .303 के कारतूस, 7.62 मिमी मैगजीन, एसएलआर और .303 की मैगजीन, 16.68 किलोग्राम जिलेटिन पैकेट, 13 तैयार जिलेटिन आईईडी, इलेक्ट्रिक और नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, पांच रेडियो सेट, दो इंटरसेप्टर, 24 सिरिंज, 20 प्लास्टिक पाइप, दो लैपटॉप (एएसयूएस और लेनोवो), 11 एफएम रेडियो और अन्य कई सामग्रियां शामिल हैं।
पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान नक्सलियों के ठिकानों से प्राप्त सामग्रियों से यह स्पष्ट है कि वे बड़े पैमाने पर विस्फोट की साजिश रच रहे थे। सुरक्षा बलों की तत्परता से यह योजना विफल कर दी गई। सारंडा क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है और नक्सलियों के समूल उन्मूलन तक अभियान जारी रहेगा।

## एक नजर

### 10 से 26 नवंबर तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोज अभियान, होगा निः शुल्क इलाज : डॉ ज्ञानी

**बरही :** शुक्रवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के अध्यक्षता में कुष्ठ रोगी खोज कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के सभी स्वास्थ कर्मी,सहिया दीदी शामिल हुए। इस दौरान प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि स्वास्थ विभाग के निर्देश पर आगामी 10 नवंबर से 26 नवंबर तक कुष्ठ रोग खोज कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम सहिया घर घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगी। कुष्ठ रोगियों के पहचान के बाद नि :शुल्क इलाज किया जायेगा। साथ ही विभाग द्वारा इलाज चलते रहने तक प्रोत्साहन के रूप में 500 रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहिया दीदी से इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कुष्ठ बीमारी के लक्षण और पहचान करने की जानकारी दी तथा बताया कि पिछले वर्ष आयोजित कार्यक्रम में जितने भी कुष्ठ मरीजों की पहचान की गयी है, उसका इलाज चल रहा है तथा प्रोत्साहन राशि भी भेजी जा रही है। कुष्ठ रोगी खोज अभियान में 256 टीम बनाई गयी है जिसमें महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल है।साथ ही सभी टीम के ऊपर एक सुपरवाइजर तथा एक मुख्य सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। प्रत्येक दिन रिपोर्ट मुख्य सुपरवाइजर संजू कुमारी के रिपोर्टिंग करेंगे है तथा सभी रिपोर्ट को मुख्य सुपरवाइजर द्वारा अस्पताल प्रभारी के पास जमा करेंगे।

### वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर संघ कार्यालय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हजारीबाग संघ कार्यालय (सरस्वती विद्या मंदिर परिसर) में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद जी, बरही विधायक मनोज कुमार यादव जी, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, अशोक यादव, महामंत्री सुनील मेहता, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, जय नारायण प्रसाद, दामोदर सिंह, कुणाल दुबे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि वन्दे मातरम भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में सम्मानित है। जिसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1870 में लिखा था। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक प्रेरणादायक गीत के रूप में उभरा और आज भी देशभक्ति की भावना को जगाता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वन्दे मातरम के महत्व और इसके पीछे की कहानी को साझा किया।

### पूर्व विधायक ने डॉक्टर पर लगाया गलत पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने का आरोप

**बरही :** बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर इंद्रजीत कुमार पर पैसे लेकर एवं पैरवी के बल पर गलत पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को विधायक उमाशंकर अकेला बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से भेंट की और पूरे मामले से अवगत कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि एक मामला चौपारण प्रखंड के हथिंद्र गांव की है, जिसमें बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर इंद्रजीत कुमार पर पैसे लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने का आरोप है। विधायक ने उपाधीक्षक से कहा कि वह इस मामले में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से इसकी शिकायत की है और जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# हरली गांव में महापंचायत का आयोजन, कोल कंपनियों के खिलाफ निकाली गई महारैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** कर्णपुरा प्रक्षेत्र को कोल कंपनियों से बचाने के लिए हरली गांव में करणपुरा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 22 पंचायत के दर्जनों गांव से लगभग 50 हजार ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ जिंदल, एनटीपीसी, अदानी, एनएमडीसी एवं अन्य कोल कंपनियों के खिलाफ लोगों ने महा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात रैली मंच स्थल पर पहुंच कर महापंचायत में तब्दील हो गया। मंच कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुरू किया। लोगों ने महापंचायत में कई प्रस्ताव पारित किए जिसे ऊपर के अधिकारियों पदाधिकारी के पास भेजी जाएगी। इस दौरान भारी संख्या में उपस्थित आंदोलनकारी, नेता ,समाजसेवी अन्य लोगों ने भाग लिया और कोल कंपनियों के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणों ने कोल कंपनियों के खिलाफ शपथ ली और किसी भी हालत में कंपनी को जमीन नहीं देने की बात कही। महापंचायत में दिल्ली ,मध्य प्रदेश, हरियाणा, रांची के अलावा अन्य कई राज्यों से जल जंगल जमीन बचाने के लिए आंदोलन कर रहे लोग भी शामिल हुए और लोगों के मनोबल को बढ़ाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सामूहिक रूप से विनय महतो उर्फ विकास महतो, मिथलेश कुमार, त्रिवेणी महतो, चूरामन गोप, गोविंद महतो ने किया। मंच का संचालन श्रीकांत निराला एवं महेंद्र महतो ने किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पूरे झारखंड में विस्थापन की समस्या है । रांची के हटिया समेत दर्जनों गांव से लाखों की संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। सभी दर-दर भटक रहे हैं। इन्हें न्याय मिलना चाहिए। मैं राजनीतिक से ऊपर आपके साथ हूं, मेरे दबाव के कारण विधानसभा में विस्थापन आयोग का गठन हुआ है। झारखंड के बड़कागांव में सबसे बड़ा विस्थापन होने का भय है। नेता आएंगे जाएंगे परंतु आप लोग एक जुट रहिए कोई माई का लाल नहीं है जो आपकी जमीन को छीन सके। सरकार ऐसी संविधान बनाएं कीन रैयत की मर्जी के खिलाफ कोई भी कोल कंपनी एक इंच जमीन नहीं ले सके। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जिस ताकत से आप लोगों ने महापंचायत बुलाया है आप लोग अगर एकजुट रहे तो कोई भी शक्ति आपकी जमीन को छीन नहीं सकती है इसी तरह से आप अपनी एक जुटता बनाए रखें। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं आप लोगों के साथ मजबूती से खड़ी हूं जहां भी मेरी आवश्यकता पड़े मैं आपकी सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहती हूं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ,गौतम सागर राणा, दिल्ली से निकिता जैन, छत्तीसगढ़ से सविता रथ, जम्मू कश्मीर से मो आदिल, रांची से अधिवक्ता सोनल, हरियाणा से राजकुमार भरत, मुजफ्फरपुर से शिमला झा, महाराष्ट्र से अखिल भारतीय किसान महासभा के राजन क्षति सागर, रांची से डॉ पी एस एंटनी, रांची से दीप्ति मिंज, हजारीबाग से शशि कुमार, झारखंड जन अधिवक्ता महासभा से सिराज दत्ता,जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, विकाश उर्फ विनय कुमार, रामपति राम, खेमलाल महतो के अलावा हजारों आम ग्रामीण रैयत उपस्थित थे।

## नमाज पढ़कर घर लौट रहे वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर, स्थिति नाजुक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** हजारीबाग के अंतर्गत शुक्रवार को दिन में लगभग 1:45 बजे केरेडारी-टंडवा रोड़ में पेटो लाई सुकवार चौंक के पीछे बसीर चौक के पास एक बाइक सवार ने पैदल चल रहे एक वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पेटो निवासी मोहम्मद सलील अंसारी और बाइक पर सवार प्लानाड़ू, बड़कागांव निवासी बादल भुइंया गम्भीर रुप से घायल हो गए, दोनो को तुरत केरेडारी सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक इलाज कर सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि मोहम्मद सलीम अंसारी नमाज पढ़ कर अपना घर लौट रहे थे इसी बीच बादल भुइयां तीन लोड बाइक में सवार तेज गति से टंडवा के तरफ को जा रहा था और वृद्ध मो सलिल को चपेट में ले लिया जिससे अनियंत्रित होकर वहीं गिर गया जिससे दो लोग घायल हो गए। बादल कुमार टंडवा से पलांडु बड़कागांव मोटरसाइकिल से तेज गति रफ्तार से जा रहा था इसी बीच मोहम्मद सलील अंसारी को पीछे से जोरदार टकर मारा मोहम्मद सलील अंसारी को नाक से काफी लहू बह रह था मोहम्मद सलील अंसारी को स्थिति काफी नाजुक बताया जा रहा है।

## चौपारण में फिर बहेगा पानी, विधायक मनोज यादव के प्रयास से जलापूर्ति योजना शुरू होगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** बीते दो महीने से ठप पड़ी चौपारण चट्टी की जलापूर्ति योजना जल्द ही शुरू हो जाएगी। मोटर चोरी हो जाने के कारण बंद पड़ी योजना को शुरू कराने में बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि जल्द ही चौपारण वासियों को नियमित पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। मालूम हो कि लगभग दो महीने पहले अज्ञात चोरों ने चौपारण स्थित पीएचडी विभाग के मोटर हाउस का दरवाजा तोड़कर मोटर चोरी कर लिया था। चौपारण के लोगों को पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने बरही विधायक को अपनी समस्या से अवगत कराया। विधायक ने मामले को संज्ञान में लिया और शुक्रवार को स्वयं पीएचडी विभाग के मोटर हाउस पहुंचे। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, समाजसेवी रिशु बर्णवाल, अशोक केशरी, मंटू सिंह, मुकेश सिंह, आनंद सिंह, बिनोद सिंह, सुधीर केशरी सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे। विधायक ने कहा कि मामले को संज्ञान लेकर डीसी हजारीबाग से मुलाकात की और उन्हें चौपारण की जल संकट से अवगत कराया। डीसी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अविलंब नया मोटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने बताया कि 3 लाख रुपये की लागत से नया मोटर लगाया जाएगा। कहा जनहित की समस्याओं के लिए हम हमेशा तत्पर थे और भविष्य में भी रहेंगे।

## एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस पकरी बरवाडीह परियोजना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस का आयोजन पूरे उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर परियोजना परिसर में दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें कर्मचारियों और सहयोगी संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव की शुरूआत प्रातःकालीन प्रभात फेरी से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात प्रशासनिक भवन के समक्ष स्वर्ण जयंती समारोह का विधिवत आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक (इन्फ्रा) पवन कुमार रावत द्वारा एसआईएसएफ दस्ते की परेड का निरीक्षण कर एनटीपीसी ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके उपरांत एनटीपीसी के रंगों में रंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया और केक काटकर समारोह को और अधिक यादगार बनाया गया। संबोधन में रावत ने परियोजना की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए सभी कर्मचारियों से समर्पण, नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने एनटीपीसी की पाँच दशकों की गौरवशाली यात्रा, राष्ट्र के ऊर्जा क्षेत्र में इसके अमूल्य योगदान तथा सतत विकास की भावना को रेखांकित किया। उन्होंने सभी विभागों के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात परियोजना के सभी कर्मचारियों ने एनटीपीसी कॉर्पोरेट सेंटर, नई दिल्ली से प्रसारित अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह के संदेश का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना। दोपहर में सभी कर्मचारियों एवं एसोसिएट्स के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

## बीआरसी में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन नवपदस्थापित बीईईओ का हुआ स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में शुक्रवार को गुरु गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह की अध्यक्षता में की गई । संचालन डॉक्टर सुनील कुमार यादव के द्वारा किया गया। यह गुरु गोष्ठी हर माह आयोजन किया जाता है । सबसे पहले गुरु गोष्ठी में वंदे मातरम के 150वाँ वर्ष पर राष्ट्रीय गीत का प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के साथ शिक्षकों के द्वारा किया गया। इसके बाद गुरु गोष्ठी में नव पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को वहां उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा उन्हें स्वागत किया गया। जिसमें सहायक अध्यापक संघ की ओर से भी बुके और शॉल देकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महोदय का स्वागत किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि पदाधिकारी और शिक्षकों के आपसी सामंजस्य से ही विद्यालय का कार्य सुचारू ढंग से चलाया जा सकता है। सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने कहा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के आगमन से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता की बढ़ोतरी होगी । हम सभी शिक्षक पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बैठाकर आगे बढ़ेगे। स्वागत समारोह के बाद मासिक गुरु गोष्ठी में बिंदु बार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा शिक्षकों को दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें यह कहा गया विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, प्रयास कार्यक्रम, विद्यालय की स्वच्छता और शिक्षण कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । साथ ही साथ ई कल्याण पोर्टल पर सभी बच्चों का नाम विद्यालय से जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराया जाए।

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 150वीं वर्षगांठ का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अनुमंडल प्रशासन की ओर से बरही चौक पर 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस कार्यक्रम में बरही एसडीओ जोहन टुड्डू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, राज सिंह चौहान एवं व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी समेत राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के एनसीसी कैडेस्ट्स एवं भामाशाह विद्यालय भैया बहने शामिल हुए। कार्यक्रम में भामाशाह विद्यालय के छात्रों ने वंदे मातरम एवं जन गण मन गाकर समा बांध दिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में संबंध रखने वाले इस गीत को आज 150 साल पूरे हो गए, जिसकी आज 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर 1875 को बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम को पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित किया गया था। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रविन्द्र नाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम पहली बार गया था। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। एकता और देशभक्ति के मूल्यों को प्रोत्साहित करना और स्वतंत्रता संग्राम में गीत के ऐतिहासिक योगदान का सम्मान करना है।

### जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का 150वां वर्षगांठ मनाया गया

**बड़कागांव :** प्रखंड में संचालित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रगीत गीत वंदे मातरम का 150वां वर्षगांठ मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में उपस्थित बालिकाओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को गया। तत्पश्चात प्रधानाध्यापक राम लखन महतो ने बताया कि यह राष्ट्रगीत देश आजादी के प्रेरणा स्रोत सम्मानित गीत के रूप में सन 1870 ई में बंकिम चंद्र चटर्जी के द्वारा लिखा गया था। मौके पर प्रधानाध्यापक राम लखन महतो वरिष्ठ शिक्षिका विमली कुमारी, अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार, शंकर राणा, शंकर महतो, मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह एवं बालिकाएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया शमशेर आलम ने नौनिहालों के बीच स्वेटर का किया वितरण



**बरही :** ठंड का असर बढ़ने के साथ ही सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को बरहीडीह के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 01 में कुल 25 बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए। वितरण कार्यक्रम में बरही पश्चिमी के मुखिया शमशेर आलम एवं पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर ने संयुक्त से सभी ने बच्चों को स्वेटर पहनाकर ठंड से सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखने का संदेश दिया। वहीं बरहीडीह आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 03 में भी मुखिया शमशेर आलम के द्वारा 35 बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों ने आंगनबाड़ी सेविकाओं की सराहना करते हुए कहा कि समय पर स्वेटर वितरण से बच्चों को ठंड से सुरक्षित रखने में काफी मदद मिलेगी। जहां बच्चों के चेहरे पर नए स्वेटर पाकर खुशी झलक रही थी। इस मौके पर सेकंडों ग्रामीण मौजूद थे।

### अनुसूचित जाति किसानों को आईसीएआर ने बांटे मुफ्त बीज



**बड़कागांव :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियां करमा द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना की एससी के अंतर्गत रबी फसल वर्ष 2025 एससी जाति के लिए बड़कागाँव प्रखंड अंतर्गत पंचायत नयाटांड़ ग्राम पिपराडीह में 200 किसानों के बीच गेहूं, सरसों, मसूर, चना और सब्जी के उन्नत किस्म के बीज मुफ्त में वितरण किया गया। पंचायत से जुड़े लगभग हर गांव से किसान एकत्रित हुए और उनको खेती के नए तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमे आईसीएआर गोरिया करमा के परिसर प्रभारी डॉ सनत महंता,डॉ विशाल नाथ तथा नोडल अधिकारी कृष्णा प्रकाश,डॉ पंकज सिंहा के नेतृत्व में तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक के द्वारा प्रदान किया गया। आईसीएआर के डॉ आशा कुमारी, आकाश ए, तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक द्वारा किसानों को जानकारी दी गई कि जो भी बीज किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है ये सभी उन्नत किस्म के बीज हैं और उपज के बाद इसको अगले वर्ष के लिए भी बीज रख सकते हैं तैयार कर सकते हैं ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा उपज प्राप्त हो सके। वही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी दिए गए। किसानों के बीच काफी काफी खुशी देखी गई। मौके पर उपस्थित बीओडी यशोदा देवी, सोनम देवी, कुन्ती देवी, पुनम देवी, ललित देवी, लीलावती देवी एवं समस्त ग्रामीण किसान थे।

### श्मशान घाट सेवा समिति ने स्व डॉ आरसी प्रसाद का पुण्यतिथि मनाया



**बडकागांव :** श्मशान घाट सेवा समिति का अध्यक्ष दिनेश सिंहा के नेतृत्व में बड़कागांव के प्रसिद्ध हड्डी डॉक्टर स्वर्गीय आरसी प्रसाद का पुण्यतिथि हर्ष हुलास के साथ प्रत्येक वर्ष का भांति इस वर्ष भी श्मशान घाट गुरु चट्टी में मनाया गया। सरोज रानी धर्मपत्नी पुत्र डॉक्टर अविनाश कुमार बहु डॉ प्रियंका कुमारी पोता ऋषिकेश आनंद, दिनेश सिंहा प्रवीण महतो, वीरेंद्र महतो के द्वारा पुष्पांजलि किया। सरोज रानी के द्वारा कमेटी को सहयोग राशि चेक द्वारा दिया गया ताकि शमशान घाटों में सुंदरीकरण के अलावा अग्नि संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने में कुछ सहयोग हो वहीं पर डॉक्टर आरसी प्रसाद के फोटो पर कमेटी के लोगों के द्वारा पुष्पांजलि किया गया। मौके पर श्मशान घाट सेवा समिति का अध्यक्ष दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, सरोज रानी (धर्मपत्नी) बेटा डॉ अविनाश कुमार, बहु डॉ प्रियंका कुमारी, पोता ऋषिकेशआनंद देवी मंडा निर्माण समिति अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद पंसस सहेश प्रवीण महतो, मन्नू राम सुधांशु शेखर, राजेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार इत्यादि लोग उपस्थित हैं।

### सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुंचाना श्रीहरि कथा सत्संग का लक्ष्य: भरत यादव



**बरही :** एकल अभियान हजारीबाग अंचल के सेवा व्रती कार्यकताओं की मासिक समीक्षा बैठक अंचल कार्यालय में हुई। इसमें एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति का विस्तार करते हुए बरही हजारीबाग रोड निवासी एवं गुप्ता इंपोरियम के संचालक कृष्णा कुमार गुप्ता को एकल अभियान के तहत संचालित श्रीहरि कथा सत्संग समिति के अंचल सचिव के पद पर मनोनीत किया गया गया है। इसके साथ ही योगाचार्य एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ छोटकी बरही निवासी इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता को एकल अभियान के तहत संचालित आरोग्य समिति के अंचल आरोग्य प्रभारी बनाया गया है। दोनों का मनोनयन हजारीबाग अंचल समिति के अंचल अध्यक्ष भरत यादव एवं अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। दोनों को अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने अंगवस्त्र के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही मौके पर मौजूद विहिप के जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार को भी अंगवस्त्र से स्वागत एवं सम्मान किया गया। नए जुड़े सदस्यों को एकल अभियान का अंचल स्तरीय संरचना, एकल अभियान का उद्देश्य, एकल विद्यालय एवं श्रीहरि कथा सत्संग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही श्री हरि कथा सत्संग, तथा आरोग्य से संबंध में चर्चा की गई। तथा दोनों को उनके दायित्व बोध कराया गया। इसके साथ ही संच समिति स्तरीय बैठक, ग्राम कमेटी का गठन तथा पंचमुखी शिक्षा योजना से संबंधित चर्चा की गई। मौके पर एकल अभियान हजारीबाग अंचल प्रभारी करण महतो, अभियान प्रमुख विनोद कुमार, नरेश कुमार, अभिषेक कुमार, अजय यादव, उमा देवी, शंकर तिवारी, प्रेम दागी, मोहित पाठक, रोहिणी कुमारी, सुनीता देवी, जयंती देवी, प्रकाश पंडित, महेंद्र कुमार, महेंद्र महतो, सुनैना देवी, सुषमा राणा, मनोज कुमार, रूपा देवी सहित सभी संच प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीबीआई ने सीसीएल के HR मैनेजर को 50 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**रांची :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा , रांची ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोल इंडिया लिमिटेड के एक अधिकारी को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी छह नवंबर को की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक गिरि के रूप में हुई है। वह रांची जिले के डकरा सीसीएल परियोजना में एचआर के पद पर पदस्थापित है। गौरतलब हैं कि चतरा जिले के रहने वाले रोशन कुमार से सीबीआई को शिकायत मिली थी कि सीसीएल के डकरा प्रोजेक्ट के एचआर मैनेजर दीपक गिरि उनसे अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने के एवज में 1.50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत के सत्यापन के बाद, सीबीआई ने जाल बिछाने का फैसला किया। तय योजना के अनुसार, आरोपी दीपक गिरि को शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 हजार लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। वर्तमान में, जांच जारी है, जिसमें आरोपी के कार्यालय और आवास पर तलाशी की भी शामिल है।

### झारखंड में मौसम रहेगा साफ, तापमान गिरने की संभावना

**रांची :** आने वाले 5-६ दिनों में झारखंड के विभिन्न जिलों में मौसम साफ रहेगा। राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में और कमी हो सकती है। इससे ठंड बढ़ेगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। विभाग की ओर से बताया गया है कि रांची सहित अन्य जिलों में तड़के सुबह और देर रात कुहासा रहेगा। लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मौसम पूरी तरह से साफ होगा। पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 32.8 डिग्री और सबसे कम तापमान सिमडेगा जिले के बानो में 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वही राजधानी रांची सहित आसपास के इलाकों में शुक्रवार को मौसम पूरी तरह से साफ रहा। सुबह में कनकनी महसूस की गई लेकिन दोपहर में तीखी धूप महसूस हुई। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री, जमशेदपुर में 31.3 डिग्री, डालटेनगंज में 32 डिग्री, बोकारो में 28.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### राज्य चुनाव आयुक्त से चैंबर की मुलाकात, पंडरा बाजार की जगह अन्य स्थल पर मतगणना की मांग

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्य चुनाव आयुक्त अलका तिवारी से पंडरा कृषि बाजार की जगह किसी अन्य वैकल्पिक स्थल के चयन की मांग के लिए शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान चैंबर ने उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने बताया कि चुनाव के दौरान कृषि मंडी की दुकानें और गोदाम अधिग्रहित कर लिए जाने की वजह से वहां का व्यापार लगभग चार महीने तक ठप हो जाता है। यही स्थिति राज्य के कई जिलों में भी होती है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर झारखंड उच्च न्यायालय के निदेशों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अगले नगर निगम चुनाव के समय फिर से दुकानों के अधिग्रहण की आशंका से व्यपारियों की चिंता बढ़ी हुई है। बैठक में राज्य में लंबे समय से लंबित नगर निगम चुनावों की प्रक्रिया को तेज करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा चैंबर ने व्यापारिक लेन-देन में नकद राशि लेकर चलने की सीमा की समीक्षा करने और वैध लेन-देन प्रमाण होने पर छूट देने की भी मांग की।

# झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरे राज्य में 12 से चलाया जाएगा रक्त दान शिविर कैंपेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव नेहा अरोड़ा ने कहा कि इस वर्ष झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य सरकार ने इस स्थापना दिवस को भव्य, आकर्षक और यादगार बनाने का निर्णय लिया है। इसी के मद्देनजर रक्त दान जैसे पवित्र कार्य भी आयोजित होंगे। इस दौरान पूरे राज्य में 12 नवंबर से 28 नवंबर तक रक्त दान शिविर कैंपेन चलाया जाएगा जिसके तहत सभी जिलों में विभिन्न स्थानों पर एक विशेष कैम्प लगा कर लोगों को स्वैच्छिक रक्त दान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें सिविल सर्जन, ब्लड बैंक, सिविल सोसाइटी , वॉलेंटियर्स और जिला स्तर पर डीपीआरओ की भूमिका लोगों को रक्त दान के प्रति जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण होगी । अरोड़ा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पदाधिकारियों को दिशा निदेश दे रहीं थी। अरोड़ा ने कहा कि लोग स्वेच्छा से रक्त दान शिविर कैम्प में आयें और रक्त दान करें इसकी एक स्ट्रेटिजी बनायें । इसमें प्रचार प्रसार जरूरी है। रक्त दान करने के लाभ बतायें। डीपीआरओ अपने स्तर पर इसका प्रचार करायें। लोगों में रक्त दान को लेकर कई भ्रांतियां भी हैं। प्रचार प्रसार के माध्यम से इसे दूर करें। सिविल सोसाइटी से जुड़े। चैम्बर ऑफ कॉमर्स ,लायंस क्लब की तरह अन्य कई सोसाइटी से संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा रक्त दान में उनसे मदद लें।

**ब्लड डोनेशन कैम्प का एक कैलेंडर तैयार करें**

नेहा अरोड़ा ने सभी सिविल सर्जन को निदेश दिया कि ब्लड डोनेशन कैम्प का एक कैलेंडर तैयार करें । उपायुक्त से मिलकर रक्त दान शिविर कैंपेन प्रोग्राम की जानकारी साझा करें । 12 नवंबर से शुरू हो रहे रक्त दान शिविर कैम्प में सांसद, विधायक, जिला परिषद के अध्यक्ष, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक का सहयोग लें और इन्हें रक्त दान करने के लिए आमंत्रित करें। इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा और अधिक से अधिक लोग रक्त दान करने आगे आयेंगे।

**रक्त दान शिविर की सटीक जानकारी उपलब्ध करायें**

रक्त दान से जुड़ी सभी जानकारी , जैसे जिले में कहां कहां कैम्प आयोजित हो रहे हैं। रक्त दान शिविर का समय क्या रहेगा और भी विभिन्न प्रकार के इनफार्मेशन लोगों तक सही,सटीक एवं सुलभ तरीके से उपलब्ध करायें। मीडिया के लोगों को भी इस कैम्प से जोड़े। प्रचार प्रसार में उनकी मदद लें। डोनर्स की मैपिंग सुनिश्चित करें कि कहां से अधिक से अधिक डोनर्स मिल सकते हैं।

## जेवीएम श्यामली स्कूल में छात्र परिषद गठित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शुक्रवार को कक्षा 11 वीं से छात्र प्रतिनिधि परिषद का गठन किया गया। गठित छात्र प्रतिनिधि परिषद में शिवांश शौर्य पाठक को बालक वर्ग में और लारिसा पटनायक (11सी) को बालिका वर्ग में स्कूल उप-कप्तान चुना गया है। इसी प्रकार हर्ष कुमार और सोनल साक्षी ने क्रमशः बालक और बालिका वर्ग के स्कूल उप-कप्तान का पद संभाला है। विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन करने के लिए शिवायन महापात्रा (11बी) और जानवी मुंजाल (11बी) को स्कूल संयुक्त समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं खेलकूद समन्वय के लिए गर्व गंभीर (11ए) और जोआना तिर्की (11ए) को स्कूल संयुक्त समन्वयक (स्पोर्ट्स) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त छात्रों ने कहा कि उन्हें मिली कार्य दायित्व का ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वाह करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य समरजीत जाना ने सभी नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी न केवल स्कूल के प्रतिनिधि हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श भी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। और अपने सहपाठियों के लिए एक प्रेरणा बनेंगे।

## खेल न केवल शारीरिक और मानसिक क्षमताओं में सुधार करते हैं, बल्कि तनाव भी कम करते हैं : आईजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार से तीन दिवसीय दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि रांची जोन के पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक के साथ रांची के वरिय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन तथा सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधीक्षकों ने बैलून उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए आईजी मनोज कौशिक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को बढ़ाते हैं, बल्कि तनाव को भी कम करते हैं।। उन्होंने कहा कि तनाव पुलिस अधिकारियों के लिए एक चुनौती है, लेकिन इससे निपटने के लिए फिट रहना जरूरी है। यह केवल खेलों के जरिए ही हासिल किया जा सकता है। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि पुलिसवालों के लिए खेलकूद दिनचर्या का अभिन्न अंग है। इसके माध्यम से लोग शारीरिक तौर सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के बेहतर प्रदर्शन के लिए यह आवश्यक है कि लोग पूरी तरह फिट रहें। इसलिए, पुलिस बल के लिए खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है। दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस की इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, कराटे और दौड़ सहित एक दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीम भाग ले रही हैं।

## कृषि मंत्री ने दी जंगली जानवरों से हुए फसल नुकसान की मुआवजा राशि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों को आदिवासी रीति-रिवाज, पूजा-पाठ में जंगल के महत्व को समझना होगा। कई बार यह देखा जाता है कि पेड़ की टहनियों को घर लाने पर भी ग्रामीणों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। यह कार्य जनता के साथ अन्याय है। वन संरक्षण कानून के तहत ग्रामीणों को मिलने वाले हक को कोई छीन नहीं सकता। मंत्री शुक्रवार को रांची वन रोपण प्रक्षेत्र, बेड़ो अंतर्गत जंगली जानवरों से हुए फसल और मकान क्षति का मुआवजा वितरण सह पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सच्चाई है कि झारखंड में कटते जंगल के कारण मनुष्य और जानवरों के बीच तनाव बढ़ रहा है। रिहायशी इलाकों में जंगली जानवरों का प्रकोप इसी का नतीजा है। जंगली हाथी, लकडबग्घा और भालू के हमले इसके उदाहरण हैं। हाथियों की ओर से आए दिन किसानों के फसलों, मकान को नुकसान पहुचाने की बातें सामने आती है। मौके पर उन्होंने बेड़ो, इटकी एवं लापुंग प्रखंड के भुक्तभोगी परिवारों के बीच मुआवजा राशि से संबंधित डिमांड ड्राफ्ट का वितरण किया। कृषि मंत्री ने कहा कि मुआवजा राशि भुक्तभोगी परिवार को हुए नुकसान और उनके दर्द को कम करने में मददगार साबित होगा। लेकिन इस बात को भी समझना होगा कि जंगल है तो जमीन है और जमीन है तो जीवन है। जीवन के साथ परम्परा और संस्कृति जुड़ी हुई है। कभी जहां जंगली जानवर रहा करते थे, आज वहां मनुष्यों की आबादी का दखल है। ऐसे में रिहायशी इलाकों में जंगली जानवरों के प्रवेश को बेहतर तरीके से समझना होगा।

## झारखंड की पहली महिला प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की पहली महिला प्रभारी पुलिस महानिदेशक के तौर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी तदाशा मिश्रा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की विशेष सचिव थीं। पुलिस मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि फिलहाल उनकी पहली प्राथमिकता झारखंड का स्थापना दिवस है। इसके अलावा बेसिंग पुलिसिंग पर उनका विशेष जोर रहेगा। संगठित अपराध और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस एक टीम की तरह काम करेगी, किसी व्यक्ति विशेष पर सब कुछ निर्भर नहीं करेगा। एक अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है, लेकिन एक टीम सब कुछ कर सकती है। आम जनता का विश्वास जीतना उनकी विशेष प्राथमिकता में है। तदाशा मिश्रा 1994 बैच की तेज तरार आईपीएस अधिकारी है। तत्कालीन पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के वीआरएस लेने के बाद झारखंड में डीजीपी का पद रिक्त हो गया था। गुरुवार की रात गृह विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर तदाशा मिश्रा को प्रभारी डीजीपी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता का इस्तीफा राज्य सरकार ने मंजूर कर लिया है। उनकी जगह अब 1994 बैच की झारखंड कैडर की आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा को नया प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया गया है। यह झारखंड में पहली बार है जब किसी महिला आईपीएस को पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# झारखंड में बजरंग दल का संस्कार सप्ताह 9 नवंबर से, नशे के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में बजरंग दल नशा मुक्ति के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत स्कूल और कॉलेज के छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। बजरंग दल झारखंड प्रांत के संयोजक रंगनाथ महतो ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नौ नवंबर से 16 नवंबर तक संस्कार सप्ताह के तहत रन फॉर हेल्थ के कार्यक्रम झारखंड के सभी प्रखंडों में आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के अंतर्गत झारखंड के समस्त युवाओं को नशा मुक्ति अभियान से जोड़कर उन्हें नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर जारी नशे के अवैध कारोबार को बंद कराने के लिए युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में हमारे साथ संपूर्ण देशभर में, केंद्र सरकार का युवा विभाग के साथ-साथ देश के 123 सामाजिक, आध्यात्मिक संगठन के लोग जुड़कर कार्य करेंगे। अभियान में व्यापक रणनीति और योजना के तहत कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा नशे की लत में पड़कर स्वयं का जीवन तो नष्ट कर ही रहा है, परिवार, समाज तथा देश के विकास में भी बाधक बनता जा रहा है। आज देश भर में 6.5 करोड़ लोग नशे के शिकार हो गए हैं। यह घोर चिंतनीय विषय है। ड्रग्स के सौदागर हाईटेक तरीके से तस्करी कर रहे हैं। वे ड्रोन, क्रिप्टो करेंसी तथा ऑनलाइन तरीके से अपने इस काले व्यापार को बढ़ा रहे हैं। रंगनाथ महतो ने कहा कि झारखंड में भी नशा का व्यापार पांव पसार चुका है। झारखंड भी अब उड़ता पंजाब बन गया है। यह प्रदेश ब्राउन शुगर, स्मैक, कोकीन, अफीम, गांजा, चरस, हेरोइन और अवैध जहरीली शराब का अड्डा बनता जा रहा है। इन सभी से लड़ने के लिए बड़ी संख्या में देशभक्त हिंदू युवाओं की आवश्यकता है। इसे रोकने के लिए हर जिला केंद्र पर सूचना केंद्र, युवाओं के बीच जागरूकता अभियान, सभी सामाजिक, आध्यात्मिक मंचों पर नशा मुक्ति के उद्बोधन ओर नशा मुक्ति का संकल्प दिलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत के 10 शहरों का जब सर्वेक्षण किया गया, तो पता चला कि स्कूलों में 13 वर्ष की आयु से ही ड्रग्स का उपयोग प्रारंभ हो जाता है। इसमें स्कूलों में जाने वाले (10 से 15 वर्ष की आयु) वाले बच्चों की भी बड़ी संख्या है। 10 में से एक बच्चा नशा का उपयोग करते हुए पाया गया। बड़ी कक्षाओं में प्रमाण दोगुना हो जाता है, महाविद्यालयों में यह प्रमाण कुल विद्यार्थियों में से 10 प्रतिशत और उससे भी अधिक है। महतो ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी इस संकट से बर्बाद हो रही है। नशे के कारण व्यक्ति के रिश्ते, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक स्थिति, पढ़ाई, स्वास्थ्य और भविष्य का भी का नुकसान हो रहा है। इसलिए जनजागरण कर हमारे युवाओं को व्यायाम, योग, आध्यात्म, संपर्क, प्रबोधन से इस खतरे से बचाना होगा। विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थानो में संपर्क कर जनजागरण करना होगा। परिवारों में भी सभी से संवाद हो तथा जागरूकता से निगरानी भी रखनी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पैथागोरस स्टार प्रतियोगिता में डीएवी हेहल ने खिताब पर जमाया कब्जा



**रांची:** यूनिवर्सिटी आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कोलकाता और जयपुर की ओर से फिरायलाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में रांची के 22 विद्यालयों ने भाग लिया। इसमें डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को पैथागोरस स्टार प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार के साथ ओवरॉल खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय की शिक्षिका सरस्वती राय और अरिंदम चटर्जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इन बच्चों की सफलता पर प्राचार्य विपिन राय ने सभी को बधाई दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया और उनके लिए उत्तम भविष्य की कामना की। वहीं प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने जोरदार करतल ध्वनि से सभी विजेता प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

### राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर झारखंड के सभी स्कूलों में हुआ सामूहिक गान



**रांची :** भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की रचना को 150 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राजधानी रांची सहित राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में एक साथ सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत गाया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से बताया गया कि यह एक अद्भुत क्षण था। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय अस्मिता, सांस्कृतिक गौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत के रचयिता महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया तथा उनके जीवन और योगदान के बारे में जाना। सामूहिक गान में सभी स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक और हजारों छात्र-छात्रा शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को पहली बार गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1896 में कोलकाता अधिवेशन में सार्वजनिक रूप से गाया था।

### राज्य स्थापना दिवस पर झारखंड चैंबर करेगा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**रांची :** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा समाज और जनकल्याण से जुड़ी कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में साइक्लोथॉन, ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप, वृक्षारोपण अभियान और शहर में होर्डिंग्स का प्रदर्शन शामिल हैं। इन सभी का उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाना है। चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि 15 नवंबर को झारखंड अपनी रजत जयंती वर्षगांठ मना रहा है, जो सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। महासचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के तहत चैंबर कई सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारिक वर्ग इस उत्सव को सेवा और जनकल्याण के रूप में मना रहा है। लाइफ सेवर्स संस्था के अतुल गेरा ने बताया कि 9 नवंबर को चैंबर भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सदर अस्पताल की टीम मौजूद रहेगी। वहीं, स्पोर्ट्स उप समिति के चेयरमैन गौतम शाही ने बताया कि 16 नवंबर को साइक्लोथॉन का आयोजन होगा, जो 10, 25 और 50 किलोमीटर की दूरी के लिए रखा गया है। विजेताओं को मेडल प्रदान किए जाएंगे।

### डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने राज्य स्थापना दिवस की तैयारी का लिया जायजा



**रांची :** राज्य स्थापना दिवस (15-16 नवंबर) के आयोजन की तैयारी को लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज मोरहाबादी मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे सभी कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मंच निर्माण, लाइट की व्यवस्था, पेयजल, सफाई, पार्किंग, सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और बैठने की व्यवस्था जैसी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस झारखंड की गौरवमयी परंपरा और एकता का प्रतीक है, इसलिए कार्यक्रम भव्य, व्यवस्थित और सुरक्षित होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों और एजेंसियों से कहा कि सभी कार्य तय समय में पूरे किए जाएं ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, पीडी आईटीडीए संजय भगत, पुलिस अधीक्षक नगर पारस राणा, जिला नजारत उपसमाहर्ता सुदेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

## अवैध बालू खनन पर प्रशासन की सख्ती, दो ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के विभिन्न इलाकों में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रशासनिक टीम ने दो स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से बालू खनन व परिवहन में लिप्त दो ट्रैक्टरों को पकड़ा।पहली कार्रवाई कसमार थाना क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी चौक के समीप की गई, जहां बिना अनुमति बालू खनिज का उत्खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन किया जा रहा था। मौके पर मौजूद टीम ने ट्रैक्टर को जब्त कर कसमार थाना को सुपुर्द किया तथा संबंधित मामला दर्ज कराया।वहीं दूसरी कार्रवाई तेनुघाट ओपी क्षेत्र के नया पुल संख्या-01 के पास की गई। इस दौरान एक अन्य ट्रैक्टर को भी अवैध बालू खनन करते हुए पकड़ा गया, जिसे विधिवत जब्त कर तेनुघाट ओपी के हवाले किया गया।जांच दल में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो के साथ पुलिस बल भी शामिल था। प्रशासन ने बताया कि जिले में अवैध खनन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## स्टील वर्कर्स यूनियन की बैठक में अस्पताल के निजीकरण का विरोध चेताया बड़ा आंदोलन



**बोकारो :** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के सेक्टर-4 स्थित कार्यालय में शुक्रवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष बी. एन. उपाध्याय ने की, जबकि संचालन संयुक्त महामंत्री दीपक कुमार मिश्रा ने किया। बैठक का मार्गदर्शन महामंत्री वीरेंद्र नाथ चौबे ने किया।बैठक में बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) से जुड़े यूनियन पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य और संयंत्र से आए कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। इस दौरान बोकारो जनरल अस्पताल को निजी हाथों में सौंपे जाने की संभावनाओं पर गंभीर चर्चा हुई। यूनियन सदस्यों ने आशंका जताई कि प्रबंधन, विद्यालयों की तरह अस्पताल की सेवाओं को भी धीरे-धीरे निजी हाथों में देने की योजना बना रहा है।मान्यता प्राप्त यूनियन ने इस कदम पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने समय रहते अपनी नीयत स्पष्ट नहीं की, तो एक बड़े आंदोलन का सामना करने के लिए तैयार रहे।

## ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बोकारो :** पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनुचौक के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग-23 पर बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब मिजार्पुर गांव निवासी 30 वर्षीय दिलेश्वर ठाकुर उर्फ डब्लू तेनुचौक स्थित अपना सैलून बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रामगढ़ से बोकारो की ओर जा रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पेटरवार पीसीआर वैन मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया।

# 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 45 झारखंड बटालियन एनसीसी द्वारा भव्य रैली का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के कुशल नेतृत्व में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर एक भव्य वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 10 एनसीसी अधिकारी तथा 420 से अधिक एनसीसी कैडेट उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत सुभाष चंद्र बोस चौक झुमरी तिलैया से देशभक्ति रैली का शुभारंभ हुआ, जो महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर संपन्न हुई। मार्गभर ह्लवंदे मातरमह्व, ह्लभारत माता की जयह्व के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। रैली के समापन स्थल पर कोडरमा जिले के पुलिस अधीक्षक अनुदीप कुमार सिंह ने उपस्थित कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशप्रेम की भावना को और सशक्त करते हैं।




इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष कुमार ने वंदे मातरम के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा –वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि वह डोर है जो सभी भारतवासियों को एक सूत्र में बाँधती है। यह दो शब्द करोड़ों देशभक्तों की भावना, ऊर्जा और शक्ति का प्रतीक हैं। जब भारत गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, तब वंदे मातरम की गूंज ने ही स्वतंत्रता का संकल्प जगाया था। उन्होंने आगे कहा कि चाहे हम वर्दी में हों या सामान्य जीवन में, हमारा हर कर्म और विचार भारत माता के सम्मान में होना चाहिए। ह्लवंदे मातरमह्व का अर्थ है – माँ, तुझे प्रणाम कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा सामूहिक रूप से ह्लवंदे मातरमह्व गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ अनूप कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार, झुमरी तिलैया के प्रसिद्ध गायक नवीन जैन पांडेया तथा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वही 45 झारखंड बटालियन एनसीसी के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों में स्कूलों से आए लगभग 10 एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट विजेंद्र कुशवाहा लेफ्टिनेंट चंदन कुमार थर्ड ऑफिसर नवीन चौधरी एनसीसी ऑफिसर अरुण कुमार पाल लेफ्टिनेंट चंदन कुमार थर्ड ऑफिसर अमलेश कुमार सूबेदार चंपा मुरमुर सूबेदार रविंद्र हेबराम सूबेदार जतरू तिर्की नायब सूबेदार घसीटाराम सेना मेडल पीआई विकास कुमार सिंह अजीत कुमार सिंह रितेश कुमार जगन्ना टोप्पो शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## बीएसएल में "वेलफेयर वॉक - केयर एंड कनेक्ट" पहल के तहत कार्यस्थल पर कर्मियों से संवाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस्पात संयंत्र में कर्मियों के कल्याण, संवाद और जुड़ाव को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई पहल "वेलफेयर वॉक - केयर एंड कनेक्ट" का शुभारंभ आज दिनांक 07 नवम्बर को सीआरएम–III विभाग से किया गया। यह अभिनव पहल अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है जिसका उद्देश्य कर्मियों से उनके कार्यस्थल पर प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को समझना, मौजूदा कार्य एवं कल्याण सुविधाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना तथा सुधार की संभावनाओं की पहचान कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अंजनी कुमार शरण, मुख्य महाप्रबंधक शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक आर.के. झा, महाप्रबंधक प्रभारी वी. एम. बक्शी, महाप्रबंधकबी. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक एन.के. झा, तथा वरीय प्रबंधक सुश्री रीतिका शुक्ला सहित सीआरएम–III एवं एचआर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैंसर दिवस और शिशु संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** राष्ट्रीय कैंसर दिवस और शिशु संरक्षण दिवस के अवसर पर आज दिनाँक 07 नवंबर को बीएसएल सीएसआर के तहत पीरामल स्वास्थ्य एमएमयू टीम ने तेलीडीह और बांधगोड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। राष्ट्रीय कैंसर दिवस जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को कैंसर के कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, रोकथाम और शीघ्र निदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। टीम ने तंबाकू और शराब से बचने और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने पर भी जोर दिया। शिशु संरक्षण दिवस जागरूकता अभियान में बाल स्वास्थ्य और पोषण पर जागरूकता बढ़ाने के लिए शिशु संरक्षण दिवस मनाया गया। पीरामल स्वास्थ्य एमएमयू टीम ने शिशुओं में विशेष रूप से स्तनपान, टीकाकरण, स्वच्छता और प्रारंभिक बीमारी की पहचान पर चर्चा की। राष्ट्रीय कैंसर दिवस और शिशु संरक्षण दिवस जागरूकता कार्यक्रम में 50 से अधिक लाभार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीरामल स्वास्थ्य एमएमयू टीम के डॉक्टर, समन्वयक, फार्मासिस्ट, नर्स, लैब तकनीशियन और पायलट के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित की गई।



## 'वन्दे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय गौरव का उत्सव




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी जन-उत्सव के रूप में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में झुमरी तिलैया में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि "वन्दे मातरम" का यह गौरवशाली पर्व हमारे आत्मगौरव, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का अद्वितीय क्षण है। उन्होंने बताया कि वन्दे मातरम् गीत की रचना 1876 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी ने की थी। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा के रूप में देशवासियों के भीतर त्याग, एकता और राष्ट्रधर्म की ज्वाला प्रज्वलित करता रहा। स्वदेशी आंदोलन से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन तक हर निर्णायक मोड़ पर इस उद्घोष ने असंख्य क्रांतिकारियों को प्रेरणा दी। अनूप जोशी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश "विकसित भारत" के महाअभियान की ओर सुदृढ़ गति से अग्रसर है। "वन्दे मातरम"का यह अनंत राष्ट्र-प्रेम हमें 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और सामूहिक संकल्प के साथ नये भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस 150वीं वर्षगांठ को राष्ट्रव्यापी जन-उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा संगठन द्वारा 8 नवंबर से 15 नवंबर तक सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 26 नवंबर तक यह कार्यक्रम मंडल स्तर पर भी चलेंगे। इस दौरान स्कूलों एवं कॉलेजों में वन्दे मातरम् गीत का सामूहिक गान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही, वन्दे मातरम् गायन करते हुए रील या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि समाज में इस गीत का व्यापक प्रचलन हो और इसकी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता जन-जन तक पहुंचे। अनूप जोशी ने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि वन्दे मातरम् की यह अक्षय ऊर्जा हमारे कर्म, चरित्र और राष्ट्रसेवा की दिशा को निरंतर प्रकाशित करती रहे और हम ह्यविकसित भारतह्न के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल ने रोटरी टूर्नामेंट में जीता मुकाबला, आदर्श यादव बने मैन ऑफ द मैच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** शुक्रवार को सीएच स्कूल मैदान में आयोजित रोटरी कोडरमा इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में रोमांचक मुकाबला ग्रिजली पब्लिक स्कूल और चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के बीच खेला गया। दर्शकों की भारी भीड़ और छात्रों के उत्साह के बीच यह मैच खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बना। टॉस जीतकर ग्रिजली पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बल्लेबाजी करते हुए 73 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आदर्श यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 29 रन बनाए और टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी आदर्श यादव का बेहतरीन प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके साथ दक्ष आनंद ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट चटकाए, जबकि विनायक प्रताप सिंह ने 2 विकेट और यश जैन ने 1 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। विपक्षी टीम चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल निर्धारित 9.3 ओवर में 52 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार ग्रिजली पब्लिक स्कूल ने 21 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद खिलाड़ियों के जोश और अनुशासन की सभी ने सराहना की। उत्कृष्ट सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए कक्षा सात के आदर्श यादव को "मैन ऑफ द मैच" के खिताब से सम्मानित किया गया।



# बोकारो की पहली महिला एसपी और पहली महिला जोनल आईजी रही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** 1994 बैच की जांबाज आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा को राज्य का नया प्रभारी पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी) नियुक्त किया है। उड़ीसा में जन्मी तदाशा के नाम बोकारो की पहली महिला एसपी और पहली महिला जोनल आईजी होने का रिकॉर्ड दर्ज है। वर्ष 2002 में तत्कालीन बाबूलाल मरांडी की सरकार ने उन्हें एसपी सीआईडी के पद से बोकारो स्थानांतरित किया था। बतौर बोकारो एसपी तदाशा ने जिले के नक्सल प्रभावित ऊपरघाट, झुमरा पहाड़, रहावन, लुगू पहाड़, नावाडीह और कसमार जैसे क्षेत्र नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाने का काम किया। उन्होंने नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले झुमरा एवं लुगू पहाड़ पर न सिर्फ. कई दफा पूरे सप्ताह कैंप किया, बल्कि लगातार पुलिसिया कार्रवाई और ऑपरेशन जारी रखा। उनकी अगुवाई में पहली बार झुमरा पहाड़ से हथियार सहित भारी मात्रा में सामानों की बरामदगी की गई थी। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के इलाके में भी उनके लगातार अभियानों से हथियार बरामद हुए और कई नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई। बोकारो एसपी के तौर पर उनके प्रयासों से 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जो शांति की दिशा में एक बहुत बड़ी और उल्लेखनीय उपलब्धि थी। उनके कार्यकाल में रंगदारी, हत्या और अपहरण जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई। अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियानों से पूरा क्षेत्र लंबे समय तक शांत रहा। उनके नेतृत्व में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक कुख्यात अपराधियों का एनकाउंटर किया।



बोकारो एसपी रहते हुए तदाशा मिश्रा की सख्ती का सबसे चर्चित उदाहरण आनंद सिंह एनकाउंटर रहा। 15 जनवरी 2003 को धनबाद के बरटांड स्थित मधुलिका स्वीट्स में हुई मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी आनंद सिंह मारा गया था।

बोकारो में उनका दूसरा कार्यकाल पदोन्नति के बाद जोनल आईजी के रूप में हुआ। वह 7 नवंबर 2014 से 23 फरवरी 2016 तक इस पद पर रहीं, जिससे उन्होंने बोकारो जिला पुलिस की दूसरी महिला एसपी के बाद पहली महिला जोनल आईजी बनने का कीर्तिमान स्थापित किया। तदाशा मिश्रा को उनकी सख्त और निर्णायक कार्यशैली के कारण उन्हें ह्यलेडी सिंघमह्न के रूप में जाना जाता है। तदाशा मिश्रा का शीर्ष पद पर पहुँचना राज्य की महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

संक्षिप्त खबरें

## मणिपाल हॉस्पिटल, रांची के डॉ. शेखर स्वरूप ने बोकारो में दी गैस्ट्रो विशेषज्ञ सेवाएं



**बोकारो :** मणिपाल हॉस्पिटल रांची के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. शेखर स्वरूप ने शुक्रवार को बोकारो में आयोजित आउटडोर ओपीडी में मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श सेवाएं दीं। इस दौरान पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों जैसे एसिडिटी, अल्सर, आईबीएस, लिवर और पित्ताशय की बीमारियों से पीड़ित कई मरीजों ने इलाज प्राप्त किया।डॉ. स्वरूप ने बताया कि मणिपाल हॉस्पिटल में मरीजों को सटीक निदान और व्यक्तिगत उपचार योजना प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी और लिवर बायोप्सी जैसी आधुनिक तकनीकों से जटिल रोगों का भी सफल उपचार किया जा रहा है।मणिपाल हॉस्पिटल रांची, झारखंड में गैस्ट्रो सेवाओं के लिए एक विश्वसनीय केंद्र के रूप में जाना जाता है, जहां अनुभवी विशेषज्ञों और आधुनिक उपकरणों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।बोकारो स्थित मणिपाल हॉस्पिटल के ओओपीडी कार्यक्रम के अनुसार, गैस्ट्रो परामर्श सेवाएं डॉ. शेखर स्वरूप द्वारा हर पहले और तीसरे शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दी जाएंगी। वहीं, कार्डियोलॉजी परामर्श दूसरे शुक्रवार को डॉ. धनंजय कुमार दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक देंगे। न्यूरोलॉजी विभाग के लिए डॉ. विक्रम कुमार प्रत्येक चौथे गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे।

## बोकारो हवाई अड्डा नहीं शुरू होना जनता के साथ धोखा : नागरिक अधिकार मंच



**बोकारो :** नागरिक अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि बोकारो हवाई अड्डा से यात्री विमानों की उड़ान शुरू करने को लेकर वर्षों से बार-बार तारीखें घोषित कर भी इसे प्रारंभ न करना बोकारो और आसपास की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरे क्षेत्र के विकास के साथ भी खिलवाड़ है। ओझा ने बताया कि हवाई अड्डे के निर्माण पर अब तक लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी उड़ान संचालन प्रारंभ नहीं हो सका है।ज्ञात हो कि नागरिक अधिकार मंच द्वारा इस लापरवाही और जानबूझकर की जा रही देरी के विरोध में जनांदोलन चलाया गया था। इसके तहत बोकारो जिला के वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय उड्डयन मंत्री और प्रधानमंत्री तक को ज्ञापन भेजा गया था। आंदोलन के दबाव में जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ महीने पहले घोषणा की थी कि 5 नवंबर से उड़ान शुरू होगी, लेकिन यह सिर्फ घोषणा बनकर रह गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार, केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय, विमानपत्तन विभाग, सेल या जिला प्रशासन झ जो भी संस्था इस हवाई अड्डे के प्रारंभ में बाधा डाल रही है या अकर्मण्यता बरत रही है, वह तत्काल सुधार करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो नागरिक अधिकार मंच पुनः जनांदोलन शुरू करेगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि 9 नवंबर, रविवार को अपराह्न 3 बजे बोकारो हवाई अड्डा गेट पर प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके माध्यम से सभी जवाबदेह संस्थाओं को चेतावनी दी जाएगी कि वे बोकारो की जनता को धोखा देना बंद करें और हवाई अड्डा चालू करने की दिशा में गंभीर प्रयास करें, अन्यथा उन्हें जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम्ह्न के गायन से हुई। इसके 150 वर्ष पूर्ण होने पर उत्साह व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्व पर भी चर्चा की गई।बैठक में शशि भूषण ओझा ह्यमुकुलह्न के साथ रघुवर प्रसाद, मृणाल कांत चौबे, अखिलेश ओझा, गंगेश पाठक, विजय त्रिपाठी, गौरी शंकर सिंह, उमेश मिश्र, वीरेंद्र मिश्र, लक्ष्मण शर्मा, सरोज तिवारी, ललित कुमार, उमेश शर्मा, ज्ञानचंद जयसवाल, सतीश सिंह सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे।

## धनबाद सांसद पर बोकारो कांग्रेस अध्यक्ष का निशाना, आरोप-जनता का ध्यान भटकाने के लिए कर रहे ओछी राजनीति



**बोकारो :** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जवाहर लाल महथा ने प्रेस को संबोधित करते हुए धनबाद सांसद ढुल्लू महतो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा सांसद की 40 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति की जांच के आदेश दिए जाने के बाद से सांसद का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। अपने ऊपर लगे आरोपों से बचने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए वे कांग्रेस नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। महथा ने कहा कि सांसद ने अब तक जनसमस्याओं को लेकर एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है। वे केवल निजी स्वार्थ और परिवारवाद की राजनीति में लिप्त रहे हैं, जिसका उदाहरण बाघमारा विधायक शत्रुघन महतो हैं। उन्होंने कहा कि मजदूर-किसान का बेटा बताने वाले सांसद यह स्पष्ट करें कि उनके पास इतनी अकूत संपत्ति कहाँ से आई। सांसद बनने के बाद से पूरे बोकारो क्षेत्र में लूट-खसोट और भ्रष्टाचार चरम पर है। उनके नाम पर लोहा, कोयला और बालू की अवैध वसूली तक की जा रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सांसद पर विस्थापित आंदोलन को कुचलने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि विस्थापित आंदोलन में शहीद प्रेम महतो के परिवार को आज तक नियोजन नहीं मिला और न ही उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। महथा ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस को अपने प्रत्याशी का चयन सांसद से पूछकर करना चाहिए क्या पूरी धनबाद लोकसभा में योग्य व्यक्ति केवल वही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सांसद झारखंड के उद्योग जगत में अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं।प्रेस वार्ता में प्रदेश सचिव मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, पीयूष पाठक, जिला महासचिव मोहम्मद नाजिर, प्रेम राय, असीम शर्मा, नगर अध्यक्ष गौरव राय, सुधीर जायसवाल, दीपक कुमार, राजेश कुमार, बदरे आलम समेत

एक नजर

## दामोदरपुर में मेरा युवा भारत की खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न

**बोड़ाम** : बालिका वर्ग के कबड्डी में पवनपुर को हराकर कुकड़ू प्रथम: बोड़ाम प्रखंड दामोदरपुर फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को मेरा युवा भारत जमशेदपुर की ओर से रियल ब्लास्टर क्लब दामोदरपुर के सहयोग से पटमदा प्रखंड का प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पटमदा प्रखंड के सैकड़ों प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया.फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल में पवनपुर ए को एक गोल से हराकर पवनपुर बी चैम्पियन बना, बालिका वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता में पवनपुर को हराकर कुकडू चैम्पियन बना। बालिक वर्ग के 200 मीटर दौड़ में पार्वती सिंह प्रथम, बैशाकी सिंह द्वितीया और नियती मुर्मू तृतिया, बालक वर्ग के 400 मीटर दौड़ में जितेन हेंब्रम प्रथम, बीरबल बास्के द्वितीया और प्रशांत सोरेन तृतिया, बालक वर्ग के लंबी कूद में नीतीश मुर्मू प्रथम, सागुन माण्डी द्वितीया और सूखेन महतो तृतिया, बालिका वर्ग के लंबी कूद में पार्वती सिंह प्रथम,बैशाकी सिंह द्वितीया प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीया और तृतिया स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट दे कर पुरस्कृत किया गया।

## सीसीएल में दो दिवसीय सतर्कता महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

**जमशेदपुर** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत बीते 2.5 महीनों से सतर्कता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज से सीसीएल मुख्यालय में दो दिवसीय भव्य सतर्कता महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया गया, जिसमें सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी पवन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया। समारोह के दौरान सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया।

## उपभोक्ता फोरम कोर्ट ने टाटा इंश्योरेंस कंपनी को दिया 64 लाख रुपए देने का आदेश

**गुमला** : जिला उपभोक्ता फोरम गुमला के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, सदस्य सरला गंझू और सैयद अली हसन फातमी ने बीमा कंपनी टाटा एआईजी जेनरल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक को 45 दिनों के अंदर ट्रक मालिक जीतू साहू को ट्रक के आईडीवी राशि का 75 प्रतिशत राशि 64 लाख नौ हजार 975 रुपए देने का आदेश पारित किया है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा निवासी जीतू साहू ने मालवाहक ट्रक (जेएच08सी2638) खरीदा था। इसका बीमा टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से, 30 मार्च 2023 से 29 मार्च 2024 अवधि तक के लिए कराया, लेकिन इसी बीच नेतरहाट घाटी में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और ट्रक में सवार सात लोगों में दो लोगों की मौत हो गई थी। मामले को लेकर गुरदरी थाने चार अक्टूबर 2023 को मामला दर्ज किया गया था।

# जनजातीय समाज अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत भ्रष्टाचार ने शासन को खोखला बना दिया : अर्जुन मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला** : पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने आज गुड़ाबांदा, घाटशिला में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में मौजूदा सरकार के शासनकाल में जनजातीय समाज को अपने ही अधिकारों और जमीन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, ग्राम सभाओं की भूमिका को लगातार कमजोर किया जा रहा है, और भ्रष्टाचार ने शासन व्यवस्था को पूरी तरह खोखला बना दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनभावनाओं से कट चुकी है और



आदिवासी समाज का विश्वास खो चुकी है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता इस निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को जवाब दे। उन्होंने घाटशिला की जनता से अपील की कि आगामी 11 नवम्बर 2025 को होने वाले विधानसभा उपचुनाव में क्रमांक संख्या-1 पर कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जनजातीय समाज के अधिकार, अस्मिता और सम्मान की सच्ची लड़ाई लड़ रही है।

## घाटशिला उपचुनाव : जेएमएम हार के डर से हताश-निराश : आदित्य साहू

**घाटशिला** : भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जेएउमएम की स्थिति पूरी तरह से हताश और निराश हो चुकी है। मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन की सभाओं में भीड़ नगण्य रह रही है। साहू ने आरोप लगाया कि सभा स्थल भरने के लिए उड़ीसा और बंगाल से लोगों को मंगाया जा रहा है। घाटशिला की जनता की भागीदारी नाम मात्र की है, इसलिए पोटका, जुगसलाई और बहरागोड़ा जैसे आसपास की विधानसभा क्षेत्रों से भीड़ जुटाई जा रही है फिर भी कुर्सियाँ खाली रह जा रही हैं। आदित्य साहू ने कहा कि जेएमएम नेताओं को हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए अब सत्ता का दुरुपयोग करते हुए मुख्यमंत्री, मंत्री, सत्ताधारी दल के विधायक-सांसद और थैलेशाहों को एक-एक-एक बूथों का टेंडर दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता समझदार और जागरूक है, और वह अपने विवेक व बुद्धि से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाएगी। साथ में रामकुमार पाहन, नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे।

## 20वां चैंपियंस ट्रॉफी में अंश क्लब कांके और भगत इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीफाइनल में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : 20वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूनार्मेंट में अंश क्लब कांके वा भगत इलेक्ट्रॉनिक्स परहेपाट सेमीफाइनल में पहुंच गया। शुक्रवार को अनगड़ा स्टेडियम में खेले गए पहले बेहद



रोमांचक मुकाबले में अंश क्लब कांके ने दीपक ब्रदर्स रांची को 1-0 गोल से हराया। 45 वें मिनट में मिले पेनाल्टी पर कांके के रोहित तिग्गा ने गोल कर अपनी टीम को एक गोल की निर्णायक बढ़त दिला दी। शानदार खेल के लिए रोहित तिग्गा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार मुख्य अतिथि महावीर मंडल कांके के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार महतो व सम्मानित अतिथि समाजसेवी करमा लोहार ने प्रदान किया। दूसरे मैच में भगत इलेक्ट्रॉनिक्स पारेपाट ने बेहद रोमांचक मुकाबले में हाथुखेदा सत्यारी टोली को पेनाल्टी शूटआउट में 2-0 गोल से हराया। भगत इलेक्ट्रॉनिक्स के सुनील कच्छप को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार इस मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व मारुति मंगल परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो ने प्रदान किया। 8 नवंबर को पहला सेमीफाइनल मैच चित्तरकोटा एफसी वह ब्लैक पैंथर माथटोली के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष रामसाय मुंडा, समाजसेवी रामकुमार दीपक, रामपोदो महतो, मंटू कुमार सहित अन्य अनुपस्थित थे।

## कुकड़ू-ईचाडीह 4.3 किलोमीटर सड़क जर्जर ग्रामीणों ने उठाई जीर्णोद्धार की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत ईचाडीह पंचायत को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली कुकड़ू भाया ईचाडीह चौका सड़क लंबे समय से बदहाली की मार झेल रही है। जगह-जगह गड्ढों से भरी इस सड़क पर आवागमन ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की चुनौती बन गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जिससे पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की लगातार मांग और विभागीय उदासीनता के बीच भंवर में आस पास के ग्रामीण काफी परेशान हैं। ईचाडीह पंचायत मुखिया चित्तरंजन सिंह मुंडा ने बताया कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2002 में बनी थी,



लेकिन इसके बाद कभी मरम्मत नहीं हुई। पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि पिछले वर्ष भी ग्रामीणों ने श्रमदान कर अस्थायी मरम्मत की थी। इस बार भी सामूहिक सहयोग से सड़क की मरम्मत किया गया था। ग्रामीणों ने की स्थायी समाधान की मांग मुखिया चित्तरंजन सिंह मुंडा ने कहा कि यदि सरकार की ओर से जल्द स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या उठाई जाएगी। 4.3 किलोमीटर सड़क जीर्णोद्धार के लिए टेंडर जारी हो चुका है, लेकिन तकनीकी कारणों से प्रक्रिया अब तक अंतिम चरण तक नहीं पहुँच पाई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सरकार जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर उषा मार्टिन में कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को हिंदी के साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञान दिया जाना चाहिए। भाषा के साथ व्याकरण की पढ़ाई हो ताकि प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रामीण बच्चों को असहज नहीं होना पड़े। सामान्यतः भाषा पर पकड़ नहीं होने के कारण ग्रामीण बच्चों में पढ़ाई की प्रति अभिरूचि कम होने लगती हैं। उक्त बातें लेखक और शिक्षाविद डॉ रविदत्त वाजपेयी ने कहीं। वह आज उषा मार्टिन फॉउंडउेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। फॉउंडेशन की ओर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण में शिक्षकों की भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डॉ रविदत्त ने कहा कि विद्यालय में जो अच्छे छात्र हो उनको प्रोत्साहित करने के बदले कमजोर को आगे आने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसमें शिक्षकों की अहम भूमिका है। आखिर एक शिक्षक के कारण ही अंबेडकर, शास्त्री और राजेंद्र प्रसाद जैसे लोग अपनी प्रतिभा को निखार पाए। भाषा पर जोर के साथ, शब्दकोष का उपयोग, पाराग्राफ लेक्चर तथा विज्ञान के विषयों की शब्दावली को अंग्रेजी में प्रयोग करने से ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र भी बेहतर हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद, बेसिक गणित और बेहतर नागरिक निर्माण का ज्ञान भी दिया जाना चाहिए। शिक्षक को भी कुछ समय पढ़ाई पर देनी चाहिए। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि ग्रामीण बच्चों में प्रायोगिक शिक्षा बढ़ानी होगी। उनमे रचनात्मकता का विकास हो, इसके लिए संगीत, नृत्य, पेंटिंग के अलावा भाषण व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन समय-समय पर हो। आधुनिक शिक्षा में तकनीक का उपयोग भी जरूरी है ताकि वे प्रतियोगिता में कमतर नहीं रहे। इस कार्यशाला में लगभग 30 से 35 शिक्षकों ने भाग लिया। इसमें गुरुकुल स्कूल, मासू स्कूल, महिलॉग स्कूल, आरा स्कूल, स्वर्णरेखा स्कूल, एकल विद्यालय, चिलदाग स्कूल, हेसल स्कूल, तथा टाटीसिलवे हाई एवं मिडिल स्कूल के शिक्षक शामिल हुए।

## हजारीबाग आरपीएफ ने ट्रेन से 14 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ युवक को पकड़ा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया** : गुरुवार को चौबे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ की सतर्कता से बिहार के एक युवक को 14 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ हिरासत में लिया गया। शराब का बाजार मूल्य 7,280 रुपये आंका गया है। बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।आरपीएफ निरीक्षक विश्वनाथ सिंह ने बताया कि हजारीबाग रोड स्टेशन के अधीन चौबे स्टेशन पर बिहार शराबबंदी उल्लंघनों को रोकने के लिए विशेष निगरानी बढ़ाई गई थी। शुक्रवार दोपहर करीब 11 बजे हटिया-पूर्णिया सुपर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 18626) गुजरने के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को ट्रेन में चढ़ते देखा गया। हाथ में झोला लटकाए युवक पर शक होने पर तत्काल जांच की गई। थैले की तलाशी में 14 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पकड़े गए 29 वर्षीय युवक की पहचान वैशाली जिले के थाना राघोपुर निवासी धर्मेंद्र राय के रूप में हुई। पूछताछ में उसने कबूल किया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद झारखंड से सस्ते में शराब खरीदकर बिहार में ऊंची कीमत पर बेचने का धंधा चला रहा था। हिरासत में लिए गए आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, गिरिडीह को सौंप दिया गया।यह घटना बिहार-झारखंड सीमा पर शराब तस्करी की बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती है, खासकर चुनावी माहौल में जहां अवैध शराब की मांग चरम पर होती है। आरपीएफ ने अन्य स्टेशनों पर भी सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर मनाएगी राष्ट्रीय उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर** : भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इसे राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाएगी। शुक्रवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। सुधांशु ओझा ने बताया कि इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की ऐतिहासिक भूमिका, राष्ट्रवादी चेतना में इसके योगदान और युवा पीढ़ी में राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में जमशेदपुर महानगर के जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला



उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक बबुआ सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा समेत उज्वल सिंह एवं किशोर ओझा मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर साकची स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिमा स्थल पर 150 से अधिक नागरिकों एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सम्पूर्ण गायन किया जाएगा। सुधांशु ओझा ने कहा कि वंदे मातरम वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचा गया था, जिसका प्रथम वाचन 1896 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कोलकाता में किया था। वर्ष 1950 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया। उन्होंने बताया कि यह गीत देश की आजादी के संघर्ष में राष्ट्रवाद, एकता और ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक बना। इसकी प्रबल राष्ट्रीय भावना से घबराकर अंग्रेजी हुकूमत ने ह्यवंदे मातरम के उच्चारण पर ही प्रतिबंध लगा दिया था। यही गीत स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख नारा बना और बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, भगत सिंह तथा सुभाषचंद्र बोस जैसे कई क्रांतिकारियों का प्रेरणास्त्रोत रहा। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 1923 के काकीनाडा में हुए कांग्रेस अधिवेशन में पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर को वंदे मातरम गाने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन लेकिन उस वर्ष कांग्रेस अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अली ने धार्मिक आधार पर आपत्ति जताई और कहा कि इस्लाम में संगीत वर्जित है। तब से लेकर आज तक कांग्रेस, उनके नेताओं और उसके सहयोगी दलों ने कई बार विभिन्न मंचों पर वंदे मातरम के प्रति असहिष्णुता दिखाई। 1937 में मुस्लिम लीग के नेताओं को खुश करने के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय गीत को आधिकारिक रूप से बदलने का निर्णय लिया। वहीं 2019 में मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सचिवालय में वंदे मातरम गाने पर प्रतिबंध लगाया था।

संक्षिप्त खबरें

## टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा रंभा शैक्षणिक संस्थान में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर** : टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से आज रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह में डिजिटल साक्षरता का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं को ऑनलाइन आधार कार्ड बनाना, राशन कार्ड बनाना, साइबर क्राइम से बचाव के तरीके, महिला सुरक्षा वेबसाइट, मोबाइल हैकिंग से बचाव, आयुष्मान कार्ड,आभा कार्ड, अपार कार्ड, फोन सिक्युरिटी, सावित्रीबाई फुले योजना, स्वयं पोर्टल, महिलाओं के हित के लिए चल रही सरकारी योजना इत्यादि के विषय में बताया गया। छात्रायें मोबाइल का सुरक्षित प्रयोग किस तरह से कर सकती हैं इस विषय पर भी जानकारी दी गई । प्रशिक्षक प्रीति कुमारी ने विस्तार से डिजिटल माध्यम से सब कुछ बताया।उनके साथ सेंटर एसोसिएट डी मंजू की भी उपस्थिति रही। उनके सहयोगी वीरेंद्र यादव जी भी साथ थे। यह कार्यक्रम रंभा शैक्षणिक संस्थान के वुमन सेल के अंतर्गत किया गया था। समन्वयका रही लेक्चरर रश्मि लुगुन । कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में स्वागत गीत और वंदे मातरम गीत का गायन भी छात्राओं ने प्रस्तुत किया । सभी अतिथियों का स्वागत पौधा और उत्तरीय देकर किया गया। संस्थान के अध्यक्ष श्री राम बचन जी ने कहा कि ऑनलाइन के माध्यम से जीवन में जो कुछ भी सरलता आ रही है उसको भी जानना है पर इसके सुरक्षित उपयोग की भी जानकारी रखनी है। सचिव गौरव बचन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस तरह के डिजिटल साक्षरता वाले कार्यक्रम महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ कल्याणी कबीर के साथ साथ नर्सिंग, स्नातक और बीएड की सभी छात्राओं और व्याख्याताओं की उपस्थिति रही।

## सरिया कॉलेज में यूजीसी के तहत NEP पर पहला ओरियंटेशन कार्यक्रम शुरू,

**सरिया** : सरिया कॉलेज, सरिया में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित ओरियंटेशन एंड सेंसटाइजेशन कार्यक्रम की शुरूआत होने जा रही है। यह दस दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली और सरिया कॉलेज, सरिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।भारत सरकार की स्वायत्त संस्था यूजीसी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन हेतु पूरे देश में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों द्वारा इसे आसानी से अमल में लाया जा सके। यह कार्यक्रम पूर्णतः ऑनलाइन मोड में संचालित होगा, जिसमें सरिया कॉलेज सहित देश के दर्जनों कॉलेजों से लगभग 150 शिक्षक और शोधार्थी भाग लेंगे।सरिया कॉलेज में यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का यह पहला आयोजन होने पर कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल व्याप्त है। कार्यक्रम प्राप्त करने में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के माननीय कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा का सराहनीय योगदान रहा है।10 नवंबर 2025 से आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम के दसवें दिन ऑनलाइन परीक्षा का संचालन किया जाएगा। परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को यूजीसी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय शिक्षकों को ठएढ से जोड़ेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक गुणवत्ता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

ई0-निविदा आमंत्रण सूचना
ई0-निविदा संख्या :-
WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-21/2025-26
पत्रांक:- 478 मेदिनीनगर, दिनांक:- 07/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ललकी माटी नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड-पांकी, जिला-पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 48,28,600=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 17.11.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 01.12.2025 (3:00 PMrd ) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 06562-240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651-2214784 |

नोट:- सिर्फ ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :- https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.365487 Minor Irrigation(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
अति अल्पकालीन ई- निविदा प्रसंग सं0-
WRD/IMD/RANCHI/14/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लतरातु जलाशय योजना के दाँया Outlet Gate का Emergent कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 4,88,363.00 (चार लाख अठासी हजार तीन सौ तिरसठ रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 9,800 (नौ हजार आठ सौ रूपये) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | रू0 750.00 (सात सौ पचास) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई- निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 10-11-2025 (11:00 बजे पूर्वाह्न ) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 17-11-2025 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8. | ई- निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 19-11-2025 (11:30 बजे पूर्वाह्न ) |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651-2912296 |
| 11. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2490232 |

नोट :- 1. केवल ई- निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई- भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची ।

PR.NO.365455 Water Resource(25-26):D

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव में कैसे 'राइट' पर भारी पड़ा लेफ्ट

नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में इस साल के छात्रसंघ चुनाव नतीजों ने फिर इतिहास दोहरा दिया। राइट विंग के उम्मीदवारों को हाशिये पर ढकेल कर यहां के छात्रों ने लेफ्ट की विचारधारा को तवज्जो दी। वामपंथी छात्र संगठनों के साझा गठबंधन लेफ्ट यूनिटी ने चारों केंद्रीय पदों पर जीत दर्ज कर एक बार फिर साबित किया कि जेएनयू की राजनीति में अभी भी लाल विचारधारा की जड़ें गहरी हैं। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को एक भी केंद्रीय पद पर जीत नहीं मिल सकी, जो उसके लिए पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। यह केवल एक चुनावी नतीजा नहीं, बल्कि छात्र राजनीति के बदलते रुख, विचारधारात्मक संघर्ष और नए युग की शुरूआत का संकेत है। पिछले पांच वर्षों में जेएनयू की राजनीति में जिस तरह के उतार-चढ़ाव देखे गए, उसने इस बार के नतीजों को और दिलचस्प बना दिया। 2020 के बाद से विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव लगातार राजनीतिक खींचतान का केंद्र रहे हैं। कभी एबीवीपी ने कैंपस में अपनी उपस्थिति मजबूत की, तो कभी वाम छात्र संगठन आपसी मतभेदों से जूझते दिखे। मगर इस बार हालात उलट गए। वामदलों ने पहली बार बेहद संगठित रणनीति अपनाई कर एकता बनाए रखते हुए उन्होंने हर संकाय और हर हॉस्टल स्तर तक गहराई से काम किया। यही कारण रहा कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव, चारों पदों पर लेफ्ट यूनिटी के उम्मीदवारों ने एबीवीपी को बड़े अंतर से हराया। अध्यक्ष पद पर वाम उम्मीदवार अदिति मिश्रा की जीत सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही। अदिति जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से शोध कर रही हैं और उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान फीस वृद्धि, शोध छात्रवृत्ति, हॉस्टल में सुविधाओं की कमी और छात्र सुरक्षा जैसे मुद्दों को मुख्य केंद्र में रखा। उन्होंने कहा था कि 'जेएनयू का संघर्ष सिर्फ विचारों का नहीं, बल्कि शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाने का है।' उनका यह सीधा और भावनात्मक संदेश छात्रों के दिल में उतर गया। दूसरी ओर, एबीवीपी की उम्मीदवार तन्या कुमारी राष्ट्रवाद और संगठनात्मक अनुशासन की बात करती रहीं, पर उनकी बातों में वह सादगी और जमीनी जुड़ाव नहीं दिखा जो अदिति के अभियान में झलक रहा था। इस बार के चुनाव में एक दिलचस्प बात यह रही कि मुद्दों का फोकस नारेबाजी से हटकर व्यावहारिक समस्याओं पर रहा। पिछले वर्षों में जहाँ बहसें 'देशविरोधी' और 'राष्ट्रभक्ति' जैसे मुद्दों तक सीमित रह जाती थीं, इस बार छात्र अपने वास्तविक कैंपस जीवन की दिक्कतों पर ज्यादा मुखर रहे। हॉस्टल फीस, रिसर्च फंड, लैब की स्थिति, और छात्र संगठनों की पारदर्शिता पर गहन चर्चा हुई। वाम संगठनों ने इस बदलाव को भांपते हुए अपने अभियान को 'स्टूडेंट्स फॉर स्टूडेंट्स' की थीम पर केंद्रित किया, जबकि एबीवीपी पारंपरिक नारों और रैलियों तक सिमटी रह गई। मतदान प्रतिशत में कमी भी इस चुनाव का एक दिलचस्प पहलू रहा। इस बार लगभग 67 प्रतिशत छात्रों ने मतदान किया, जो पिछले वर्षों की तुलना में कुछ कम था। विश्लेषकों के अनुसार, यह कमी बताती है कि छात्र राजनीति में अब विचारधारा से ज्यादा 'काम करने वाले' नेतृत्व की तलाश बढ़ रही है। वाम संगठनों ने इस भावना को समझा और युवाओं से सीधे संवाद किया कर क्लास टू क्लास कैंपेन, कैफे चर्चाएं, और सोशल मीडिया पर सक्रिय अभियान ने माहौल बनाया। जेएनयू के चुनाव परिणामों का असर सिर्फ इस विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहता। ऐतिहासिक रूप से यह विश्वविद्यालय देश के अन्य विश्वविद्यालयों की छात्र राजनीति की दिशा तय करता रहा है। जब जेएनयू में लेफ्ट का झंडा बुलंद होता है, तो इलाहाबाद, हैदराबाद, कोलकाता और भोपाल जैसे शहरों में भी उसकी गूंज सुनाई देती है। इसी साल हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में भी एबीवीपी को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी थी।

## सूडोकु नवताल- 7607

✱✱✱✱✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7606 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# वन्दे मातरम : राष्ट्र भूमि की चेतना का स्वर

आचार्य संजय तिवारी

वंदे, अर्थात वंदना और मातरम शब्द का अर्थ है माँ, अर्थात वह, जिसने जन्म दिया। कौन और किसको? भारतीय चिंतन, दर्शन, लोक और ज्ञान परंपरा के अनुसार उत्तर है, मुझे, हमें, सभी को, सभी मनुष्यों को, पशुओं को, पक्षियों को, वनस्पतियों को, नदियों को, पर्वतों को, जंगलों को, समस्त प्राणियों को, समस्त जगत को। उसी ने जन्मा है। उसी ने निर्मित किया है। वहीं कर रही है। उसी के आंगन में, उसी के आंचल में सभी जी रहे हैं। सभी पुष्पित, पल्लवित और विलयित भी हो रहे हैं। मातरम को वंदे। मातृ तत्व को प्रणाम। वहीं मातृ सत्ता जिसे भारत ने सदा से भू देवी कहा है और उसकी स्तुति की है। उसी को वंदे मातरम करने का गान रचा है श्रुतियों ने भी और बंकिम चंद्र चटर्जी ने भी। आदिकाल से, सृष्टि के आरम्भ से ही यह स्तुति हमने सदैव की है। वंदे मातरम के उद्घोष में ही वह शक्ति है जो भारत को ही नहीं बल्कि समस्त जगती को ब्रह्मांड की असीम ऊर्जा जोड़ कर उसे देदीप्यमान करती है। यह अद्भुत है। यह उस शब्द ब्रह्म का ऐसा गान है जिसके स्वर सीधे कॉसमॉस में तरंगित होकर आत्मिक ऊर्जा से गायक को भर देते हैं।

वंदे मातरम। यह शब्द संस्कृत मूल का है और इसका उपयोग मातृभूमि के लिए भी किया जाता है। वंदे मातरम् का अर्थ है मैं तुम्हें नमन करता हूँ, माँ, जिसमें वंदे का अर्थ वंदना या प्रशंसा में गान करना है और मातरम का अर्थ माँ या मातृभूमि या समस्त पृथ्वी या समस्त सृष्टि है। यह राष्ट्रीय गीत भारत की संस्कृति और गौरव का प्रतीक है। माँ के रूप में, मातरम का सीधा और शाब्दिक अर्थ 'माँ' है। मातृभूमि के रूप में, यह शब्द भारत माता, हमारी मातृभूमि के लिए प्रयुक्त होता है। इस गीत में वंदे मातरम् का अर्थ है कि हम अपनी मातृभूमि की पूजा करते हैं, उसे नमन करते हैं और उसकी वंदना करते हैं। यह शब्द मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान को व्यक्त करता है। इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी, जो वेदों में वर्णित ऋग्वेद के वंद शब्द से प्रेरित है। 'वंद' शब्द का अर्थ 'प्रशंसा करना', 'आदर करना' या 'पूजा करना' है, जो वेदों के अनुसार है। इसलिए, 'वंदे मातरम' शब्द का उपयोग वेदों में भूमि को 'माँ' के रूप में दशार्ने की अवधारणा से जुड़ा हुआ है। ऋग्वेद के अतिरिक्त अन्य वेदों में पृथ्वी को भी मातृ के रूप में संबोधित किया गया है। उदाहरण के लिए, अथर्ववेद में कहा गया है, "माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः", जिसका अर्थ है "हे पृथ्वी माता, मैं पृथ्वी का पुत्र हूँ"।

### श्रुति सार और मातृ स्तुति

मातृ देवो भव के श्रुति संदेश का सार है वंदे मातरम। इस सार तत्व में ही समस्त भारतीय संस्कृति समाहित है। मातृ के अर्थ अनेक हैं। मातृ मिट्टी भी है। मातृ जननी अर्थात जन्म देने वाली माता भी है। समस्त पृथ्वी, समस्त प्रकृति, समस्त नदियां मातृ स्वरूप हैं। इसीलिए भारतीय संस्कृति में ये सभी पूज्य हैं। मातृ शक्ति की अवधारणा केवल भारत के वांग्मय ही स्थापित करते हैं। इसी अवधारणा के कारण वंदेमातरम गीत को राष्ट्र गीत के रूप में अंगीकार किया गया है। बंकिम चंद्र चटर्जी के उपन्यास आनंद मठ में इस गीत के कुल पांच अंतरे हैं। इनमें से आरंभ के दो अंतरे ही गायन में प्रचलन में हैं। इस उपन्यास में यह गीत भवानन्द नाम के संन्यासी द्वारा गाया गया है। बाद में इसकी धुन यदुनाथ भट्टाचार्य ने बनायी थी।

यह कविता की दृष्टि से जितनी उत्कृष्ट रचना है उससे भी महत्वपूर्ण इसका भाव है। यह मनुष्य के जीवन संस्कृति का वह समस्त आधार तत्व प्रस्तुत करने में सक्षम है जिसे गोस्वामी तुलसी दास जी ने मयार्दा पुरुषोत्तम की स्थापना में बालकाण्ड में ही परिभाषित कर दिया है। मानव जीवन के सभी सनातन तत्व इस गीत में विद्यमान हैं जिनकी अलग अलग स्तुतियाँ मनुष्य अलग अलग समय पर करता है। वह चाहे धरती हो, आकाश हो, वनस्पतियां हों, प्रकृति हो, दैवीय शक्तियां हों, लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा हों या ऐसे वे सभी प्रतीक जिनसे मनुष्य शक्ति सम्पन्न होकर जीवन यात्रा करना चाहता है या करता है।

वंदेमातरम ठीक वैसा ही सम्पूर्ण है जैसा हमें सत्यमेव जयते अथवा तमसो मा ज्योतिर्गमय के उच्चारण से आभास होता है। इस गीत में मनुष्य और परमसत्ता अर्थात ईश्वर के बीच का ऐसा संवाद रचा गया है जो ठीक वैसा ही समर्पण दशार्ता है जैसे कि माता के आंचल में संरक्षित शिशु।

1. वन्दे मातरम की पहली पंक्ति सुजलां सुफलाम् मलयजशीतलाम् शस्यश्यामलाम् ही हमें प्रकृति से जोड़ने का काम करती है। जीवन के लिए जरुरी संसाधन जैसे शीतल जल, हरे भरे खेत, अच्छे फलों, सुगन्धित हवाओं की वंदना किया जाना न केवल आज के समय की आवश्यकता है बल्कि यह हमेशा से ही जीवनदाता रहा है।

2. कोटि-कोटि-भुजैर्धृत-खरकरवाले , अबला केन मा एत बले। बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं रिपुदलवारिणीं मातरम,
यह मातृ शक्ति की सर्वोपरिता को द्योतित करती है। पश्चिम के पुरुष सत्तात्मक समाज ने स्त्री को दोयम दर्जे का नागरिक बना कर रख दिया जिसके लिए आज नारी सशक्तिकरण : सरकार की मिशन शक्ति का सहारा लेना पड़ रहा है।

3.वन्दे मातरम की वैज्ञानिकता , संगीत, भाषा और महत्त्व को देखते हुए बीबीसी द्वारा 2003 में किए गए 155 देशों के सर्वेक्षण में शीर्ष 10 में स्थान दिया गया।

4. 65 सेकंड में गया जाता है वन्दे मातरम गीत।

5.भारतीय मनीषियों की कल्पना जो देश के विकास के लिए जरुरी है जैसे- विद्या, धर्म, भक्ति, कर्म, प्राण को इस गीत में समाहित करके यह बताया गया है कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए सभी पक्षों का विकास जरुरी है।

6.वन्दे मातरम- ज्ञान, विज्ञान, देश, मानव के सभी विषयों को शब्द रूप में समाहित करता है । ज्ञान होना चाहिए अपने आस-पास की प्रकृति का, जीवन की रक्षा के लिए अस्त्र-शस्त्रों का, मुक्ति के लिए धर्म का और इसके साथ ही साथ अपने शत्रुओं की अच्छाइयों और बुराइयों का। उन्नत विज्ञान होना चाहिए कमल के फूल पर विचरण करने जितना माइक्रो साइंस, गीत संगीत और विद्या का विकास देश के विकास के लिए बहुत जरुरी है।

7.कमलां अमलां अतुलां सुजलां सुफलां मातरम। आधुनिक सन्दर्भ में जब हम इसे देखते हैं कि हमारा ज्ञान कैसा होना चाहिए कमलां अर्थात धन को उत्पन्न करने वाला हो, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ाने वाला होना चाहिए, अमलां अर्थात हमारा ज्ञान पवित्र होना चाहिए, दुनिया में जहाँ प्लेगरिज्म चल रहा है वहां हम शुरू से ही ज्ञान की पवित्रता की बात करते रहे हैं। अतुलां हो जिसकी कोई तुलना न हो, सुजलां अर्थात जीवन देने वाली और सुफलां अर्थात अच्छे फल देने वाली हो। हमारे मनीषियों ने ऐसे ज्ञान की कल्पना की है।

### वन्दे मातरम

बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा संस्कृत बाँग्ला मिश्रित भाषा में रचित इस गीत का प्रकाशन सन 1882 में उनके उपन्यास आनन्द मठ में अन्तर्निहित गीत के रूप में हुआ था। इस उपन्यास में यह गीत भवानन्द नाम के संन्यासी द्वारा गाया गया है। इसकी धुन यदुनाथ भट्टाचार्य ने बनायी थी। इस गीत को गाने में 65 सेकेंड (1 मिनट और 5 सेकेंड) का समय लगता है।

सन 2003 में, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस द्वारा आयोजित एक अन्तरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में, जिसमें उस समय तक के सबसे मशहूर दस गीतों का चयन करने के लिये दुनिया भर से लगभग 70 हजार गीतों को चुना गया था और बी०बी०सी० के अनुसार 155 देशों/द्वीप के लोगों ने इसमें मतदान किया था उसमें वन्दे मातरम शीर्ष के 10 गीतों में दूसरे स्थान पर था।

वन्देमातरम और बंदे मातरम

यदि बाँग्ला भाषा को ध्यान में रखा जाय तो इसका शीर्षक "बन्दे मातरम" होना चाहिये "वन्दे मातरम" नहीं। चूँकि हिन्दी व संस्कृत भाषा में 'वन्दे' शब्द ही सही है, लेकिन यह गीत मूलरूप में बाँग्ला लिपि में लिखा गया था और चूँकि बाँग्ला लिपि में व अक्षर है ही नहीं अतः बन्दे मातरम शीर्षक से ही बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने इसे लिखा था। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए शीर्षक 'बन्दे मातरम्' होना चाहिये था। परन्तु संस्कृत में 'बन्दे मातरम' का कोई शब्दार्थ नहीं है तथा "वन्दे मातरम" उच्चारण करने से "माता की वन्दना करता हूँ" ऐसा अर्थ निकलता है, अतः देवनागरी लिपि में इसे वन्दे मातरम ही लिखना व पढ़ना समीचीन होगा।

वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है जिसकी रचना बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा की गई थी। इन्होंने 7 नवम्बर, 1876 ई. में बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में इस गीत की रचना की थी। वंदे मातरम गीत के प्रथम दो पद संस्कृत में तथा शेष पद बांग्ला भाषा में थे। राष्ट्रकवि रवींद्रनाथ टैगोर ने इस गीत को स्वरबद्ध किया और पहली बार 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में यह गीत गाया गया। अरबिंदो घोष ने इस गीत का अंग्रेजी में और आरिफ मोहम्मद खान ने इसका उर्दू में अनुवाद किया। 'वंदे मातरम्' का स्थान राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के बराबर है। यह गीत स्?वतंत्रता की लड़ाई में लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत था।

गीत के पहले दो छंदों में मातृभूमि की सुंदरता का गीतात्मक वर्णन किया गया है, लेकिन 1880 के दशक के मध्य में गीत को नया आयाम मिलना शुरू हो गया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि बंकिमचंद्र ने 1881 में अपने उपन्यास 'आनंदमठ' में इस गीत को शामिल कर लिया।

# रेल सुरक्षा: सुधार की पटरियों पर कब चढ़ेगा सिस्टम?

योगेश कुमार गोयल

भारत की रेल पटरियां देश की धमनियां कही जाती हैं, जो प्रतिदिन करोड़ों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती हैं, जो अर्थव्यवस्था का इंजन चलाती हैं, जो इस विशाल देश की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं लेकिन जब इन्हीं पटरियों पर बार-बार मौत की चीखें गूंजती हैं तो सवाल केवल हादसों का नहीं रहता बल्कि उस पूरे तंत्र की आत्मा पर उठता है। बिलासपुर के लाल खदान में हुआ हालिया रेल हादसा इसी गहरी लापरवाही का ताजा उदाहरण है, जहां एक मेमू ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा घायल हो गए। इंजन मालगाड़ी के गार्ड केबिन पर चढ़ गया और वह मंजर किसी युद्धस्थल से कम नहीं था। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की यह दुर्घटना देश के लिए महज एक और संख्या नहीं है बल्कि इस बात की प्रतीक है कि भारत के रेल तंत्र में तकनीक, सतर्कता और जवाबदेही का घोर अभाव है। बिलासपुर कलेक्टर के अनुसार, ट्रेन कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी और गतौरा-बिलासपुर के बीच मालगाड़ी से टकरा गई। इस टक्कर ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया कि देश में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था आज भी 'कागज पर कवच' से ज्यादा कुछ नहीं है। हादसे की भयावहता के साथ जब हम इसी साल के कुछ अन्य रेल हादसों पर नजर डालते हैं तो सिहरन-सी उठती है।

महाराष्ट्र के ठाणे में जून 2025 में चार यात्रियों की मौत केवल इसलिए हुई थी क्योंकि भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेनों में पायदान पर लटकते यात्रियों के बैग आपस में टकरा गए थे। बिहार के कटिहार में जून 2025 में अवध असम एक्सप्रेस रेलवे ट्रॉली से टकरा गई, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौत और चार कर्मचारी गंभीर घायल हुए। मार्च में ओडिशा के कटक जिले में बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। अप्रैल 2025 में झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई। जुलाई 2025 में उसी जिले के बरहड़वा में बिना लोको पायलट की 14 बोगियां तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी मालगाड़ी से जा टकराईं।

बिलासपुर का हादसा इस साल का सबसे बड़ी रेल दुर्घटना बन चुका है। यह स्पष्ट संकेत है कि हादसे अब अपवाद नहीं बल्कि एक भयानक पैटर्न बन चुके हैं। हर बार रेल मंत्रालय बयान देता है, 'दोषियों पर कार्रवाई होगी', 'मुआवजा दिया जाएगा', 'जांच समिति गठित की गई है' और फिर कुछ ही दिनों में सब भुला दिया जाता है। सवाल है कि क्या रेलवे अब केवल 'प्रतिक्रिया देने वाला तंत्र' बन गया है, जहां कार्रवाई केवल तभी होती है, जब हादसा हो चुका होता है? भारत में रेल हादसों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितनी रेल सेवा स्वयं। भारत में हर साल बहुत बड़ी संख्या में होने वाले रेल हादसों में से करीब 70 प्रतिशत हादसे मानव त्रुटि के कारण होते हैं यानी या तो सिग्नलिंग सिस्टम में गलती या ट्रैक निरीक्षण में लापरवाही या फिर ट्रेन संचालन में मानवीय भूल। शेष हादसे तकनीकी खराबी, पुरानी पटरियों, रखरखाव की कमी और ओवरलोडिंग के कारण होते हैं।

इन तथ्यों से यह साफ हो जाता है कि भारत की रेल प्रणाली में सुरक्षा संस्कृति का अभाव है। यहां तकनीक पर निवेश से अधिक जोर घोषणाओं पर है। बीते वर्षों से 'कवच' सिस्टम को लेकर खूब प्रचार किया गया, कहा गया कि यह एक ऐसा स्वदेशी एंटी-कोलिजन सिस्टम है, जो दो ट्रेनों को टकराने से बचाएगा लेकिन आज की हकीकत यह है कि देश के केवल 4 प्रतिशत रेल नेटवर्क पर ही कवच लागू हुआ है, बाकी 96 प्रतिशत ट्रैक आज भी मानव सतर्कता पर निर्भर हैं और यही सबसे बड़ा खतरा है। यह दुर्भाग्य है कि जिस भारतीय रेलवे को 'विश्व की चौथी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था' कहा जाता है, वहां अब भी अधिकांश ट्रैक ब्रिटिश कालीन तकनीक पर चल रहे हैं। ट्रेन ड्राइवरों को 8 से 12 घंटे तक बिना विश्राम रेल चलाने की मजबूरी, सिग्नलिंग उपकरणों की खराबी और निरीक्षण प्रणाली की औपचारिकता, ये सब मिलकर दुर्घटना की जमीन तैयार करते हैं। ऐसी किसी भी घटना के बाद हर बार राजनीतिक बयानबाजी शुरू होती है, रेल मंत्री हादसे की उच्चस्तरीय जांच का ऐलान करते हैं और कुछ हफ्तों बाद कोई नई परियोजना या उद्घाटन के बीच वह घटना जनता की स्मृति से मिट जाती है लेकिन जो परिवार अपनों को खो चुके होते हैं, उनके लिए वह हादसा जीवनभर की सजा बन जाता है।

भारत में आज रेलवे की सबसे बड़ी आवश्यकता है सुरक्षा का वास्तविक आधुनिकीकरण। केवल कवच सिस्टम ही नहीं बल्कि ट्रैक मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन सर्वे, स्वचालित सिग्नलिंग, लोको पायलट के थकान-निगरानी उपकरण और रीयल-टाइम संचार प्रणाली की अनिवार्यता। 2024 में रेलवे ने दावा किया था कि 2027 तक 50,000 किलोमीटर नेटवर्क कवच से लैस होगा लेकिन आज की प्रगति देखकर यह लक्ष्य किसी दिवास्वप्न जैसा लगता है। नवंबर 2024 तक कवच सिस्टम लगभग 1,548 किलोमीटर ट्रैक पर लागू हो चुका था और उसके बाद से धीमी गति से इसका विस्तार जारी है। ऐसे में 2027 तक 50,000 किलोमीटर कवच से लैस करने का लक्ष्य प्राप्त करना अभी बहुत चुनौतीपूर्ण दिख रहा है और लक्ष्य से काफी पीछे है। विस्तृत कवच नेटवर्क के लिए काफी संसाधन और समय की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि जब देश अंतरिक्ष में चंद्रयान उतार सकता है तो पटरियों पर सुरक्षित यात्रा क्यों नहीं सुनिश्चित कर सकता? यह केवल तकनीक का नहीं, प्राथमिकता का प्रश्न है। जब तक सुरक्षा को मुनाफे से ऊपर नहीं रखा जाएगा, जब तक रेल बजट में सुरक्षा खंड को लागत नहीं बल्कि निवेश नहीं माना जाएगा, तब तक यह रक्तरंजित यात्रा जारी रहेगी।

बहरहाल, समय आ गया है, जब रेल हादसों को मात्र दुर्घटनाएं कहकर टाला नहीं जा सकता क्योंकि ये घटनाएं अब प्रशासनिक अपराधों का रूप ले चुकी हैं। हर साल निर्दोष नागरिकों की जानें जाती हैं और जिम्मेदारी जांच रिपोर्टों की धूल में दबी रह जाती है। देश को अब उस मानसिकता से बाहर निकलना होगा, जहां 'हादसे के बाद कार्रवाई' ही नीति बन चुकी है। आवश्यकता है ऐसी व्यवस्था की, जो दुर्घटनाओं से पहले सतर्कता और रोकथाम सुनिश्चित करे। यात्रियों की सुरक्षा कोई दया नहीं, उनका संवैधानिक अधिकार है, जो केवल कागज पर नहीं, पटरियों पर भी सुरक्षित होना चाहिए। जब तक हर ट्रेन यात्रा भय से नहीं, विश्वास से शुरू और समाप्त नहीं होती, तब तक भारतीय रेल प्रगति की नहीं प्रतीक नहीं बनेगी। सच्चा विकास तभी होगा, जब हर गंतव्य तक पहुंचने वाली ट्रेन हर यात्री को सुरक्षित जीवन की गारंटी दे सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# एकता की जीत: पहचान नहीं, जज्बा देश को चैंपियन बनाता है

डॉ. प्रियंका सौरभ

सिख लड़की ने कप्तानी की, क्रिश्चियन लड़की ने सेमीफाइनल जिताया, बंगाली लड़की की पावर हिटिंग से टीम 300 के करीब पहुंच पाई, जाट की लड़की शेफाली फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बनीं और ब्राह्मण की लड़की दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुनी गई और आखिरकार भारत वर्ल्ड चैंपियन बन गया। सवाल ये है कि जब इनकी अलग-अलग पहचानें हमें वर्ल्ड चैंपियन बनाने में आड़े नहीं आतीं, तो देश को आगे ले जाने के नाम पर हम इन्हीं पहचानों के नाम पर लड़ते क्यों हैं? ऐसा ही जज्बा हमें देश की तरक्की के लिए भी चाहिए।

यह पंक्तियाँ आज के भारत की सच्ची तस्वीर पेश करती हैं- वह भारत जहाँ विविधता कोई विभाजन नहीं, बल्कि शक्ति है। जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर इतिहास रचा तो यह जीत सिर्फ. बल्ले और गेंद की नहीं थी, बल्कि यह एकता, समानता और भारतीयता की जीत थी। टीम में हर धर्म, हर जाति, हर भाषा और हर क्षेत्र की बेटियाँ थीं लेकिन जब उन्होंने मैदान में कदम रखा तो वे केवल एक पहचान रखती थीं- भारतीय। यही भावना हमें याद दिलाती है कि असली ताकत हमारे नाम, वंश या पंथ में नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक प्रयत्न और साझा संकल्प में है।

खेल हमें यह सिखाते हैं कि टीम भावना किसी भी व्यक्तिगत पहचान से बड़ी होती है। जब विकेट गिरता है तो कोई यह नहीं देखता कि गेंदबाज किस राज्य या धर्म से है और जब चौका लगता है तो भीड़ यह नहीं सोचती कि बल्लेबाज किस जाति का है। मैदान में सिर्फ. एक बात मायने रखती है- प्रदर्शन, मेहनत और समर्पण। यही दर्शन यदि हम देश के विकास, राजनीति, समाज और संस्कृति में भी अपनाएँ, तो भारत हर क्षेत्र में "विश्व चैंपियन" बन सकता है।

हमारे समाज में दुर्भाग्य से पहचान की राजनीति, धर्म और जाति के आधार पर विभाजन और अपने-अपने "हम बनाम वो" की मानसिकता गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। चुनावों से लेकर रोजमर्रा की बातचीत तक हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि हमारी सबसे बड़ी पहचान भारतीयता है। खेल हमें हर बार याद दिलाते हैं कि जब हम मिल कर खेलते हैं तो हम अजेय बन जाते हैं। यही एकजुटता भारत के संविधान, संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। जब हरमन प्रीत कौर मैदान में नेतृत्व करती हैं तो वह सिर्फ पंजाब की बेटी नहीं होतीं, वह पूरे भारतीय टीम की कप्तान होती हैं। जब जेमिमा रोड्रिग्स निर्णायक मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करती हैं तो यह मायने नहीं रखता कि उनका धर्म क्या है -मायने रखता है उनका योगदान। जब शेफाली वर्मा फाइनल में धुआंधार बल्लेबाजी करती हैं या दीप्ति शर्मा पूरे टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन से चमकती हैं तो वे हमें यह सिखाती हैं कि सफलता योग्यता और परिश्रम की भाषा बोलती है, किसी जाति या धर्म की नहीं।


आज भारत को इन बेटियों से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। यदि हर नागरिक अपनी छोटी-छोटी पहचान पीछे रखकर देश के बड़े लक्ष्य के लिए काम करे तो न तो विकास की रफ्तार रुकेगी और न ही सामाजिक सौहार्द बिगड़ेगा। हमें समझना होगा कि देश का निर्माण किसी एक वर्ग, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं होता बल्कि सभी के मिलन से होता है। यही कारण है कि भारत "वसुधैव कुटुम्बकम्" का संदेश देता आया है - पूरा विश्व ही एक परिवार है। क्रिकेट के मैदान में जब गेंद सीमारेखा पार करती है तो पूरा स्टेडियम एक साथ गूंज उठता है- "भारत! भारत!" उस क्षण न कोई हिंदू होता है, न मुस्लिम, न सिख, न ईसाई; सब सिर्फ. भारतीय होते हैं। यह भावना ही राष्ट्र निर्माण का असली आधार है। यही वह चेतना है जो हमें जातीय हिंसा, धार्मिक कट्टरता और क्षेत्रीय संकीर्णता से ऊपर उठने की शक्ति देती है। आज राजनीति से लेकर सामाजिक मीडिया तक, हमें बार-बार अपनी पहचान के चश्मे से चीजें देखने के लिए उकसाया जाता है। पर सवाल यह है- क्या कोई देश सिर्फ पहचानों से बनता है? नहीं। देश तब बनता है जब लोग अपने मतभेदों को दरकिनार कर साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होते हैं। आज भारत के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं- गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, पर्यावरण, लैंगिक समानता-पर इन सबका समाधान तभी संभव है जब हम टीम इंडिया की भावना से सोचें, न कि "मेरे समाज" की संकीर्ण मानसिकता से।

हमारी महिला क्रिकेट टीम ने वह कर दिखाया जो राजनीति, समाज और धर्मशास्त्र नहीं कर पाए- उन्होंने हमें दिखाया कि ह्लएकता में कितनी शक्तिह्व होती है। मैदान में उन्होंने यह साबित कर दिया कि कोई किसी से कम नहीं, और सब एक-दूसरे के लिए समर्पित हैं। किसी ने नेतृत्व किया, किसी ने बल्ला घुमाया, किसी ने गेंद को हवा में उछाला, किसी ने कैच पकड़ा और सबने मिलकर इतिहास रच दिया। यही मॉडल भारत के सामाजिक जीवन के लिए भी लागू हो सकता है। हर नागरिक यदि अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाए -चाहे वह किसान हो, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर या सिपाही -तो भारत के विकास की डगर कोई नहीं रोक सकता। जैसे टीम में हर खिलाड़ी अपने हिस्से की भूमिका निभाता है, वैसे ही देश के हर नागरिक को अपनी जगह ईमानदारी से काम करना होगा। तब कहीं जाकर भारत "विकसित राष्ट्र" के सपने को साकार करेगा।

इस जीत में एक और बड़ा संदेश छिपा है- महिला सशक्तिकरण का। इन बेटियों ने न केवल खेल के मैदान में बल्कि समाज के उस सोच पर भी प्रहार किया है जो अक्सर यह मानती रही कि कुछ क्षेत्र पुरुषों के लिए ही हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि अवसर और विश्वास मिले तो महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में देश को गौरवान्वित कर सकती हैं।

## दैनिक पंचांग

**8 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.51 ब.से |
| चंद्र | वृष में | धनु | 09.07 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.12 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.59 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.31 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 16.02 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.42 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.40 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.54 बजे से |
| | | सिंह | 00.10 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | कन्या | 02.22 बजे से |
| | | तुला | 04.32 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 312 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 07.33 बजे तदनन्तर चतुर्थी 04.26 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 22.03 बजे को समाप्त। **योग** शिव 18.32 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 07.33 बजे, बव 17.56 बजे तदनन्तर बालव 04.26 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 35' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872522 **जूलियन दिन** 2460987.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 16 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### समाज कल्याण विभाग का कर्मचारी चेक चोरी कर करता था घोटाला

**रामगढ़** : रामगढ़ समाज कल्याण विभाग में चेक चोरी की घटना ने जिले के तमाम अधिकारियों को चौका दिया है। विभागीय कर्मचारी के जरिये चेक चोरी कर भुगतान किए जाने की घटना तब उजागर हुई जब सरकारी खाते से पैसे की निकासी शुरू हो गई। इस मामले में समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खालको ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में विभाग के निम्न वर्गीय कर्मचारी अभिषेक धान को अभियुक्त बनाया गया है। समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खालको ने पुलिस को बताया कि विभाग से 2 मई 2025 को चेक चोरी किया गया था। चेक संख्या 966728 से लेकर 966790 तक की चोरी अभिषेक धान के जरिये किया गया था। एसबीआई में सरकारी खाते के चेक से चार लोगों को भुगतान किया गया। चेक संख्या 966749 से 10000 की राशि प्रिया कुमारी, चेक संख्या 966748 से 10000 की राशि किरण कुमारी, चेक संख्या 966754 से 30000 रेखा कुमारी और चेक संख्या 966755 से 30000 निर्गत किया गया। जिसमें से बैंक की मिली भगत से सोनी कुमारी को चेक संख्या 966749 से 10000 की राशि निकासी की गई। जब घोटाला सामने आया तो जांच गंभीरता से हुई।

### अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**धनबाद** : धनबाद अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता रमेश रही के नेतृत्व में दर्जनों महिला–पुरुष अंचल कार्यालय में धरना के लिए पहुंचे थे, लेकिन कार्यालय में धरना नहीं देने दिया गया। जिसके बाद लोगों ने कार्यालय के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया गया। पीड़ित जलेश्वर महतो ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके जमीन की जानकारी ऑनलाइन कराने के लिए कई महीने से वह अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे है, लेकिन यहां कोई सुनने वाला नही है, और इतना ही नहीं मेरे जमीन का फर्जी कागजात बना कर उसे बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अंचल कार्यालय में कोई भी कार्य बिना दलाल के माध्यम से नही होता है। सरकारी जमीन और रैयती जमीन को भी फर्जी पेपर बना कर बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर उपायुक्त के जनता दरबार में भी उन्होंने शिकायत की, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुआ।

### लूटकांड का खुलासा, हथियार के साथ चार गिरफ्तार

**खूंटी** : जिले के मारंगहादा थाना पुलिस ने 20 सितंबर को हुए लूटकांड का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में रूगुडीह, पोसेया निवासी जोगोन नाग उर्फ राजा (26), महादेव मंडा निवासी अंकित नायक उर्फ कछुआ (19 ), सोदाग निवासी निहारण होरो उर्फ राजा उर्फ मोटा (24 ) और सोदाग के ही रंजीत मुंडा उर्फ पोटो (22 ) शामिल हैं। मारंगहादा थाना क्षेत्र के हितुटीला टॉवर के पास 20 सितंबर को कटे–फटे नोट बदलने वाले एक व्यापारी से इन आरोपितों ने पिस्टल का भय दिखाकर 40 हजार रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक देशी पिस्टल, दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन, लूटे गए 20 हजार रुपये नगद और एक काले रंग का बैग बरामद किया है। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ वरुण कुमार रजक ने बताया कि घटना के दिन अपराधियों ने मारंगहादा बाजार से खूंटी लौट रहे एक व्यापारी को रास्ते में रोककर पिस्टल का भय दिखाते हुए 40 हजार रुपये लूट लिए थे।

# रामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो ब्राउन शुगर तस्कर को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : रामगढ़ पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार, जब्त बोलेरो से करीब 1 लाख के ब्राउन शुगर हुए बरामद, इस धंधे से जुड़े 8 से 10 और भी लोगों की गिरफ्तारी के लिए हजारीबाग और रामगढ़ में चलाए जा रहे हैं छापामारी अभियान। रामगढ़ पुलिस ने ब्राउन शुगर के तस्करी के आरोप में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 9.07 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है। यह कार्रवाई रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के कोयलांचल भुरकुंडा में की गई है। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति बोलेरो में सवार होकर भुरकुंडा में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री के लिए पहुंचे थे तभी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन दोनों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। इसकी सूचना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु गौरव गोस्वामी ने पतरातू में एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से दिया है। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम के द्वारा भुरकुण्डा के विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग करना प्रारम्भ किया गया। इसी कम में दो मुहानी रिभर साईड, भुरकुण्डा के पास गठित टीम ने एक सिल्वर रंग की बोलेरो गाडी रजि०सं० - JH01AH 1869 को पुलिस बल के द्वारा चेक करने हेतू रोका गया तो गाडी चालक एवं सवार व्यक्ति उतर कर भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस बल के द्वारा चालक को पकड लिया गया। पकड़ाये चालक से नाम-पता पुछने पर अपना नाम राजेश कुमार बेदिया उम्र करीब 30 वर्ष पे० मछेन्दर बेदिया सा०- कोडी बरकाकाना, थाना- पतरातु (बरकाकाना) जिला- रामगढ़ एवं गाड़ी में बैठे एक अन्य व्यक्ति अपना नाम महफुज आलम उर्फ राजन उम्र करीब 28 वर्ष पे०-स्व० अब्दुल रज्जाक सा० चैनगड्डा, थाना- पतरातु (भदानीनगर) जिला- रामगढ़ बताया। पूरे मामले में आईपीएस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू गौरव गोस्वामी ने बताया कि ये दोनों हजारीबाग और रामगढ़ जिले में इसके सप्लाई का काम करते हैं और उनके साथ 8 से 10 व्यक्ति और भी जुड़े हुए हैं जिनके गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा।

## रामगढ़ में वैक्सीन कोल्ड चेन रख-रखाव पर कार्यशाला का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : शुक्रवार को क्षेत्रिय उपनिदेशक, डॉ० शिव प्रसाद मिश्रा एवं सिविल सर्जन, डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद की संयुक्त अध्यक्षता में वैक्सीन रख-रखाव से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में किया गया। जिसमें जिले से सभी प्रखण्डों के MOIC, BPM, CCH, ACCH तथा अन्य स्वास्थ्य कमीयों ने भाग लिया तथा प्रशिक्षक के रूप में डॉ० सुधानन्द, SMO, WHO तथा अन्नपूर्णा देवी, राज्य प्रतिनिधि, यूनिसेफ आर सी ने प्रशिक्षण देने का कार्य किया। उक्त प्रशिक्षण में जिला आर० सी० एच० पदाधिकारी डॉ० ठाकुर मृत्युजंय कुमार सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ० स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डॉ० तुलिका रानी, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ० अजय चौधरी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## हॉकी इंडिया के 100 साल पूरे, रामगढ़ में प्रदर्शनी मैच का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**छतरपुर** : हॉकी इंडिया के स्वर्णिम 100 साल पूरे हो गए। इस उपलक्ष्य में देश के विभिन्न हिस्सों में इस दिवस को यादगार बनाने के लिए प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में रामगढ़ हॉकी संघ के द्वारा गांधी स्कूल के मैदान में बॉयज एंड गर्ल्स का प्रदर्शनी हॉकी मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिम्स के पूर्व निदेशक राजीव कुमार गुप्ता, रामगढ़ हॉकी के सीडी सिंह, हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव सन्तोष गुप्ता, रांची प्रेस क्लब के पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, पूर्व संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कार्यसमिति सदस्य शानू झा, वर्तमान कार्यसमिति सदस्य आलोक सिन्हा, आरजे अरविंद, समाजसेवी नेपाली यादव, धनेश साहू, चेतन मालवरी, गांधी मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य संतोष अनल, हॉकी झारखंड के संजय तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह का संचालन आरजे अरविंद ने किया। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के एसपी ने कहा कि झारखंड में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, रामगढ़ के खिलाड़ियों में भी जज्बा है, बस जरूरत है उन्हें अवसर उपलब्ध कराने की। आयोजन के संदर्भ में हॉकी हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव और रामगढ़ हॉकी के सचिव संतोष गुप्ता ने कहा की रामगढ़ के प्रतिभाओं को निखारने के लिए हॉकी रामगढ़ का प्रयास जारी रहेगा, आगे जल्द ही रामगढ़ के सभी स्कूलों का लीग मैच का आयोजन होगा। रामगढ़ हॉकी के अध्यक्ष सीडी सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमो** : सतपुलिया स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर, बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें कैंसर से बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। भारत में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस हर साल 7 नवंबर को मनाया जाता है, जो नोबेल पुरस्कार विजेता और वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। मैरी क्यूरी ने रेडियम और पोलोनियम की खोज की थी, जो कैंसर के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए, इस दिन को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में कक्षा छ के आशी अग्रवाल, महिमा महतो, नवेद्वी झा और कक्षा आठवीं के अभय वर्णवाल ने लघु नाटिका के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूक किया और उन्हें कैंसर से बचाव के तरीकों के बारे में बताया। कक्षा आठवीं के देवांशु कुमार ने अपने पीपीटी में कैंसर के लक्षण, कारण, और रोकथाम के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्या नीरजा ने बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूकता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें कैंसर से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन अगर समय पर इसका पता चल जाए तो इसका इलाज संभव है। भारत में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए, यह दिन और भी

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने ईवीएम (एश्ट) वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा रिकॉर्ड के संधारण की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मशीनों को निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से रखा जाए तथा नियमित रूप से सुरक्षा जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति तथा प्रवेश रजिस्टर की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने घाटशीला में किया महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा:** सिमडेगा विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को घाटशीला में महागठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में जनता को मतदान के लिए जागरूक किया।इस दौरान विधायक ने डोर टू डोर जाकर जनता की समस्या भी सुनी एवं विश्वास दिलाया कि महागठबंधन के सरकार ही सभी समस्याओं का समाधान करा सकती है। मौके पर भूषण बाड़ा ने कहा कि वह किसी नेता के रूप में नहीं, बल्कि झारखंड के बेटे के रूप में जनता के बीच खड़े हैं। विधायक ने सभा की शुरूआत जय झारखंड और जय आदिवासी-मूलवासी जनता के नारों के साथ की। उन्होंने घाटशीला की पवित्र धरती का स्मरण करते हुए कहा कि यह धरती शहादत, संघर्ष और संस्कृति की भूमि रही है। उन्होंने अपने प्रिय साथी दिवंगत रामदास सोरेन को नमन करते हुए कहा कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करना अब सभी की जिम्मेदारी है। भूषण बाड़ा ने महागठबंधन की सरकार के कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने कृषि ऋण माफी, मइया सम्मान योजना, सखी मंडल और महिला समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, गरीबों की बिजली बिल माफ करने, पेंशन योजनाओं का विस्तार और युवाओं को रोजगार देने जैसे कई ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने आदिवासी-मूलवासी संस्कृति और संरक्षण की योजनाओं का भी जिक्र किया। विधायक भूषण बाड़ा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली की भाजपा पार्टी झारखंड को तोड़ने की कोशिश कर रही है और आदिवासी एकता को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड का नेतृत्व झारखंड से ही होना चाहिए और यह तभी संभव है जब जनता सही उम्मीदवार को चुने। विधायक ने विशेष रूप से महागठबंधन के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन का समर्थन किया और कहा कि वह रामदास जी के सपनों का सच्चा वारिस हैं। ईमानदार और जनता के बीच का इंसान हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे मतदान केंद्र जाकर अपने भविष्य और झारखंड के विकास के लिए वोट दें। मुझे भरोसा है घाटशिला फिर से इतिहास लिखेगा और झामुमो का महागठबंधन का झंडा हर टोला-मोहल्ला में लहराएगा। सभा में मौजूद ग्रामीणों ने भी भूषण बाड़ा के संदेश का उत्साहपूर्वक समर्थन किया और महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने का भरोसा जताया। मौके पर डॉ अजय शाहदेव सहित कई स्थानीय नेता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राधा गोविन्द विवि में वंदे मातरम के 150 वर्ष पर सामूहिक गायन का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के आदेशानुसार 7 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को समय 10 बजे राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रांगण में वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वन्दे मातरम गायन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण और विभिन्न विभागों के छात्र छात्राएं शामिल हुए। सभी अनुशासित होकर भारत माता के सम्मान में राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया साथ ही शपथ ग्रहण कर राष्ट्र सेवा का संकल्प भी लिया। गायन के दौरान परिसर देशभक्ति के स्वरों से गूंज उठा। सामूहिक आवाजों ने ऐसा वातावरण निर्मित किया, जिसने उपस्थित सभी लोगों में ऊर्जा और गौरव की भावना भर दी। एक स्वर में वंदे मातरम् गाकर देश की अखंडता, एकता सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि 'वन्दे मातरम' राष्ट्र की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रभावना का प्रतीक है। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष,व्याख्यातागण, कर्मचारीगण एवं छात्र– छात्राएं उपस्थित रहे।

### इच्छा पूर्ण प्राचीन हनुमान मंदिर में अखंड हरिनाम संकीर्तन को लेकर हुई बैठक



**भुरकुंडा**: भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पूर्ण प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में गुरुवार, 6 नवम्बर 2025 को आगामी मकर संक्रांति (14 जनवरी 2026) के अवसर पर आयोजित होने वाले 24 घंटे के महाअष्टयाम अखंड हरिनाम संकीर्तन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस वर्ष के आयोजन में यूपीझबिहार के स्टार अष्टयाम हरिनाम संकीर्तन गायक कुमार अर्जुन अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। उनके आगमन से पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण बन गया है। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया— अध्यक्ष पद पर पप्पू सिंह जी को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी योगेश दांगी जी को सौंपी गई। मुख्य संरक्षक बने प्रदीप मांझी, सह संरक्षक बने अजय पासवान। सह कोषाध्यक्ष बने ओमप्रकाश गुप्ता। सचिव बने बाबूलाल नायक। कार्यक्रम प्रभारी बने अभिषेक मिश्रा। संरक्षक के रूप में विनय मिश्रा को भी शामिल किया गया। इस बैठक में उपस्थित लोग सुनील कुमार यादव, लोकेश कुमार, विनय मिश्रा, विश्व रंजन सिन्हा, पंकज खरवार, राजेन्द्र रोशन,राजेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार, बिट्टू गुप्ता, रोशन राम, पप्पू रवानी, दिनेश रवानी, दीपक कुमार, जिकेश खरवार सहित कई भक्तजन उपस्थित रहे।

### रिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक, वर-वधु को आशीर्वाद दिया



**सिमडेगा**: सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा जी के जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह तेली समाज के अध्यक्ष जगदीश साहू जी की द्वितीय सुपुत्री की रिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उन्होंने वर–वधु को पुष्पगुच्छ देकर वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आशीर्वाद दिया। शहनाई वेंकट हॉल टुकुपानी में ओबीसी समाज के जिलाध्यक्ष शिव केशरी, राम किशुन प्रसाद, गणेश सिंह आदि शामिल हुए।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई




**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं अन्य सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, एकता और त्याग की भावना का प्रतीक है। जिससे देश की स्तंत्रता में देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया हुआ था। आज हमें इस गीत के माध्यम से यह स्मरण करना चाहिए कि मातृभूमि की सेवा ही हमारा सर्वोच्च धर्म है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत तिवारी, डॉ पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ पवन कुमार, डॉ गौतम, डॉ पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, डी एल एड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार सहित सभी सहायक कर्मचारी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया।

## एक नजर

### पत्ता तोड़ने के दौरान गिरी महिला हुई घायल

**साहिबगंज** : जिला के बरहेट बस्ताडीह गांव निवासी रजीना मुर्मू (35) शुक्रवार को पशुओं को खिलाने के लिए पत्ता तोड़ने के लिए गांव के एक पेड़ पर चढ़कर काट रही थी। इस दौरान पेड़ से फिसल कर अचानक माथे के बल गिरने से महिला के सर पर गंभीर रूप से चोट लग गई। परिजनों ने आनन-फानन में उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने घायल महिला का प्राथमिक इलाज किया। खबर लिखे जाने तक महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था।

### आज हर विद्युत अवर प्रमंडल में लगेगा उपभोक्ता जागरूकता शिविर

**साहिबगंज** : उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा हर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन 8 नवंबर शनिवार को किया जाएगा। इस जागरूकता शिविर में उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर को उनके कनेक्शन के साथ अपडेट किया जाएगा और उपभोक्ता अपने सिक्योरिटी राशि को अपने कनेक्शन में अपडेट करा सकते हैं। चूंकि अब उपभोक्ताओं को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही व्हाट्सएप के माध्यम से बिजली बिल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिए सभी से अनुरोध है कि शिविर में आकर अपने कनेक्शन में अपना मोबाइल नंबर अपडेट जरूर करा लें। इस आशय की जानकारी देते हुए साहिबगंज अंचल के विद्युत अधीक्षण अभियंता डॉ नत्थन रजक ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभाग द्वारा उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन 8 नवंबर को साहिबगंज अंचल के हर आपूर्ति अवर प्रमंडल में किया जाएगा। साहिबगंज अंचल के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से आग्रह है कि अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में आकर इस शिविर का लाभ जरूर उठाएं।

### कक्षा एक में पढ़ने वाला बालक, स्कूल के सीढ़ी से गिरकर हुआ घायल



**साहिबगंज** : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज निवासी शामु पहाड़िया का 10 वर्षीय पुत्र रोहित पहाड़िया शुक्रवार को स्कूल में खेलने के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां स्कूल के गार्ड के द्वारा घायल बालक को आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के देखरेख में घायल बालक का इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रोहित पहाड़िया करम पहाड़ स्थित पहाड़िया स्कूल में कक्षा पहला का विद्यार्थी है,जहां रोहित खेलने के दौरान सीढ़ी से गिरकर घायल हो गया।

# आदित्यपुर नगर निगम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई-कर्मियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**सरायकेला** : सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय सभागार में शुक्रवार को दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्व के दौरान उत्कृष्ट स्वच्छता कार्य करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशासक रवि प्रकाश ने सफाईकर्मियों, चालकों, पर्यवेक्षकों, राजस्व निरीक्षकों, अभियंताओं और नगर प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वालों में चार चालक, एक सफाई मित्र, तीन वार्ड पर्यवेक्षक, सात वार्ड प्रभारी, दो पेयजल आपूर्ति प्रभारी, दो स्ट्रीट लाइट प्रभारी और पांच वरीय प्रभारी शामिल रहे, जिन्हें उनके समर्पित योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दुर्गा पूजा से पहले नगर निगम क्षेत्र में व्यापक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासक के निदेर्शानुसार उपनगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जोनवार दलों का गठन किया गया था। इन दलों ने पूजा पंडालों और मंदिरों के आसपास विशेष सफाई, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, मोहल्लों और घाटों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था जैसी जिम्मेदारियां सफलतापूर्वक निभाईं। दुर्गा पूजा के बाद काली पूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर भी नगर निगम की टीमों ने घाटों की सफाई, नदी किनारे स्थायी और कृत्रिम घाटों के निर्माण का कार्य पूजा से लगभग 20 दिन पहले से आरंभ कर दिया था। पूरी प्रक्रिया वरीय पदाधिकारियों की निगरानी में संपन्न हुई, जिससे सभी पर्वों के दौरान स्वच्छता और व्यवस्था बनी रही।

## बरहरवा में संदिग्ध अवस्था में मिला मजदूर का शव, इलाके में सनसनी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : बरहरवा थाना क्षेत्र के रिसोड़ चौक के पास एक घर से शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बोकारो जिला के हिरला थाना क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय राजेश मुर्मू के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, बरहरवा थाना क्षेत्र के मेहंदीडांगा गांव निवासी जमीरुल इस्लाम राजेश को मजदूरी के लिए दिल्ली ले जाने वाला था। गुरुवार की रात देर हो जाने के कारण राजेश को रिसोड़ स्थित एक घर में ठहराया गया था। सुबह जब लोगों ने राजेश को मृत अवस्था में देखा तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बरहरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ हैं। कुछ लोगों का कहना है कि राजेश की मौत सामान्य नहीं है और मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## चोरी के 08 मोबाइल के साथ दो अभियुक्त को तीनपहाड़ की पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के दो अभियुक्त को रात्रि में चोरी के मोबाइल व स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 05 नवम्बर 25 को समय करीब 23:00 बजे एसपी को गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में 05/06 नवम्बर 2025 की रात में करीब 12:00 बजे तीनपहाड़ स्थित मछली पट्टी के पास एंटी क्राईम चेकिंग लगाया गया, एंटी क्राईम चेकिंग के दौरान समय करीब 01:00 बजे रात्री में एक स्कूटी पर सावार दो व्यक्ति के द्वारा रेलवे स्टेशन की तरफ से बाबुपूर की तरफ आ रहा था। मछली पट्टी में एंटी क्राईम चेकिंग लगा देखकर स्कूटी सवार भागने लगा। जिसे गस्ती में तैनात पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा मन्नू कुमार उर्फ मन्नु महतो 18 वर्ष पिता गुज्जा महतो, साकिन बाबुपूर, झिंगरी मुहल्ला व संदीप कुमार उर्फ संदीप नोनिया 18 वर्ष, पिता स्वर्ग रतन महतो, साकिन बाबूपुर रेलवे फाटक को खदेड़ कर पकड़ा गया। जिसके उपरान्त पकड़ाए गए व्यक्ति के साथ-साथ स्कूटी का तालाशी लिया गया, तालाशी के क्रम में दोनों पकड़ाए गए व्यक्ति के पास से एक-एक एंड्राइड मोबाईल व स्कूटी के डिक्की से 06 आईफ़ोन फोन बरामद किया गया। जिसका अनुमानित किमत लगभग 5 लाख रुपए है। जिसके उपरान्त पकड़ाए व्यक्तियों के पास से बरामद मोबाईल को जप्ती सूची बना कर जप्त किया गया। इस संबंध में तीनपहाड़ थाना कांड संख्या-150/2025 दर्ज किया गया। पकड़ाए व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापामारी दल में, पुअनि मृत्युंजय कुमार पांडे थाना प्रभारी, पुअनि महेन्द्र कुमार, सअनि ललन रजवार, आरक्षी/433 मो. मुन्ना, 18 अनील कुमार साह, सभी तीनपहाड़ थाना शामिल थे।

## राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष-व्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : भारत के राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष-व्यापी स्मरणोत्सव का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7 नवम्बर 2025 को प्रातः 09:30 बजे नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम से किया गया। "वंदे मातरम्", जिसे बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवम्बर 1875 को रचा था, सर्वप्रथम साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनन्दमठ के अंतर्गत प्रकाशित हुआ तथा बाद में 1882 में एक स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में भी प्रकाशित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रभावना को प्रज्ज्वलित करने वाले इस अमर गीत को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गान "जन गण मन" के समान दर्जा प्रदान किया गया। यह आज भी देशभर में एकता, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा ने मालदा टाउन रेलवे स्टेशन पर आयोजित सामूहिक गायन कार्यक्रम में भाग लेकर इस ऐतिहासिक अवसर का स्मरण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व में वरिष्ठ शाखा अधिकारियों, रेलवे कर्मचारियों, मंडल रेलवे अस्पताल/मालदा के डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स (मालदा जिला), एनसीसी कैडेट्स तथा यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 200 प्रतिभागियों ने एक साथ "वंदे मातरम्" का गायन कर स्टेशन परिसर को राष्ट्रभक्ति की भावना से आलोकित कर दिया। यह कार्यक्रम 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक चलने वाले वर्ष-व्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के औपचारिक शुभारम्भ का प्रतीक रहा। इसी भावना के अनुरूप, मंडल के कुल 66 स्टेशनों–जिनमें न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, साहिबगंज, भागलपुर, कहलगाँव, जमालपुर, गोड्डा सहित अन्य स्टेशन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्टेशन अधीक्षकों, स्टेशन मास्टर, सभी विभागों के कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर ज़िले के सभी कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्मरणोत्सव के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरूआत उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा 'वन्दे मातरम' के सामूहिक गायन से हुई। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का संकल्प दोहराया। 'भारत माता की जय' एवं 'वन्दे मातरम' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा, जिससे वातावरण में देशभक्ति की भावना व्याप्त हो गई।

उप विकास आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि 'वन्दे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है। इस गीत ने देशवासियों में आजादी का जोश और आत्मबल जागृत किया था और आज भी यह नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। साथ ही, जिले के सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालयों और विद्यालयों में भी 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रगीत गाकर देशभक्ति और एकता का संदेश दिया।

## सड़क किनारों पेवर ब्लॉक के कार्य में भारी अनियमितता और गड़बड़ी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड/ हिरणपुर** : 54 लाख 97 हजार की पेवर ब्लॉक सड़क पर चल रहा घोटाले का रोलर मानक गायब, अधिकारी गायब। मामला पथ प्रमंडल पाकुड़ अंतर्गत हिरणपुरझकोटालपोखर मार्ग स्थित हिरणपुर के मिशन के समीप का है जहां करीब 54 लाख 97 हजार रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन इस कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही देखने को मिल रही है। पेवर ब्लॉक के कार्य में सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों का अनुपालन कार्य स्टोन डस्ट से किया जा रहा है। बालू की मात्रा महज 20 फीसदी ही देखी जा रही है। किसी प्रकार का बोर्ड प्रकाशित राशि किस योजना से तथा किनके द्वारा बनाया जा रहा है के बारे में किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई है और ठेकेदार भी अपनी मनमानी से निर्माण कर रहा है। इनमें से कुछ क्षेत्र में तो एक महीने में ही पेवर ब्लॉक टूटने व धसने लगी हैं। अब सवाल यह उठता है कि 54 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह पेवर ब्लॉक मार्ग क्या टिक पाएगा या कुछ ही महीनों में उखड़ जाएगा विभागीय जिम्मेदार आखिर क्यों चुप हैं भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा।

## विद्यालय स्तर के आईसीटी चैंपियन हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़/ लिट्टीपाड़ा** : जिले के लिट्टीपाड़ा स्तिथ राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय में शुक्रवार को ई शिक्षा महोत्सव के तहत प्रखंड स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 10वी और 12वीं के कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी अपने विद्यालय से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर ब्लॉक लेवल के परीक्षा में आज शामिल हुए। ज्ञात हो कि झारखण्ड ई शिक्षा महोत्सव 2025 राज्य के विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने में अग्रसर की पथ पर है। वर्तमान समय में कंप्यूटर की शिक्षा एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुकी है। इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागृति उत्पन्न होगी।

सभी विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर नोडल शिक्षक राजीव कुमार साह के साथ प्रभारी प्रधानाचार्य फ्रैंक मुर्मू, जिला समन्वयक अमित शर्मा तथा आईसीटी प्रशिक्षक राकेश रूज उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ओवर स्पीडिंग जागरूकता सप्ताह के तहत सघन वाहन जांच अभियान चलाया




**साहिबगंज**: ओवर स्पीडिंग जागरूकता सप्ताह के मद्देनजर जिला परिवहन विभाग द्वारा तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बैंक मोड़ के समीप सघन वाहन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने किया। अभियान के दौरान सभी छोटे-बड़े वाहनों की व्यापक जांच की गई। विशेष रूप से ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, अवैध/अपूर्ण रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस की कमी जैसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की गई। मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर जुमार्ना लगाया गया। सघन जांच कार्रवाई में कुल 25 वाहनों से लगभग 32,500 का चालान वसूला गया। साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आरईए अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, थाना प्रभारी सहित पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति रही। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ओवर स्पीडिंग पर रोक बेहद आवश्यक है। विभाग समयझसमय पर ऐसे अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करता रहेगा।

### मनमानी पर लगेगा अंकुश, अवैध गैस विक्रेताओं पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी



**साहिबगंज**: डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने जिले में 15 गैस डिस्ट्रीब्यूटरों द्वारा मनमाने ढंग से गैस सिलेंडर की बिक्री किए जाने की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और इस पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले घरेलू गैस कनेक्शन, कॉमर्शियल कनेक्शन तथा सब्सिडी के सत्यापन को लेकर विभागीय स्तर पर कड़ाई से जांच की जाए। डीसी ने आगे कहा कि जिले में अवैध गैस विक्रेताओं और अवैध भंडारणकर्ताओं की पहचान कर तुरंत छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर अवैध भंडारण में किसी डिस्ट्रीब्यूटर की एजेंसी के सिलेंडर पाए जाते हैं, उन एजेंसियों पर भी प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने राशन कार्ड डिलेशन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि शेष बचे लाभुकों के डिलेशन कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला सहकारिता पदाधिकारी (मुख्यालय) पवन कुमार, सहित विभिन्न प्रखंडों के गोदाम प्रबंधक एवं गैस एजेंसी प्रबंधक उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी व साइबर ठगी के हुए एक व्यक्ति शिकार, नगर थाना में दिया लिखित आवेदन



**साहिबगंज**: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पोखरिया निवासी राजू कुमार दास की बाइक चोरी हो जाने के बाद साइबर ठगी का शिकार हो गए। पूरे मामले पर नजर डालने से साफ पता चलता है कि चोरों और साइबर ठगों ने राजू को दो बार निशाना बनाया। दरअसल 02 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे राजू अपने साला को रेलवे स्टेशन छोड़ने अपने हीरो सुपर स्प्लेंडर जे एच 18 जी 4286 से साहिबगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन के पीपल के पेड़ के नीचे अपनी बाइक खड़ी की। पर जब वे वापस लौटे तो उसकी बाइक गायब थी। उसने काफी खोजबीन की पर बाइक का कहीं पता नहीं चला। तब 03 नवंबर को उसने आरपीएफ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। राजू ने बाइक खोजने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और फेसबुक पर बाइक की फोटो डालकर अपना नंबर भी शेयर किया। राजू ने बताया कि शुक्रवार को 10:54 बजे उसके मोबाइल नंबर 9570027328 पर एक अनजान मोबाइल नंबर 9967819607 से कॉल आया। फोन पर उससे कहा गया कि उसे उसकी चोरी हुए बाइक के बारे में पता है, 5 हजार रुपए देने के बाद वो बताएगा कि उसकी बाइक कहां है। भरोसा जताने के लिए उसने राजू के व्हाट्सएप पर उसकी बाइक का चेचिस नंबर का फोटो भेजा। चेचिस नंबर की मिलान करने पर राजू को उसपर भरोसा हो गया। तब ठगों ने राजू को एक लाइव लोकेशन भेजकर जिरवाबाड़ी थाना के सामने बुलाया और व्हाट्सएप पर एक स्कैनर का फोटो भेजकर ऑनलाइन पैसे मांगे। स्कैनर पर 5 हजार रुपए भेजने पर पता चला कि वह किसी जितेंद्र कुमार का नाम से था जो बिहार के गया जिला का रहने वाला है। इसके बाद ठग उसे व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर समलापुर में बाइक होने का लोकेशन बता रहा था, तभी अचानक फोन कट गया। उसके बाद बार बार कॉल करने पर उधर से कॉल उठाना बंद हो गया।

### मिट्टी नमूना संग्रह एवं जागरूकता अभियान की शुरूआत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रति किया गया जागरूक

**साहिबगंज** : जिले में शुक्रवार से मिट्टी नमूना संग्रह हेतु जागरूकता-सह-नमूना संग्रह अभियान की शुरूआत की गई, जो 14 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र कर उसकी जांच कराई जा रही है, ताकि किसानों को मृदा की गुणवत्ता की सही जानकारी मिल सके और वे उसी के अनुरूप फसलों में उर्वरकों का समुचित प्रयोग कर सकें। अभियान के प्रथम दिन साहेबगंज प्रखंड के हाजीपुर पश्चिम पंचायत, मंडरो प्रखंड के बड़तल्ला पंचायत, बोरियो प्रखंड के बीरबलकांदर पंचायत, राजमहल प्रखंड के दरला, गुनीहारी एवं प्राणपुर पंचायत, पतना प्रखंड के कटहलबाड़ी पंचायत, उधवा प्रखंड के उत्तरी सरफराजगंज, दक्षिणी सरफराजगंज एवं कटहलबाड़ी पंचायत, तथा बड़हरवा प्रखंड के पथरिया एवं जामपुर पंचायत में मिट्टी के नमूने संग्रहित किए गए। इस दौरान किसानों को मृदा जांच के लाभ तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे अपनी भूमि की मिट्टी का नियमित रूप से परीक्षण कराएं ताकि सही उर्वरक और पोषक तत्वों का उपयोग कर मिट्टी की उर्वरता बनाए रखी जा सके। अभियान में प्रखंड स्तरीय प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, संबंधित पंचायतों के कृषक मित्र तथा स्थानीय किसान सक्रिय रूप से शामिल हुए।

# बिहार चुनाव 2025: 'बिहार की 60 प्रतिशत जनता चाहती है बदलाव'



## प्रशांत किशोर बोले- जन सुराज बनी लोगों की नई उम्मीद

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के मतदान के बाद जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर (पीके) ने कहा है कि इस बार रिकॉर्ड मतदान बदलाव का संकेत है। उन्होंने दावा किया कि बिहार की 60% से अधिक जनता परिवर्तन चाहती है और जन सुराज को अब एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में देख रही है। गयाजी में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा, ह्लआजादी के बाद पहली बार बिहार में इतना ज्यादा वोटिंग प्रतिशत देखने को मिला है। यह दिखाता है कि लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से बिहार की राजनीति में कोई ठोस विकल्प नहीं था, लेकिन जन सुराज के आने से लोगों को एक नया रास्ता मिला है।ह्व पीके ने कहा कि इस बार प्रवासी मजदूर चुनाव के ह्लएक्स फैक्टरह्व बन गए हैं। ह्लछठ के बाद जो प्रवासी मजदूर बिहार में रुके हुए थे, उन्होंने खुद वोट किया और अपने परिजनों को भी वोटिंग के लिए प्रेरित किया। महिलाओं से ज्यादा इस बार प्रवासी मजदूरों की भूमिका अहम रही है। यही लोग बिहार में बदलाव की बयार ला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 14 नवंबर को बिहार का इतिहास लिखा जाएगा, क्योंकि जनता ने इस बार लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। पीके ने कहा, ह्लदो करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोट किया है। यह दिखाता है कि जनता अब डर की राजनीति से बाहर निकल चुकी है। राजनीतिक हमले करते हुए उन्होंने कहा, ह्लनीतीश कुमार के डर से लालू यादव को और लालू के डर से नीतीश कुमार को वोट देने की मजबूरी अब खत्म हो गई है। जनता को अब असली विकल्प मिल गया है। पीके ने एनडीए और राजद-कांग्रेस गठबंधन दोनों पर निशाना साधते हुए कहा, ह्लसम्राट चौधरी कहते हैं कि पार्टी का चेहरा साफ है, लेकिन बिहार में आज भी असुरक्षा का माहौल है। पहले जनता झेलती थी, अब नेता और मंत्री झेल रहे हैं।ह्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी जिसमें कहा गया था कि राजद और कांग्रेस एक-दूसरे का बाल नोचेंगे। पीके ने कहा, ह्लबाल नोचेंगे या सिर नोचेंगे, यह उनका काम है, लेकिन बिहार की जनता ने कल दिखा दिया कि अब उन्हें एक नया विकल्प मिल गया है।ह्व अंत में उन्होंने कहा, ह्लअब चुनाव सिर्फ सत्ता तय नहीं करता, बल्कि यह भी तय करता है कि विपक्ष में कौन होगा और कौन जनता के मुद्दों पर सड़क पर उतरेगा। जन सुराज की सबसे बड़ी सफलता यही है कि उसने बिहार को विकल्प दिया है।ह्व

## तेजस्वी का दावा: 121 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को एकमुश्त वोट मिला



पटना। बिहार चुनाव में ऐतिहासिक 64.46 फीसदी मतदान के बाद सियासत जारी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले चरण की वोटिंग में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जीत का दावा किया था। अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को एकमुश्त वोट मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार ने प्रथम चरण में बदलाव के लिए मतदान किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकल कर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है.नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि 20 साल में पहली बार इस तरह की अभूतपूर्व बदलाव की लहर महागठबंधन के पक्ष में दिखाई दे रही है। हर घर से ही नहीं, हर हृदय से भी सिर्फ एक ही आवाज सुनाई दे रही है कि इस बार नई युवा सरकार लायेंगे, हर घर से सरकार चलायेंगे और हर बिहारवासी को सीएम यानी चिंता मुक्त और चेंज मेकर बनायेंगे। बुजुर्ग और हमारे युवा साथियों ने जिस जोश, जुनून , जज्बे, उम्मीद और उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, उससे साफ हो चुका है कि बिहार में महापरिवर्तन होने जा रहा है। 20 वर्षों से बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, अन्याय, गैर बराबरी, अत्याचार, भ्रष्टाचार और अनगिनत पीड़ाओं का अंत होने जा रहा है। सभी 121 सीटों पर बिहारवासियों ने महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में एकमुश्त वोट किया है। इसके लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं.तेजस्वी यादव ने बिहारवासियों से कहा कि आप लोग मेरी शक्ति और बिहार के परिवर्तन युग के प्रकाश पुंज है। अभी थमना नहीं है, रुकना नहीं है। तकनीकी से तरक्की का प्रकाश थोड़ी ही दूर पर जगमगाता दिख रहा है। हमें विनम्रता के साथ मंजिल तक मजबूत कदम रखते हुए पहुंचना है।

# नदी बनी वोट का दुश्मन!



## मतदान को लेकर चिंता में डूबे 700 वोटर

शंभुगंज (बांका)। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है। पर प्रखंड के रामचुआ पंचायत के वार्ड संख्या एक और दो के मतदाताओं के सामने मतदान को लेकर बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। लखनपुर गोयड़ा गांव के करीब 700 से अधिक मतदाता वोट डालने को लेकर चिंतित हैं। दरअसल, इन दोनों वार्डों को बदुआ नदी विभाजित करती है, और मतदान केंद्र संख्या 78 व 79 नदी के पार पश्चिमी छोर पर स्थित है। गांव के उत्तरी हिस्से में बने चेक डैम के कारण नदी में लगभग 10 फीट से अधिक पानी भरा हुआ है, जिससे आवाजाही बेहद खतरनाक हो गई है। गांव की 85 वर्षीय इंदूवाला देवी, 80 वर्षीय मांडवी देवी, अनिता देवी, मीना देवी, बाबू साहब तिवारी, नरेश यादव और रामकुमार तिवारी जैसे बुजुर्ग मतदाताओं ने बताया कि उनके लिए मतदान केंद्र तक पहुंचना लगभग असंभव है। नदी पार करने का एकमात्र सुरक्षित रास्ता तिलडीहा पुल से होकर गुजरता है, जो मुंगेर जिले की ओर है और वहां से होकर आने में करीब पांच किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है.इससे बुजुर्ग मतदाताओं को दूरी और नदी की बाधा उनके उत्साह को कम कर रही है। गांव के युवाओं का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार बीएलओ से लेकर प्रखंड कार्यालय तक की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। युवाओं ने कहा कि यदि बुजुर्ग मतदाता वोट नहीं डाल पाएंगे, तो वे भी मतदान से दूर रहेंगे। इस संबंध में बीडीओ नीतीश कुमार ने बताया कि गोयड़ा लखनपुर पंचायत में मतदान केंद्रों की दूरी की समस्या पर जिला निर्वाचन कार्यालय से बात की जा रही है।

## चनपटिया में चिराग पासवान का हेलीकॉप्टर खराब

बेतिया। चनपटिया विधानसभा सीट पर एनडीए समर्थित भाजपा विधायक उमाकांत सिंह के चुनाव प्रचार में आए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का हेलीकॉप्टर खराब हो गया है। 10:15 बजे चिराग पासवान चनपटिया के एफसीआई मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने विकास के साथ सुशासन की सरकार चुनने के लिए वोट की अपील की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है.जंगल राज की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं और महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम हो रहा है ।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में वोटिंग के दूसरे दिन भोजपुर में पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प, पथराव में आधा दर्जन गाड़ियां क्षतिग्रस्त



भोजपुर। जिले के चौरी थाना क्षेत्र के दुल्लमचक गांव में मतदान के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण गांव में आए गुलजारपुर निवासी दो हथियारबंद संदिग्धों को पकड़कर उनकी पिटाई कर रहे थे। इसी दौरान जब पुलिस संदिग्धों को भीड़ से छुड़ाने पहुंची तो ग्रामीण पुलिस से उलझ गए। नोंकझोंक के बीच दोनों संदिग्ध मौके से फरार हो गए। इस पर नाराज ग्रामीणों ने संदिग्धों को भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में एक दारोगा और चौकीदार घायल हो गए। भीड़ ने दो-तीन निजी वाहनों के साथ-साथ आधा दर्जन पुलिस वाहनों के शीशे तोड़ दिए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ के.के. सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। झड़प के दौरान भागे संदिग्धों के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि मतदान के दिन भी गुरुवार को गांव में चुनावी रंजिश को लेकर झड़प हुई थी। जिसके बाद से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार 2 मजदूर की मौत



बांका। पंजवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धोरैया-पंजवारा मुख्य मार्ग पर गुरुवार की देर शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामकोल निवासी सौदागर यादव के बेटे संतोष यादव और मकेश्वर यादव के बेटे सोनू कुमार यादव के रूप में हुई है। दोनों बाइक से पंजवारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक कई हिस्सों में टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही, पिकअप के आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिकअप की गति काफी तेज थी, जिसके कारण यह भीषण टक्कर हुई। दुर्घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। दोनों मृतक विवाहित थे और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सूचना पाकर पंजवारा थाना अध्यक्ष चंदन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर थाने ले आए। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहलाकर रख दिया है। एक साथ दो युवकों की मौत से रामकोल गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और पूरे क्षेत्र में गम का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक रामकोल से पंजवारा की ओर जा रहे थे। दोनों विवाहित थे एवं मजदूरी का काम करके परिवार का भरण पोषण करते थे। घटना के बाद दोनों के पत्नियों का रो रोकर बुरा हाल है।

## कुख्यात नक्सली निशांत सोरेन गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ



चंद्रमंडी (जमुई)। विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बिहार-झारखंड के सीमावर्ती इलाके से एक कुख्यात माओवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की पुष्टि झाझा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार ने की है। गिरफ्तार माओवादी निशांत सोरेन को चिहरा थाना क्षेत्र के राजाडूमर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी टीम में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम भी शामिल थी। पूछताछ में उसने संगठन से जुड़े कई अहम जानकारी का भी खुलासा किया है। निशांत सोरेन की गिरफ्तारी से इलाके में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता मानी जा रही है। उसकी गिरफ्तारी से माओवादी संगठन को बड़ा झटका भी लगा है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पिछले एक दशक से भी अधिक समय से फरार चल रहे कुख्यात माओवादी निशांत सोरेन अपने घर राजाडूमर आया हुआ है। इसके बाद चिहरा थानाध्यक्ष रिंकू रजक के नेतृत्व में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम ने निशांत सोरेन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। निशांत सोरेन जमुई के साथ-साथ लखीसराय बांका मुंगेर नवादा और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से सक्रिय था तथा माओवादी घटनाओं का अंजाम देने के साथ-साथ माओवादी गतिविधियों में संलिप्त था। उस पर आधार दर्जन से अधिक मामले दर्ज है, जिसमें पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी।

## बांका में 9 गैस सिलेंडर एक-एक कर ब्लास्ट: चाय बनाने के दौरान हादसा, 5 लोग झुलसे







बांका। बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहबगंज चौक पर गुरुवार की देर रात चाय-पान की दुकान में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते-देखते बगल की दो अन्य दुकानों में भी लपटें फैल गईं। इस दौरान करीब 9 गैस सिलेंडर एक-एक कर ब्लास्ट हो गए,जिससे आसपास का इलाका धमाकों से दहल उठा और पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड की घटना में 5 लोग आग की चपेट में आने से झुलसकर घायल हो गए। आवाज के कारण 9 सिलेंडर फटने का अनुमान लगाया गया है। आग लालो भगत की दुकान से शुरू हुई, जहां चाय बनाने के दौरान अचानक एक गैस सिलेंडर फट गया। देखते ही देखते दुकान पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई। पास की दो अन्य दुकानों में भी आग फैल गई और कुछ ही देर में तीनों दुकानें राख में तब्दील हो गई। जिसमें रखे करीब 9 गैस सिलेंडर अचानक ब्लास्ट हो गया आसपास की तीन से चार अन्य दुकानों में भी आग की हल्की लपटें पहुंचीं, जिससे आंशिक क्षति हुई। विस्फोट की आवाजें इतनी तेज थीं कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि कोई नजदीक जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। बाजार के लोग बाल्टियों और पाइप की मदद से आग बुझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं कृष कुमार भगत (17), जितेंद्र यादव (43),अंकित कुमार (22), अजीत कुमार (17) और एक छोटा बच्चा आकाश कुमार शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,बेलहर में कराया गया है.फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आगजनी में लाखों रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। तीनों पूरी तरह जली दुकानें नवयुवक संघ साहबगंज मार्केट परिसर में स्थित थीं। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुटे रहे। थाना अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया की मामले में जांच की जा रही है।

## अररिया में महिला की संदिग्ध मौत, दहेज को लेकर पति पर हत्या का आरोप



अररिया। नगर थाना क्षेत्र के वनगामा वार्ड संख्या 13 में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। वहीं ससुराल वालों ने दहेज की खातिर पति पर पत्नी की हत्या का आरोप लगाया है। घटना को लेकर मृतका के भाई घिवाहा वार्ड संख्या तीन निवासी मो नजीर ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व बहन बीबी रबीना की शादी नगर थाना क्षेत्र के वनगामा वार्ड संख्या 13 निवासी मो. शाहिद से की थी। उस समय सामर्थ्य के अनुसार शाहिद को दहेज भी दिया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही शाहिद और उनके परिवार के अन्य सदस्य रवीना को मायके से कुछ ना कुछ मांग करने के लिए प्रताड़ित करने लगा। जब रवीना मायके से कुछ मांगने से मना करती तो ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करते। भाई ने बताया कि बुधवार की देर रात उनके चाची के मोबाइल पर रवीना के पति का फोन आया और बोला कि आपकी बेटी मर गई है। आप आकर ले जाइये। घटना की सूचना पर जब वह पहुंचे तो देखा कि रवीना के ससुराल में काफी भीड़ लगी है और वहां गांव का मुखिया आदिल भी मौजूद है और रवीना का शव जमीन पर पड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब घटना की सूचना 112 पर दी गई तो काफी देर बीत जाने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। वहीं, गांव के मुखिया उन्हें बार-बार शव को कब्रिस्तान में दफनाने का दवाब बना रहे थे। नजीर ने बताया कि काफी देर बीत जाने के बाद जब पुलिस वहां नहीं पहुंची तो वह खुद नगर थाना पहुंचकर घटना की सूचना थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक को दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। मामले को लेकर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उनके द्वारा एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर भेज कर जांच कराई गई।

## पहले चरण का मतदान खत्म,11 करोड़ कैश जब्त

### अनंत सिंह समेत 1 203 लोग गिरफ्तार, 44 करोड़ लीटर शराब भी बरामद



पटना। बिहार के 18 जिलों के 121 सीटो पर वोट आज वोटिंग हुई। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए काफी प्रयास किए। नतीजा यह रहा कि पटना से सभी विधानसभा क्षेत्रों में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। दैनिक भास्कर की इस रिपोर्ट में जानिए आयोग की अब तक की कार्रवाई। राजद सुप्रीमो लालु प्रसाद यादव के करीबी माने जाने वाले दुलारचंद यादव की हत्या होती है। दुलारचंद पर गाड़ी चढ़ाई गई और गोली मारी गई। आरोप मोकामा से जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह पर लगा और उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा आयोग ने चुनाव तिथि घोषणा के बाद से अब तक कई कार्रवाई की। इस दौरान 1 हजार 203 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए आयोग ने सभी अपराधियों से बांड कराया। बीएनएसएस की धारा 126,127 और 129 के तहत 3 लाख 9 हजार 498 लोगों से बांड भरवाया गया है। आयोग ने गैर जमानती वारंटों का तामिला भी कराया। चुनाव तारीख की घोषणा के बाद अब तक 23 हजार 740 गैर-जमानती लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आयोग ने पहले चरण के 18 जिलों के 121 सीटों पर कुल 1 हजार 49 चेक पोस्ट बनाए। नाके पर पुलिस बल के अलावा सेंट्रल फोर्सेज तैनात किया गया। इन चेक पोस्ट पर जांच के दौरान 776 हथियार जब्त किया गया। चुनाव के दौरान सियासी दल पर पैसे बांटने का आरोप लगता रहता है। नकदी का फ्लो कंट्रोल करने के लिए आयोग सख्ती बरतती है। लेकिन,सब कुछ के बावजूद भी नकदी चलन में खूब होता। नाके पर जांच के दौरान नकद के रूप में 10 करोड़ 32 लाख रुपए जब्त किया गया है। इनकम टैक्स की टीम ने इसे अपने कब्जे में लिया है। 1.शिवहर में 62 लाख रुपए बरामद: शिवहर शहर के जीरो माइल चौक पर जांच के दौरान 62 लाख रुपए नकद मिले। वहीं, धनकोल क्षेत्र से 80 हजार रुपए बरामद किए गए। इनकम टैक्स जांच कर रही है। कार्रवाई 10 अक्टूबर की है। 2. अररिया में 35 लाख रुपए बरामद: अररिया जिले के फारबिसगंज में 35.20 लाख रुपए जब्त किए गए। चुनाव को लेकर फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (FST) और स्टेटिक सर्विलांस टीम (SST) ने यह कार्रवाई 3 नवंबर की रात की। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के सदर रोड स्थित एक होटल में छापा मारा गया। 3. पटना के बिहटा में 20 लाख रुपए जब्त: बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच पटना जिले के बिहटा में छापेमारी कर 20 लाख रुपए जब्त किए गए। पटना पुलिस की ख्रळ्रूने 5 नवंबर को कन्हौली गांव में दो जगह छापेमारी की। पैसे के साथ ही 1 पिस्टल, 1 दो नाली बंदूक, 2 देसी कट्टा और दर्जनों जिंदा कारतूस बरामद हुए। बिहार में चुनाव को लेकर सड़क,रेल और एयरपोर्ट पर जांच तेज है। पंडित दिनलया उपाध्याय जंक्शन पर जांच के दौरान रेल पुलिस ने 16 लाख रुपए कैश बरामद की। 5 नवंबर (बुधबार) यह राशी जब्त की गई। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के बंडल में नोट की गड्डियां छुपाई गई थी। सभी नोट की गड्डिया 500 वाली थी। भोजपुर के शाहपुर सीट पर जांच के दौरान पुलिस को 5 लाख रुपए बरामद किए।4 नवंबर को शाहपुर इलाके के कुंडेश्वर मोड़ के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति के पास से पांच लाख रुपए की नगदी बरामद की गई। आयोग के सख्ती के बाद पटना में नकद पर नकद पकड़े जा रहें हैं। पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र में जबरदस्त जांच की जा रही थी। 23 अक्टूबर को एकडंगा नाका पर पुलिस ने एक गाड़ी की तलाशी ली। जिसमें से 1 लाख रुपए नकद राशि दिखी। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। मोतिहारी जिला के मधुबन सीट पर जांच के दौरान 1 लाख रुपए बरामद हुआ। 31 अक्तूबर को मधुबन के भेलवा एसएसटी पर गुरुवार की देर रात एक पंच कार संदेहास्पद स्थिति में दिखी। इसकी तलाशी ली गई।



## अभिनेत्री कटरीना ने दिया बेटे को जन्म, स्टार्स और फैंस ने दी बधाईयां

**विकी-कैट ने शेयर की पोस्ट लिखा- हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं**

कटरीना कैफ और विकी कौशल के फैंस के लिए अच्छी खबर है। कटरीना ने एक बेटे को जन्म दिया है। बेटे के जन्म के साथ ही कैटरीना और विकी की फैमिली में खुशियों का माहौल है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा पोस्ट कर सबको ये खुशखबरी दी, जिसपर स्टार्स और फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। दोनों ने पोस्ट शेयर कर लिखा- हमारे घर खुशियां आई हैं। हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं... 7 नवंबर 2025। कटरीना और विकी। इस पोस्ट को शेयर कर विकी ने लिखा- 'आशीर्वाद'। सब सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। करीना ने लिखा- कैटज्वेलकम टू बॉय मम्मा क्लब। तुम्हारे और विकी के लिए बहुत खुश हूं। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा- दोनों के लिए बहुत खुश हूं, बधाई। आयुष्मान खुराना ने लिखा- बेस्ट न्यूजडोनों को बधाई।

बता दें 23 सितंबर को विकी और कटरीना ने अनाउंस किया था कि दोनों जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने लिखा था कि ये उनकी लाइफ का बेस्ट चैप्टर है। विकी ने कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में पिता की जर्नी शुरू होने से पहले कहा था कि मैं काफी एक्साइटेड हूं और ये बहुत बड़ा आशीर्वाद है। एक्साइटिंग टाइम है और फिंगर क्रॉस। बता दें विकी और कटरीना ने 2021 में शादी की थी। दोनों की जोड़ी फैंस की फेवरेट जोड़ी में से एक है। काफी समय से कटरीना की प्रेग्नेंसी की खबरें आ रही थीं, लेकिन दोनों ने इसे छिपाकर रखा था और सितंबर में फिर सबको गुड न्यूज दी थी।

## सोनाली ने कन्नड़ फिल्म चेलुवी से की थी कॅरियर की शुरुआत

अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी भारतीय सिनेमा की उन अदाकाराओं में से हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से भाषाओं और सीमाओं की दीवारें तोड़ दीं। हिंदी और मराठी फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस सोनाली ने अपने करियर की शुरुआत 1992 में मशहूर निर्देशक गिरीश कर्नाड की कन्नड़ फिल्म चेलुवी से की थी। यह फिल्म न सिर्फ नेशनल अवॉर्ड विनर रही, बल्कि कांस फिल्म फेस्टिवल में भी प्रदर्शित हुई, जिससे सोनाली को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली। सोनाली कुलकर्णी की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि उन्होंने सात अलग-अलग भाषाओं कन्नड़, मराठी, हिंदी, तमिल, गुजराती, अंग्रेजी और इतालवी में काम किया है। इस विविधता के कारण उन्हें ऽबहुभाषी सुपरस्टारऽ कहा जाता है। उन्होंने न केवल भारत की फिल्मों में बल्कि हॉलीवुड और यूरोपियन सिनेमा में भी अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया। पढ़ाई के साथ-साथ सोनाली ने बचपन से ही कला और नृत्य में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने भरतनाट्यम में 11 साल तक प्रशिक्षण लिया और पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएशन किया।



मराठी साहित्य में स्कॉलरशिप पाने के बाद भी उनका दिल अभिनय की ओर खिंचता चला गया। कॉलेज के दिनों में पहली फिल्म साइन करते वक्त उन्हें क्लास मिस होने की चिंता थी, मगर गिरीश कर्नाड के प्रोत्साहन ने उनकी दिशा तय कर दी। सोनाली की पहली मराठी फिल्म मुक्ता (1994) थी, जिसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हिंदी फिल्मों में वह दिल चाहता है, मिशन कश्मीर, डरना जरूरी है, और सिंघम जैसी फिल्मों से पहचानी जाती हैं, जबकि मराठी सिनेमा में देवराई, दोघी, कैरी, सखी और देऊळ जैसी फिल्मों ने उन्हें विशेष लोकप्रियता दिलाई।

अभिनय के साथ-साथ सोनाली एक सफल लेखिका भी हैं। उन्होंने मराठी अखबार में 'सो कूल' नाम से कॉलम लिखा, जो इतना लोकप्रिय हुआ कि लोग उन्हें उसी नाम से पहचानने लगे। सोनाली को उनके अभिनय और बहुभाषी योगदान के लिए कई सम्मान मिले हैं, जिनमें मिलान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड (2006), चार फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड शामिल हैं। पर्सनल लाइफ में उन्होंने पहले मराठी निर्देशक चंद्रकांत कुलकर्णी से शादी की थी, बाद में 2010 में टीवी एग्जीक्यूटिव नचिकेत पंतवैद्य से विवाह किया। उनकी एक बेटी है।




## इंडिपेंडेंट फिल्मों के सामने कई बाधाएं मौजूदः किरण राव

फिल्ममेकर किरण राव ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने फिल्मों की पहुंच तो बढ़ाई है, लेकिन थिएटर में जाकर फिल्म देखने का अनुभव आज भी दर्शकों के लिए खास मायने रखता है। फिल्ममेकर किरण राव ने 14वें धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान अपने विचार साझा किए। किरण राव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में फिल्म निर्माण और वितरण के तरीके काफी बदले हैं, लेकिन इंडिपेंडेंट फिल्मों के सामने अब भी कई बाधाएं मौजूद हैं। उन्होंने भारत की ऑस्कर प्रविष्टि फिल्म होमबाउंड का उदाहरण देते हुए कहा कि अब दर्शकों का स्वाद पहले से कहीं ज्यादा बदल चुका है। ऽपहले लोग केवल बड़े सितारों वाली फिल्मों को पसंद करते थे, लेकिन अब दर्शक नई कहानियों, नए चेहरे और अनोखे विषयों की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। इसका बड़ा श्रेय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को जाता है, जिन्होंने फिल्मों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है,' उन्होंने कहा। हालांकि, राव ने एक अहम सवाल भी उठाया 'क्या दर्शक इंडिपेंडेंट फिल्मों के लिए पैसे देने को तैयार हैं?' उन्होंने कहा, ऽयह हर फिल्ममेकर के मन में उठने वाला सबसे बड़ा सवाल है। क्या कोई दर्शक 150 रुपये देकर होमबाउंड या सबर बोंडा जैसी फिल्में देखने थिएटर तक जाएगा? अगर लोग नहीं आएंगे, तो इतनी मेहनत, समय और संसाधन लगाने का क्या मतलब रह जाएगा?ऽ किरण राव, जो पिछले एक दशक से इंडिपेंडेंट सिनेमा को प्रोत्साहित कर रही हैं, ने बताया कि इन फिल्मों की सबसे बड़ी चुनौती उनकी डिस्ट्रिब्यूशन है। उन्होंने कहा, 'फिल्में बन जाती हैं, लेकिन उन्हें सही मंच तक पहुंचाना मुश्किल है। बड़े बजट की फिल्मों की तुलना में इंडिपेंडेंट फिल्मों को थिएटर स्क्रीन या प्रमुख प्लेटफॉर्म्स पर जगह पाना आज भी कठिन है।' उन्होंने यह भी कहा कि इंडिपेंडेंट सिनेमा भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की रचनात्मक आत्मा है, लेकिन इसके लिए दर्शकों का सहयोग जरूरी है। 'अगर हम चाहते हैं कि विविधता भरी कहानियां कही जाएं, तो हमें भी ऐसी फिल्मों को देखने और समर्थन देने की आदत डालनी होगी,' उन्होंने कहा। किरण राव का यह बयान आज के दौर में इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स के संघर्ष और दर्शकों की जिम्मेदारी दोनों पर गहराई से रोशनी डालता है। मालूम हो कि भारत में इंडिपेंडेंट फिल्मों का सफर हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। शानदार कहानियों और उम्दा अभिनय के बावजूद इन फिल्मों को सही दर्शकों तक पहुंचाना अक्सर सबसे कठिन काम बन जाता है।

## 'जटाधारा' रिलीज़ से पहले ही जबरदस्त चर्चा में

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू अभिनीत मैग्नम ओपस 'जटाधारा' अपनी रिलीज़ से पहले ही जबरदस्त चर्चा में है। वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी 'जटाधारा' की टीम ने इसकी प्रामाणिकता को बनाए रखने के लिए वास्तविक तांत्रिक अनुष्ठानों का आयोजन किया, जिससे दृश्यों में आध्यात्मिक ऊर्जा और वास्तविकता झलके।

फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए इन अनुष्ठानों में असली मंत्रों का जाप किया गया और प्रशिक्षित तांत्रिकों की देखरेख में पूरा माहौल तैयार किया गया। यह फिल्म न केवल एक अलौकिक ड्रामा है, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और रहस्यमय अनुष्ठानों से जुड़ी एक गहरी सिनेमाई यात्रा भी है। निर्देशक वेंकट कल्याण ने कहा, ऽहम केवल रहस्यमयी ऊर्जा को दिखाना नहीं, बल्कि उसे महसूस करना चाहते थे। 'जटाधारा' जैसी कहानी सिर्फ इफेक्ट्स से नहीं, बल्कि उस भावनात्मक गहराई से जुड़ती है जो मनुष्य को अदृश्य से संबंध जोड़ने की प्रेरणा देती है।ऽ फिल्म की निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने बताया कि 'जटाधारा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि आस्था और निडरता से जन्मा एक अनुभव है। उन्होंने कहा, ऽहम ऐसा संसार बनाना चाहते थे जो सच्चा और आत्मिक लगे। हर मंत्र, हर भावना वास्तविकता से उपजी थी। सेट का माहौल इतना शक्तिशाली था कि ऐसा लगता




था मानो सिनेमा और दिव्यता का संगम हो गया हो।ऽ सह-निर्देशक अभिषेक जायसवाल ने भी कहा कि इस फिल्म में विजुअल इफेक्ट्स पर निर्भर रहने के बजाय प्रामाणिकता पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'जो ध्वनि और कंपन प्राचीन अनुष्ठानों में होती है, वही दर्शकों तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य था। सेट पर वे पल बेहद ऊर्जावान थे और यकीन है दर्शक भी उसकी तीव्रता को महसूस करेंगे।' 'जटाधारा' ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत एक द्विभाषी सुपरनैचुरल फैंटेसी थ्रिलर है, जिसे उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने मिलकर बनाया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, रोहित पाठक और झांसी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## छोटी फिल्मों का थियेटर में जगह बनाना मुश्किलः हुमा कुरैशी

सीमित संसाधनों में बनी छोटी फिल्मों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है थिएटर में स्क्रीन और शो टाइम की कमी। यही वजह है कि कई बार मजबूत कहानी और उत्कृष्ट अभिनय के बावजूद, ये फिल्में दर्शकों तक नहीं पहुंच पातीं। इसी मुद्दे को लेकर हाल ही में अभिनेत्री और निर्माता हुमा कुरैशी ने इसी मुद्दे पर खुलकर आवाज उठाई। उनकी फिल्म सिंगल सलमा को देशभर में बेहद सीमित स्क्रीन पर रिलीज किया गया, जिससे उन्होंने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की। हुमा ने लिखा, 'सिंगल सलमा' जैसी फिल्मों में न तो बड़े स्टार होते हैं और न ही करोड़ों का मार्केटिंग बजट। ऐसे में थिएटर में अपनी जगह बनाना बेहद मुश्किल हो जाता है। सिस्टम अब भी उन्हीं फिल्मों को प्राथमिकता देता है, जिनमें बड़ा नाम या बड़ा पैसा जुड़ा होता है।' हुमा की इस पोस्ट ने दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री दोनों में व्यापक बहस छेड़ दी। देश के कई शहरों—जैसे दिल्ली, लखनऊ, कोलकाता और पटना के फैंस ने उनकी बात का समर्थन किया और थिएटर मालिकों से फिल्म के शो बढ़ाने की मांग की। कई दर्शकों ने सोशल मीडिया पर टिकट बुकिंग ऐप्स के स्क्रीनशॉट साझा किए, जिनमें दिख रहा था कि सिंगल सलमा के शो या तो हाउसफुल हैं या फिर उपलब्ध ही नहीं। इससे साफ है कि दर्शकों की दिलचस्पी मौजूद है, लेकिन थिएटर वितरण प्रणाली की असमानता के कारण उन्हें मौका नहीं मिल पा रहा।






## 'फोन भूत' का क्लिप साझा कर जैकी श्रॉफ ने यादें की ताजा

बॉलीवुड की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'फोन भूत' के तीन साल पूरे होने पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से जुड़ी यादें ताजा कीं। फिल्म का क्लिप साझा करते हुए जैकी ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म फोन भूत के रिलीज के तीन साल पूरे हो गए हैं।' एक्टर के इस पोस्ट के बाद फैंस ने कमेंट सेक्शन में फिल्म के मजेदार पलों को याद करते हुए उन्हें बधाई दी। कहानी दो दोस्तों मेजर (सिद्धांत चतुर्वेदी) और गुल्लू (ईशान खट्टर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें भूतों का खासा शौक होता है। उनके घर की दीवारें और सजावट भूतिया माहौल का अहसास कराती हैं। एक दिन दोनों भूतिया थीम वाली पार्टी का आयोजन करते हैं, लेकिन उसी दौरान उन्हें करंट लग जाता है। इसके बाद उन्हें एक भटकती आत्मा रागिनी (कैटरीना कैफ) दिखाई देती है, जो तांत्रिक आत्माराम (जैकी श्रॉफ) से अपने प्रेमी को बचाने के लिए उनकी मदद चाहती है। रागिनी दोनों को एक बिजनेस आइडिया देती है और उन्हें 'फोन भूत हेल्पलाइन' शुरू करने के लिए प्रेरित करती है, ताकि वे लोगों को भूतों से निजात दिला सकें। वह यह वादा भी करती है कि वह उन्हें पैसा और शोहरत दिलाने में मदद करेगी। शुरुआत में सब कुछ मजेदार ढंग से चलता है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब दोनों को पता चलता है कि रागिनी असल में आत्माराम से बदला लेने के मकसद से उनके पास आई थी, क्योंकि उसी तांत्रिक ने उसकी जिंदगी तबाह कर दी थी। जैकी श्रॉफ का किरदार फिल्म में रहस्यमय और डरावना दोनों था, जिसने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। अपने करियर में जैकी अब तक 220 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी हर शैली में उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी है। अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा' में दिखाई देंगे, जिसका निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। इस फिल्म में जैकी के साथ नीना गुप्ता, कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंट्री केडिया और किशोर अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित की गई है। 'तू मेरी मैं तेरा' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मालूम हो कि गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म फोन भूत में कैटरीना कैफ, सिद्धांत चतुर्वेदी, ईशान खट्टर, जैकी श्रॉफ और शीबा चड्ढा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे।

## मीना कुमारी का किरदार निभाएगी कियारा आडवाणी

मदरहुड का आनंद लेने का बाद एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपनी पहली फिल्म साइन कर ली है, जो बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा मीना कुमारी की जिंदगी पर आधारित होगी। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने मीना कुमारी और कमाल अमरोही की कहानी पर आधारित बायोपिक 'कमाल और मीना' की घोषणा की थी। तब से यह चर्चा में था कि इस फिल्म में ऽट्रेजेडी क्वीनऽ मीना कुमारी का किरदार कौन निभाएगा। लंबे समय से कृति सेनन और कियारा आडवाणी के नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब एक रिपोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कियारा आडवाणी को इस प्रतिष्ठित रोल के लिए फाइनल कर लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्ममेकर को कियारा में वह भावनात्मक गहराई और विंटेज बॉलीवुड चार्म मिला है, जो मीना कुमारी के किरदार के लिए जरूरी था। बताया गया है कि कियारा इस भूमिका की तैयारी में पूरी तरह जुटने वाली हैं।




## फिर से वायरल हो रहे ऐश्वर्या और अभिषेक के पुराने बयान

पिछले साल से बॉलीवुड कपल्स ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के बीच दूरियों और तलाक की अफवाहें लगातार चर्चा में हैं। कपल्स के पुराने इंटरव्यू और बयान सोशल मीडिया पर फिर से वायरल हो रहे हैं, जिनसे पता चलता है कि कभी यह कपल अपने रिश्ते को लेकर कितना खुलकर बात करता था। साल 2007 में शादी के बंधन में बंधे ऐश्वर्या और अभिषेक की जोड़ी को फैंस आज भी ऽपरफेक्ट कपलऽ मानते हैं। दोनों शादी के बाद टीवी होस्ट ओपरा विंफ्रे के शो पर भी नज़र आए थे, जहां उन्होंने अपनी लव स्टोरी से लेकर शादी तक के सफर के बारे में खुलकर बात की थी। अभिषेक ने उस शो में बताया था कि उन्होंने ऐश्वर्या को न्यूयॉर्क के एक होटल की बालकनी में फिल्म गुरु की शूटिंग के दौरान प्रपोज किया था।

इसी शो के दौरान ओपरा ने भारतीय शादियों की भव्यता पर चर्चा करते हुए कहा था कि इतनी ग्रैंड शादी के बाद अगर दिक्कतें आती हैं, तो तलाक लेना कितना मुश्किल होता है। इस सवाल पर ऐश्वर्या राय बच्चन ने बेहद सधे अंदाज में जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि वह और अभिषेक तलाक के बारे में कभी सोचते भी नहीं हैं। ऐश्वर्या ने मुस्कुराते हुए कहा था, ऽहम कोशिश भी नहीं करते हैं कि इस बारे में सोचें।ऽ इस इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने अभिषेक के परिवार के साथ रहने पर भी बात की थी और बताया था कि वह खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें इतना प्यार करने वाला परिवार मिला है। उनकी यह स्पष्ट और सकारात्मक सोच उस वक्त भी लोगों को खूब पसंद आई थी।

आज जब उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं, तो उनके पुराने बयान एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि यह पावर कपल इन अफवाहों को जल्द ही पीछे छोड़कर फिर से एक साथ मीडिया के सामने नजर आए। बता दें कि बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में हैं। पिछले साल से दोनों के बीच दूरियां और तलाक की अफवाहें लगातार चर्चा में हैं। हालांकि, अब तक न तो ऐश्वर्या और न ही अभिषेक ने इस पर कोई आधिकारिक बयान दिया है।



# महिला विश्व कप विजेता बेटियों का महाराष्ट्र में सम्मान, सीएम फडणवीस बोले- भारत ने बदला इतिहास

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में भारत की जीत की सराहना की और इसे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने विश्व कप घर लाने के लिए टीम की प्रशंसा की। फडणवीस ने क्रिकेटरों स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव से बातचीत की, जो महिला विश्व कप 2025 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। बातचीत के दौरान, फडणवीस ने कहा कि यह एक खुशी का दिन है। महिला टीम ने विश्व कप जीता। पहले, हम विश्व कप को कुछ ही देशों में जाते देखते थे। लेकिन आपने सब कुछ बदल दिया और विश्व कप घर ले आए। आपने इतिहास रच दिया है।

आईसीसी महिला विश्व कप पर कब्जा करने का भारत का वर्षों पुराना सपना आखिरकार 2005 और 2017 के फाइनल में दो दिल टूटने के बाद एक वास्तविकता बन गया, क्योंकि उन्होंने फाइनल में एक शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराया, जिसमें शेफाली वर्मा (87 और 2/36) और दीप्ति शर्मा (58 और 5/39) ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जो लाखों लोगों के दिमाग में अंकित रहेगा और भविष्य के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा की कहानी के रूप में काम करेगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने भारत की ऐतिहासिक आईसीसी महिला विश्व कप जीत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश और खासकर महाराष्ट्र के लिए बहुत सम्मान की बात है, जिसने टीम के प्रमुख खिलाड़ियों और मुख्य कोच का योगदान दिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारी महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब जीता है... भारत ने इसे पहली बार जीता है... हमारी टीम ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मुलाकात की। हम उन्हें भी आमंत्रित करना चाहते थे, लेकिन हम भविष्य में पूरी टीम को आमंत्रित करेंगे। स्मृति मंदाना, जेमिमा रोड्रिग्ज, राधा यादव और कोच अमोल मजूमदार महाराष्ट्र से हैं, इसलिए हमने उनका स्वागत और सम्मान करने का फैसला किया। इन लड़कियों ने एक बार फिर भारतीय लड़कियों को सपने देखने के लिए प्रेरित किया है, और हमारी लड़कियां बड़े पैमाने पर खेल के मैदान में प्रवेश करेंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का एक निर्णय है कि जब कोई एथलीट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता है, तो हम उसे लगभग 2.25 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि के रूप में देते हैं। कोच को भी 25 लाख रुपये मिलते हैं। हमने आज उन्हें यह राशि दी, और हमने



उनके अन्य कोचों को भी 11 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। लेकिन धन से अधिक, उन्होंने देश को जो सम्मान दिलाया है, वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## महिला विश्वकप सेमीफाइनल की हार से अब भी उबर नहीं पायी हैं एलिसा हीली




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार से अब तक नहीं उबर पायी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 339 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था जिसे जेमिमा रोड्रिग्स के शतक से भारतीय टीम ने हासिल कर सभी को हैरान कर दिया था। इससे 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम मुकाबले से बाहर हो गयी। वहीं भारतीय टीम फाइनल में पहुंचकर विजेता बनी। हीली ने हालांकि कहा कि उन्हें अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है पर भारतीय टीम के खिलाफ हार को वह भूल नहीं पा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगी, मैं बेहतर हो जाऊंगी। हमने पिछले सात सप्ताह में काफी अच्छा क्रिकेट खेला पर भारतीय टीम से जीत नहीं पाये जिससे निराशा हुई पर मैं इस बात को लेकर उत्साहित हूं कि यह टीम अगले चक्र में क्या कर सकती है। हीली ने माना कि ऑस्ट्रेलिया और रन बना सकती थी। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगा था कि हमने थोड़े कम रन बनाए। जब एलिस पेरी और फोएबे बल्लेबाजी कर रही थीं, तो हम 350 से ज्यादा रन बनाने की उम्मीद कर रहे थे। अगर हम वहां और प्रयास करते तो ये संभव हो जाता।

उन्होंने आगे कहा, हर कोई योगदान दे रहा था, हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहा था, पर नॉकआउट मैच में परिणाम हमारे अनुसार नहीं रहा। यह दुखद है कि हमारे पास दिखाने के लिए कोई ट्रॉफी नहीं है। हीली ने यह भी कहा कि डीवाई पाटिल स्टेडियम की कि लाल मिट्टी वाली पिच दूधिया रोशनी में अलग तरह से व्यवहार करती रही है जिसे हम समझ नहीं पाये।

उन्होंने कहा, शुरुआत में विकेट धीमा था, और दूधिया रोशनी में यह आसानी से फिसलने लगा। हम शायद गेंद के साथ तालमेल बिठाने में उतने तेज नहीं थे और अंत में अपनी लेंथ से भटक गये। साइटस्क्रीन और लाइट्स के आसपास बहुत कुछ हो रहा था। यह निराशाजनक था। अगर मैं एक मिनट और रुकती, तो हम मैदान छोड़कर वापस आ जाते। हीली ने हालांक भारत के धैर्य की प्रशंसा की और इस जीत को खेल के लिए एक शानदार पल बताया।

## प्रतिका को जय शाह के हस्तक्षेप के बाद आईसीसी ने दिया विश्वकप पदक

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल को भी अब विश्वकप पदक मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी)) ने चेयरमैन जय शाह के हस्तक्षेप के बाद प्रतीका को पदक देने का फैसला किया है। आईसीसी का नियम है कि विश्व कप विजेता पदक केवल उन्हीं 15 खिलाड़ियों को मिलता है जो दल का हिस्सा होते हैं। प्रतीका चोटिल हो जाने के कारण सेमीफाइनल से पहले बाहर हो गयीं थी। प्रतिका ने छह मैचों में 300 से अधिक रन बनाये थे और वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल थी। आईसीसी ने अब अपने नियम को बदलते हुए प्रतीका को पदक देना स्वीकार कर लिया है। प्रतीका को बांग्लादेश के खिलाफ लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले के दौरान चोट लग गई थी।ऐसे में उनकी जगह दल में शेफाली वर्मा को शामिल किया गया था।

दल का हिस्सा होने की वजह से शेफाली को केवल 2 मैच खेलने के बाद भी विजेता का पदक मिला था पर लीग स्तर में शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रतीका को नहीं मिला। जब प्रतीका रावल को मेडल नहीं मिला तो सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने आवाज उठाई और भारत की जीत में उनके योगदान के लिए आईसीसी पर दबाव बनाया। अब प्रतीका रावल ने कहा है कि आईसीसी प्रमुख जय शाह के कारण उन्हें पदक मिलने वाला है।

## रवि शास्त्री की इंग्लैंड को सलाह, एशेज जीतनी है तो ये तरीका अपनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कोच और ऑलराउंडर रवि शास्त्री ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को एशेज सीरीज जीतने के लिए अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम को शुरुआती मैचों में लय बनानी होगी, क्योंकि शुरुआती जीत सीरीज का रुख तय कर सकती है। इंग्लैंड ने 2015 के बाद से कोई एशेज नहीं जीती है जिसमें 2019 और 2023 की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थीं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी जीत 2010-11 में 3-1 से आई थी। शास्त्री का मानना है कि इस बार इंग्लैंड के पास बेहतर मौका है।



### इंग्लैंड को चाहिए मजबूत शुरुआत

रवि शास्त्री, जिन्होंने 2017 से 2021 तक भारत के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया, ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में जीत का अनुभव रखते हैं। भारत को उनके कार्यकाल में दो बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत मिली थी। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराने के लिए लय और आत्मविश्वास जल्दी हासिल करना होगा।

शास्त्री ने स्थ्रहक्त ब्रेकफास्ट शो में कहा, 'अगर आप पिछली दो-तीन सीरीज देखें जो इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में खेली हैं, तो वे बुरी तरह हारे हैं। लेकिन इस बार उनके पास मौका है। अगर उनके तेज गेंदबाज पहले तीन टेस्ट में पूरी तरह फिट रहते हैं, तो वे शुरुआती बढ़त बना सकते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइन-अप अब पहले से कहीं ज्यादा संतुलित है और 'बैजबॉल रणनीति' अगर सही समय पर काम करे, तो यह ऑस्ट्रेलिया को दबाव में डाल सकती है।

### पैट कमिंस की अनुपस्थिति, इंग्लैंड के लिए मौका

शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति इंग्लैंड के लिए फायदेमंद हो सकती है। इस बार स्टीव स्मिथ कप्तान के रूप में टीम की कमान संभाल रहे हैं, और शास्त्री के अनुसार, यह इंग्लैंड के लिए 'अच्छा प्रदर्शन करने का सबसे बड़ा अवसर÷ है।

उन्होंने कहा, 'कमिंस के न खेलने से इंग्लैंड के पास सबसे अच्छा मौका है। उन्हें बस जल्दी तालमेल बिठाना होगा और शुरुआती टेस्ट में बढ़त बनानी होगी। अगर वे ऐसा कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया पर मानसिक दबाव बन सकता है।' शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया में शुरुआत में बढ़त बनाना ही सीरीज जीतने की कुंजी है क्योंकि एक बार घरेलू टीम रफ्तार पकड़ ले, तो उसे हराना मुश्किल हो जाता है।

### जेवियर बार्टलेट को टीम से बाहर रखने पर सवाल

रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम के चयन पर भी अपनी राय दी और खासतौर पर तेज गेंदबाज ज़ेवियर बार्टलेट को बाहर रखने पर आश्चर्य जताया। 26 वर्षीय बार्टलेट ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में डेब्यू किया था और सिर्फ 5 वनडे में 15 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, 'मैंने जब ऑस्ट्रेलिया की टीम देखी, तो मुझे लगा ज़ेवियर बार्टलेट को ज़रूर शामिल किया जाएगा। वह शानदार फॉर्म में हैं और टेस्ट क्रिकेट के लिए एक संभावित विकल्प माने जा रहे थे। फिर भी, यह ऑस्ट्रेलिया का मजबूत बॉलिंग अटैक है, खासकर पर्थ की तेज़ और उछालभरी पिच पर।'

### ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में इंग्लैंड के लिए चुनौती

शास्त्री ने यह भी माना कि भले ही इंग्लैंड का स्क्वाड संतुलित दिख रहा हो, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में खेलना हमेशा कठिन होता है। पर्थ और एडिलेड जैसी जगहों पर गेंदबाज़ों को बाउंस और स्विंग दोनों मिलती है, जिससे बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होती है। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई पिचें आसान नहीं होतीं। वहां बल्लेबाज को हर रन के लिए मेहनत करनी पड़ती है। अगर इंग्लैंड के गेंदबाज शुरुआती विकेट निकाल सकें और बल्लेबाज़ लंबे समय तक टिकें, तो सीरीज में उलटफेर संभव है।'

## टी20 में भारतीय टीम को हराने इन दो खिलाड़ियों पर लगाना होगा अंकुश : अश्विन

चेन्नई ।पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि टी20 में भारतीय टीम को हराने के लिए विरोधी टीम को आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और रहस्यमीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अंकुश लगाना होगा जो बेहद कठिन है।अश्विन ने कहा, अभी तक मैं कह रहा था कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर नियंत्रण रखना होगा पर अब मुझे लगता है कि जिस प्रकार से टिम डेविड ने वरुण पर नियंत्रण किया वैसा ही करना होगा।मुझे लगता है कि अगर टीमों को भारत से जीतना है तो वे अभिषेक और वरुण को निशाना बनाएंगी। अभिषेक के खिलाफ, हम इस सीरीज में उनकी बनाई रणनीति जरूर देखेंगे और वे उसे जरूर लागू करेंगे।जो भी टीमें आ रही हैं, वे विश्वकप की तैयारी के साथ आ रही हैं।वरुण के खिलाफ भी ऐसा ही होगा, क्योंकि इससे विरोधी टीमों को टी20 विश्व कप में बढ़त मिलेगी।अश्विन ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ों ने अभिषेक को ऑफ स्टंप के बाहर वाइड एंगल से गेंदें डालकर उनकी आक्रामकता रोकने का प्रयास किया है।



## अक्षर ने बताया सफलता का राज



गोल्ड कोस्ट।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टीम मैच में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिर ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी पिछली गलतियों सबक लेते हुए शॉट खेले जिसका लाभ उन्हें मिला।अक्षर ने इस मैच में 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाकर नाबाद 21 रन बनाये। उन्होंने इस दौरान अंतिम ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी लगाया।अक्षर ने गेंदबाजी में भी जबरदस्तम प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए।भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना अक्षर को गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाने के कारण प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला।

अक्षर ने ' कहा, '' मुझे पता था कि रन बनाना कठिन होगगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे।ड्रेसिंग रूम से मुझे यही मैसेज मिला कि मुझे आखिरी ओवर क्रीज पर जमे रहो।'' साथ ही कहा, ''मैंने सोचा कि आखिरी ओवर में बड़े शॉट लगाउंगा।साइड की बाउंड्री की दूरी अधिक थी लेकिन मैंने सोचा कि अगर मैं अपनी लय बनाए रखूं और गेंद पर नजर रखूं तो मैं गेंद को बाउंड्री के पार भेज सकता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने पहले भी महसूस किया है कि अगर मैं बाउंड्री के आकार के बारे में सोचता था तो उस तरफ शॉट नहीं खेलता था।ऐसे में यह पहले से तय शॉट बन जाता था और मैं गलतियां कर बैठता था।मैंने पिछली गलतियों से सबक लेकर यहां अपने शॉट में सुधार किये।''

# भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे: मंडाविया बोले- देश को ओलंपिक में मिली पहचान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) और हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को नई दिल्ली के ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन, ओडिशा के खेल और युवा सेवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज, एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, हॉकी के दिग्गज और राष्ट्रीय टीमों के सदस्य मौजूद थे।

यह समारोह खेल उत्कृष्टता, गौरव और एकता की एक शताब्दी का प्रतीक है, जो 1925 में भारतीय हॉकी की शुरुआत से लेकर आधुनिक युग में इसके पुनरुत्थान तक के सफ़र का सम्मान करता है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मंडाविया ने इस उपलब्धि का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, 'इस खेल ने कई पड़ाव देखे हैं, और ओलंपिक में हॉकी के माध्यम से ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। हमने तब से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारतीय हॉकी एक बार फिर उभर रही है और एक और ओलंपिक पदक की ओर बढ़ रही है। आज जब देश भर में 1,000 से ज़्यादा मैच खेले जा रहे हैं, तो पूरा




भारत इस गौरवशाली क्षण का आनंद ले रहा है। भारत सरकार हमारे खिलाड़ियों और खेल का हर संभव तरीके से समर्थन करती रहेगी। मैं हॉकी इंडिया, खिलाड़ियों, कोचों और प्रशंसकों को इस उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए बधाई देता हूँ।'

संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इस ऐतिहासिक दिन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं इस विशेष अवसर पर खेल के दिग्गजों के बीच उपस्थित होकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूँ। भारतीय हॉकी के लिए यह एक लंबी और प्रेरणादायक यात्रा रही है। मैं हॉकी इंडिया को वर्तमान सितारों के साथ-साथ हमारे महान खिलाड़ियों को सम्मानित करने और हमारे समृद्ध इतिहास को हमारे उज्ज्वल भविष्य के साथ जोड़ने के लिए बधाई देता हूँ। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई।'

एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने कहा, 'भारतीय हॉकी के इस ऐतिहासिक पड़ाव का हिस्सा बनना खुशी की बात है। आज हम अपने दिग्गजों, खिलाड़ियों, प्रशंसकों और प्रशासकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस यात्रा को आकार दिया है। भारत ने 100 वर्षों तक विश्व हॉकी में नेतृत्व किया है, लचीलापन और नवीनता का प्रदर्शन किया है। मैं भारत सरकार और हॉकी इंडिया को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का पुनरुत्थान उसकी ताकत दर्शाता है, और मुझे विश्वास है कि अगले 100 वर्ष भारतीय हॉकी के लिए और भी उज्जवल होंगे।'

डॉ. मनसुख मंडाविया की अगुवाई वाली खेल मंत्री एकादश और डॉ. दिलीप तिर्की की अगुवाई वाली हॉकी इंडिया एकादश के बीच एक प्रदर्शनी मैच ने दिन का आगाज किया। इस मैच में खेल मंत्रालय एकादश ने ब्यूटी डुंगडुंग, सलीमा टेटे और कृष्णा पाठक के गोलों की बदौलत 3-1 से जीत हासिल की, जबकि हॉकी इंडिया एकादश के लिए मनप्रीत सिंह ने गोल किया।

## अंगोला के खिलाफ मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे मेसी



ब्यूनस आयर्स।लियोनेल मेसी 14 नवंबर को लुआंडा में अंगोला के खिलाफ होने वाले मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे।मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तीन नए खिलाड़ी शामिल हैं। बेनफिका के विंगर जियानलुका प्रेस्टियानी, स्ट्रासबर्ग के फॉरवर्ड जोआक्विन पैनिकेली और कोमो के मिडफील्डर मैक्सिमो पेरोन दक्षिण अमेरिकी चैंपियन के लिए चुने गए नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।14 नवंबर को लुआंडा में होने वाला यह मुकाबला आगामी फीफा अंतरराष्ट्रीय सत्र में दक्षिण अमेरिकी टीम का एकमात्र मैत्रीपूर्ण मैच होगा।जैसा कि अपेक्षित था, मेसी एक आक्रामक टीम की अगुवाई करेंगे जिसमें लुटारो मार्टिनेज और जूलियन अल्वारेज भी शामिल हैं। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज के बिना मैदान में उतरेंगे, जो पिंडली की चोट से उबर रहे हैं।यह मैत्री मैच 2026 फीफा विश्व कप से पहले, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा, स्कोलोनी के लिए इस टीम के साथ प्रयोग करने का आखिरी मौका होगा।

**अर्जेंटीना टीम :** गोलकीपर - गेरोनिमो रुल्ली, वाल्टर बेनिटेज।

डिफेंडर - नहुएल मोलिना, जुआन फोयथ, क्रिस्टियन रोमेरो, निकोलस ओटामेंडी, माकरस सेनेसी, निकोलस टैग्लियाफिको, वैलेंटिन बाकर।

मिडफील्डर - एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मैक्सिमो पेरोन, रोड्रिगो डी पॉल, एंजो फर्नांडीज, थियागो अल्माडा, जियोवानी लो सेल्सो, निकोलस पाज।

फॉरवर्ड - लियोनेल मेसी, गिउलिआनो शिमोन, जियानलुका प्रेस्टियानी, निकोलस गोंजालेज, लुटारो मार्टिनेज, जोस मैनुअल लोपेज, जूलियन अल्वारेज, जोकिन पैनिचेली।

## 'मुझे लग रहा था कि वह उस दिन कुछ खास करेगी', महिला विश्व कप फाइनल में इस प्लेयर के प्रदर्शन पर बोली प्रतिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मनोविज्ञान की छात्रा होने के नाते प्रतिका रावल को थोड़ी समझ है कि मानव मस्तिष्क किस तरह काम करता है और उनकी अंतरात्मा से उन्हें महसूस हुआ कि विश्व कप नॉकआउट में उनकी जगह लेने वाली शेफाली वर्मा फाइनल में कुछ खास करेगी। हालांकि प्रतिका टखने और घुटने की चोट के कारण अपने करियर के सबसे अहम दो मैच में खेलने से चूक गईं लेकिन उनका शेफाली के बारे में अंदाजा बिलकुल सही रहा।

प्रतिका ने कहा, 'शेफाली को प्रेरणा की जरूरत नहीं है। फाइनल से पहले वह मेरे पास आई और बोली, 'मुझे सच में अफसोस है कि तुम नहीं खेल सकती' और मैंने उससे कहा कि कोई बात नहीं, ऐसी चीजें होती रहती हैं। मुझे लग रहा था कि वह उस दिन कुछ खास करेगी।' प्रतिका ने टूर्नामेंट में 308 रन बनाए जिससे वह लौरा वोल्वार्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद चौथे स्थान पर रहीं। लेकिन भारत के बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी ग्रुप लीग मैच में चोटिल हो गई।

उन्होंने कहा, 'मुझे यह नहीं कहना चाहिए कि मैं अभी मनोवैज्ञानिक हूं क्योंकि मैंने अपनी मास्टर डिग्री पूरी नहीं की है। लेकिन मनोविज्ञान का अध्ययन करने वाली एक छात्रा के तौर पर मुझे मानवीय भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली जिसमें मेरी अपनी भावनाएं भी शामिल हैं।' प्रतिका ने कहा, 'पहली बात कि जो हो गया उसे स्वीकार करें। आप उसे वापस नहीं ला सकते। एक बार जब मैंने चोट को स्वीकार कर लिया तो मैंने केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित किया जिन पर मैं नियंत्रण कर सकती थी और वो था चोट से उबरना, नींद लेना, पोषण और टीम का समर्थन करते रहना।'

उन्होंने कहा, 'मुझे चोट लगने से निराशा जरूर हुई लेकिन मैं इससे हताश नहीं हुई। मेरे पिताजी हमेशा मेरे साथ थे, मेरे कोच मेरा हालचाल पूछते रहते थे, मेरी मां और भाई के रोज फोन करते थे। मेरे पास एक बहुत अच्छा 'सपोर्ट सिस्टम' है। उन्होंने मुझे निराश या अकेला महसूस नहीं होने दिया।'

उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले रविवार को जब उनकी साथी खिलाड़ी मैदान पर उन्हें (व्हीलचेयर पर) जश्न मनाने के लिए ले गईं तब उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात को स्वीकार करने में बहुत समय लगेगा कि हमने विश्व कप जीत लिया है।' इस युवा बल्लेबाज ने जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान के हल्के-फुल्के पलों को साझा करते हुए कहा, 'उन्होंने मुझे भेल खाने की पेशकश की क्योंकि मैं व्हीलचेयर पर थी। मैंने सोचा, 'यह अब तक की सबसे महंगी भेल है!'



## मुम्बई इंडियंस ने हरमनप्रीत को दूसरे, नैट साइवर-ब्रंट को पहले नंबर पर रिटेन किया

मुम्बई( ।महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) नीलामी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुम्बई इंडियंस ने दूसरे नंबर पर रिटेन किया ।विश्वकप जीतने के बाद दूसरी सबसे ज्यादा मांग हरमनप्रीत कौर की है।इसके बाद भी उन्हें दूसरे नंबर पर रखा गया है।वहीं पहले नंबर पर इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को रखा गया है।नीलामी के लिए सभी छह फैंचाइजी ने अपनी रिटेंशन सूची जारी कर दी है।इसमें बड़े नाम अपनी टीम के साथ बरकरार हैं तो कई खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया गया है।हरमनप्रीत को दूसरे नंबर पर रिटेन होने के कारण एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है पर उन्होंने रिटेंशन के लिए सहमति दे दी है।अब उनकी जगह इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को सबसे ज्यादा पैसे मिलेंगे।नेट को जहां मुंबई इंडियंस से 3.5 करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि हरमनप्रीत को 2.5 करोड़ रुपये मिलेंगे।हरमन को साल 2023 में पहली नीलामी के बाद पिछले तीन सत्र में 1.8 करोड़ रुपये मिले थे।नैट साइवर-ब्रंट हरमनप्रीत की कप्तानी वाली मुम्बई इंडियंस टीम की सबसे अहम खिलाड़ी रही हैं।नैट 1072 रनों के साथ ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। वह 32 विकेट लेकर पांचवीं सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी हैं। नताली लेस्बियन हैं और उनकी शादी कैथरीन ब्रंट से हुई है।कैथरीन भी दिग्गज क्रिकेटर रहीं हैं।इस जोड़ी ने मिलकर इंग्लैंड को 2017 का महिला विश्व कप जिताया था।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर एटीसी में तकनीकी खराबी, जयपुर से संचालित कई फ्लाइट के शेड्यूल बिगड़े

जयपुर (एजेंसी)। दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण 300 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई है। इसका असर जयपुर से संचालित कई फ्लाइट के शेड्यूल पर दिखा है। शुक्रवार को जयपुर से दिल्ली जाने वाली तीन फ्लाइट लेट हुईं। जयपुर से उदयपुर की फ्लाइट कैंसिल हो गई। अन्य शहरों की 4 फ्लाइट भी लेट हो गईं। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई- 1834 सुबह 8:30 बजे की बजाय सुबह 11:54 बजे रवाना हुई। फ्लाइट्स के डिले होने से जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा है। जयपुर एयरपोर्ट से संचालन कारणों से कई अन्य फ्लाइट भी लेट हुई हैं। इंडिगो की चंडीगढ़ की फ्लाइट 6ई- 7718 करीब साढ़े चार घंटे देरी से सुबह 9:45 बजे की बजाय दोपहर 2:25 बजे रवाना हुई। इंडिगो की जोधपुर की फ्लाइट 6ई- 7405 निर्धारित समय सुबह 10:30 बजे की बजाय दोपहर 1:55 बजे उड़ी। इंडिगो की इंदौर की फ्लाइट 6ई- 7154 अपने निर्धारित वक्त सुबह 11:50 बजे की बजाय दोपहर 2:20 बजे रवाना हुई। वहीं, शाम 5:30 बजे जयपुर से उदयपुर जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। जयपुर एयरपोर्ट के प्रवक्ता के अनुसार फिलहाल जयपुर एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की तकनीकी समस्या नहीं आई है। हालांकि कुछ फ्लाइट जो दिल्ली से संचालित होने वाली हैं या दिल्ली जाने वाली हैं, उनकी टाइमिंग में आंशिक बदलाव किया गया है।

## मुंबई बम धमाकों का आरोपी टाइगर मेमन की संपत्तियां होंगी नीलाम

मुंबई (एजेंसी)। 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के आरोपी टाइगर मेमन और उसके परिवार की संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। इनमें वह फ्लैट भी शामिल है, जहाँ कथित तौर पर बम धमाकों की साजिश की एक बैठक हुई थी। विशेष टाडा अदालत से कुल 17 संपत्तियों का विवरण मिला है। आठ संपत्तियों को पहले ही एसएफईएमए (तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम प्राधिकरण) ने अपने कब्ज़े में ले लिया है। इसमें मध्य मुंबई के माहिम में अल हुसैनी इमारत के तीन फ्लैट शामिल हैं, जहाँ मेमन परिवार रहता था। साजिश की बैठक भी इसी इमारत में हुई थी। आठ ज़ब्त की गई संपत्तियों का मूल्यांकन किया जा रहा है, और नीलामी दिसंबर या जनवरी में शुरू हो सकती है। चार संपत्तियों पर अभी भी मुकदमा चल रहा है। पाँच और संपत्तियों के कब्ज़े की प्रक्रिया जारी है।

अन्य संपत्तियां- उपनगरीय वकोला के कोले कल्याण इलाके में लगभग 400 करोड़ रुपये मूल्य का 10,000 वर्ग मीटर का एक भूखंड है, जिस पर अतिक्रमण के कारण कब्ज़ा नहीं मिला है। ज़वेरी बाज़ार, बांद्रा, और कुर्ला (कपाड़िया नगर) में भी फ्लैट/संपत्तियां हैं, जिनकी नीलामी कब्ज़ा मिलने के बाद होगी। दक्षिण मुंबई के मनीष मार्केट में टाइगर मेमन और मोहम्मद दोसा के संयुक्त स्वामित्व वाली चार दुकानें हैं, लेकिन इनसे संबंधित एक अपील अदालत में लंबित है। बात दें कि टाइगर मेमन 12 मार्च 1993 से फरार है और उसके पाकिस्तान में होने का संदेह है। उसके भाई को उसकी भूमिका के लिए 2015 में फांसी दी गई थी। 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों में 257 लोग मारे गए थे।

## पंजाब में पराली जलाने की 351 घटनाएँ सामने आईं... सबसे ज्यादा आग लगाने की घटनाएं संगरूर

चंडीगढ (एजेंसी)। दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच, पंजाब में पराली जलाने की 351 घटनाएँ सामने आईं, इससे 15 सितंबर से अब तक कुल 3,284 घटनाएँ हो चुकी हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, संगरूर, तरनतारन, फिरोजपुर, अमृतसर और बठिंडा जिलों में पराली जलाने के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। खेतों में आग लगाने की सबसे अधिक घटनाएं संगरूर में 557, तरनतारन में 537, फिरोजपुर में 325, अमृतसर में 279, बठिंडा में 228, पटियाला में 189 और मोगा में 165 दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 29 अक्टूबर तक दर्ज 1,216 मामलों की तुलना में इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 2,068 की वृद्धि देखी गई। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए अक्सर पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को ज़िम्मेदार ठहराया जाता है। चूँकि अक्टूबर-नवंबर में धान की कटाई के बाद रबी की फसल, गेहूँ की बुवाई का समय बहुत कम होता है, इसलिए कुछ किसान पराली को जल्दी से हटाने के लिए अपने खेतों में आग लगा देते हैं। आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष पंजाब में धान की खेती का कुल क्षेत्रफल 31.72 लाख हेक्टेयर है। 6 नवंबर तक, इस क्षेत्र के 91.16 प्रतिशत हिस्से की कटाई हो चुकी थी। अब तक 1,367 मामलों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 71.80 लाख रुपये का जुर्माना लगा है, जिसमें से 37.40 लाख रुपये वसूल हुए है। आंकड़ों के अनुसार, रूपनगर जिले में अब तक पराली जलाने की कोई घटना नहीं हुई है, जबकि पठानकोट में एक, एसबीएस नगर में 11 और होशियारपुर में 15 घटनाएँ दर्ज की गई हैं। पंजाब में 2024 में पराली जलाने की 10,909 घटनाएँ होंगी, जबकि 2023 में यह संख्या 36,663 थी, यानी 70 प्रतिशत की गिरावट।

## केरल पुलिस ने 24 साल बाद बलात्कार के आरोपी को चेन्नई से पकड़ा

तिरुवनन्तपुरम (एजेंसी)। केरल पुलिस ने फरारी काट रहे बलात्कार के आरोपी को 24 साल बाद चेन्नैई से गिरफ्तार किया है। केरल का यह शख्स 2001 में एक नाबालिग दलित लड़की के साथ यौन शोषण के मामले में आरोपी था। आरोपी की पहचान 50 वर्षीय मुथुकुमार के रूप में हुई है, जो ईसाई धर्म अपनाने के बाद पास्टर सैम के नाम से चेन्नैई में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुथुकुमार को 2001 में 14 साल की स्कूली छात्रा के रेप के आरोप में पकड़ा गया था। उस समय आरोपी ट्यूटर का काम करता था। आरोपी ने दलित लड़की को अपने घर ले जाकर उसके साथ यौन शोषण किया था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर तीन महीने की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वह 2001 में जमानत पर छूटकर फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि यह लंबे समय से पेंडिंग मामलों में से एक था। पिछले एक साल से पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी थी। उन्होंने कहा कि वह शायद छिपने के लिए धर्म बदल लिया। रेप के मामले में शामिल होने के बाद, मुथुकुमार को अपना किराए का घर खाली करने के लिए कहा गया था।

# एसआईआर पर पाखंड कर रही ममता, खुद फार्म भर रही... लोगों को मना कर रही

### केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और बीजेपी नेता दिलीप घोष का आरोप




**कोलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हुई कथित हिंसा और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़ी है। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से लोगों से एसआईआर प्रक्रिया में भाग न लेने का आग्रह किया, जबकि उन्होंने स्वयं आवश्यक फॉर्म भरे। केंद्रीय मंत्री मजूमदार ने दावा किया कि उनके घर पर सत्रह फॉर्म पहुँचाए गए हैं, जो ममता बनर्जी के पाखंड को दिखाते है। मजूमदार और भाजपा नेता दिलीप घोष दोनों ने दावा किया कि राज्य के कई हिस्सों में भाजपा के बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा हमले किए जा रहे हैं। मजूमदार ने घोषणा की कि भाजपा इस हिंसा के खिलाफ अंत तक लड़ेगी। दिलीप घोष ने टिप्पणी की कि चुनाव और प्रशासनिक गतिविधियों के दौरान हिंसा बंगाल में एक चलन बन गई है। मजूमदार ने मांग की कि अगर चुनाव आयोग इस सरकार के रहते एसआईआर नहीं कर सकता, तब बंगाल में ममता सरकार को हटाकर एसआईआर करवाना चाहिए। भाजपा ने बार-बार टीएमसी पर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में बाधा डालने का आरोप लगाया है। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और टीएमसी पर अवैध प्रवासियों को वोटर कार्ड और आधार कार्ड देने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने उल्लेख किया कि दो दिन पहले ममता बनर्जी ने आधार कार्ड को नागरिकता के दस्तावेज़ के रूप में लेने पर सवाल उठाया था, जबकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड नागरिकता का दस्तावेज़ नहीं है और इसके साथ एक और दस्तावेज़ की आवश्यकता होती है। पॉल ने दावा किया कि लगभग 172 आधार कार्ड तालाब में तैरते हुए मिले हैं। उन्होंने एक महीने पहले एक बांग्लादेशी शिक्षक की गिरफ्तारी का हवाला देकर कहा कि टीएमसी विधायक तपन चटर्जी ने एक समूह द्वारा इस सांठगांठ को अंजाम देने की बात कही थी। वहीं सत्तारूढ़ टीएमसी ने भाजपा के सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है।

## वंदे मातरम् भारत की धड़कन : प्रमोद सावंत



**पणजी (एजेंसी)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के वंदे मातरम् पर दिए गए बयान से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् को भारत की धड़कन बताया गया है। यह गीत देश की आज़ादी के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है और आज भी प्रासंगिक है। सावंत के अनुसार, 150 वर्ष पुराने इस गीत में धर्मनिरपेक्षता का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोग इस गीत को गाते हैं। उन्होंने युवाओं से इस गीत से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान देने की अपील की। यह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक गीत था, जिसकी हर पंक्ति प्रेरणादायक है और सुनने पर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। रचना- वंदे मातरम् की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 में की थी। इस पहली बार 1882 में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित किया गया था। मुख्यमंत्री सावंत ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी दिन वंदे मातरम् के वर्षभर चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया और इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया।

## दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण का संकट गहराया... मामले की सुनवाई 12 नवंबर को





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण का संकट गहरा गया है और हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर बनी हुई है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय इस मामले की सुनवाई 12 नवंबर को करेगा। पिछली सुनवाई (3 नवंबर) में, अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को प्रदूषण को रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। वकीलों ने स्थिति की गंभीरता पर ज़ोर देकर कहा है कि एनसीआर में वायु गुणवत्ता बिगड़ रही है और यह मामला अत्यावश्यक है। दो दिनों के मामूली सुधार के बाद, दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर से बेहद खराब श्रेणी में पहुँच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 311 दर्ज किया है, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

विशेषज्ञों ने प्रदूषण के लिए निम्नलिखित को प्रमुख कारण बताया है: वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन और औद्योगिक प्रदूषण, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाना। दिवाली और प्रतिबंधों का उल्लंघन प्रदूषण में हालिया वृद्धि उस समय हुई जब दिल्ली में वर्षों बाद ग्रीन दिवाली मनाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने 18 से 20 अक्टूबर के बीच दिल्ली-एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी, वो भी केवल दो विशिष्ट समयों में- सुबह 6 बजे से 7 बजे तक, रात 8 बजे से 10 बजे तक दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, कई निवासियों ने इन प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। सीपीसीबी के आंकड़ों से पता चलता है कि दिवाली के बाद दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 450 को पार कर गया, जिसका कारण पटाखों का धुआं और पराली जलाना था।

# भरी अदालत में भड़क उठे सीजेआई बोले- अटॉर्नी जनरल को बता दीजिए...



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अटॉर्नी जनरल के लगातार अनुपस्थित रहने पर सीजेआई बीआर गवई भड़क गए। ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि लगातार तीसरी बार अटॉर्नी जनरल सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी को शब्दों में निर्देश दिया कि वे अटॉर्नी जनरल को बता दें कि सोमवार को इस मामले की सुनवाई पूरी की जाएगी, ऐसे में वे अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए मौजूद रहें।

सीजेआई गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सोमवार 10 नवंबर 2025 को इस मामले को क्लोज कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 की संवैधानिक वैधता को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार द्वारा एक बार फिर स्थगन की मांग किए जाने पर सीजेआई जस्टिस गवई ने कड़ा रुख अपनाया। सीजेआई ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि केंद्र इस मामले की सुनवाई 23 नवंबर को मेरे रिटायर होने के बाद ही करवाना चाहती है। मामला विभिन्न प्रमुख ट्रिब्यूनलों में नियुक्ति और उनके कार्यकाल एवं प्रक्रियाओं से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि मौजूदा व्यवस्था ट्रिब्यूनलों की स्वतंत्रता को प्रभावित करती है, क्योंकि नियुक्तियों में कार्यपालिका की भूमिका बहुत अधिक है। सीजेआई की बेंच ने एएसजी ऐश्वर्य भाटी से रूबरू होते हुए स्पष्ट शब्दों में पूछा कि अगर आप नहीं चाहतीं कि हम सुनवाई करें, तो स्पष्ट कह दें।

दरअसल, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई न करने का अनुरोध किया था। कोर्ट ने 7 नवंबर की तिथि पहले ही तय कर रखी थी। एएसजी ने कोर्ट को बताया कि अटॉर्नी जनरल आर। वेंकटरमणी अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में व्यस्त हैं। इस पर सीजेआई जसिटस गवई ने तीखे शब्दों में प्रतिक्रिया दी। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' की रिपोर्ट के अनुसार, सीजेआई जस्टिस गवई ने कहा, 'अगर आप नहीं चाहते कि हम सुनें और फैसला दें, तो बस बता दें। ऐसा लगता है कि आप चाहते हैं कि यह मामला 24 नवंबर के बाद सुना जाए।' सीजेआई जस्टिस गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। सीजेआई की पीठ ने यह भी कहा कि अदालत ने एजी को तीन बार समय दिया, लेकिन हर बार यही बताया गया कि वे व्यस्त हैं। एएसजी ऐश्वर्य भाटी ने बताया कि एजी व्यक्तिगत रूप से यह मामला देख रहे हैं, लेकिन सीजेआई ने इस पर भी आपत्ति जताई और कहा कि तीन बार स्थगन के बावजूद एजी कोर्ट में पेश नहीं हुए हैं। सीजेआई जस्टिस गवई ने 2 नवंबर की आधी रात को केंद्र द्वारा दाखिल उस अर्जी का भी उल्लेख किया जिसमें इस मामले को संविधान पीठ के पास भेजने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, 'पहले आप स्थगन मांगते रहते हैं और फिर रात में अर्जी देते हैं कि मामला संविधान पीठ को भेजा जाए। यह अदालत के साथ न्यायपूर्ण रवैया नहीं है।

## 'कंगुवा' की रहस्यमयी दुनिया का भव्य प्रीमियर आज, शाम 7:30 बजे अनमोल सिनेमा पर

**मुंबई (एजेंसी)।** तैयार हो जाइए एक ऐसी दुनिया में कदम रखने के लिए जो जितनी भव्य है, उतनी ही दिल दहला देने वाली! कंगुवा – पुनर्जन्म, बदले और जुनूनी जज्बातों की वो दास्तान है, जहां कबीलों की टक्कर, योद्धाओं का जुनून और सदियों पुराने वादों का एक जोरदार मेल देखने को मिलेगा। समय के इस चक्र में देखिए सूर्या को एक ऐसे अवतार में जैसा आपने पहले कभी नहीं देखा और बॉबी देओल को एक खतरनाक, अप्रत्याशित विलेन के रूप में, जिसमें वे पूरी तरह बदले हुए अंदाज में नजर आए! दमदार परफॉर्मेंस, हैरतअंगेज विजुअल्स और जबर्दस्त ट्रांसफॉर्मेशन से भरी ये फिल्म अनमोल सिनेमा पर धमाल मचाने आ रही है। तो तैयार हो जाइए इस बेमिसाल प्रीमियर के लिए, शनिवार, 08 नवंबर, शाम 7 :30 बजे, सिर्फ अनमोल सिनेमा पर। सुपरहिट फिल्मों ह्यविश्वासमह्ण और ह्यवेदालमह्ण के निर्देशक शिवा की यह मेगा फिल्म कंगुवा आपको एक ऐसी अनोखी दनिया में ले जाती है, जहां हर डिटेल का अपना एक मकसद है। हर कबीले की संस्कृति, उनके रीति-रिवाज, पहनावे से लेकर उनके हथियारों तक, सबकुछ इतनी खूबसूरती से गढ़ा गया है कि ये प्राचीन होते हुए भी पूरी तरह आपको अपनी दुनिया में खींच लेते हैं। दो जन्मों की कहानी कहता कंगुवा का हर सेट, हर दृश्य और हर मोड़ आपको एक जज्बाती और जबर्दस्त अनुभव देता है। अपनी थिएटर रिलीज पर इस फिल्म ने दुनिया भर के दर्शकों को चौंका दिया था और बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की थी।

## मुनीर और शाहबाज को पाकिस्तानी प्रोफेसर ने दिखाया आइना... जम्मू-कश्मीर पर भारत का वास्तविक अधिकार

### पाकिस्तान की बर्बादी का कारण जिन्ना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी प्रोफेसर इश्तियाक अहमद का कहना है कि जम्मू-कश्मीर पर भारत का वास्तविक अधिकार है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने विभाजन के बाद जूनागढ़ रियासत पर दावा किया था, जो उसकी सीमा से 250 किलोमीटर दूर गुजरात में मौजूद थी। पाकिस्तान का दावा था कि जूनागढ़ के शासक मुसलमान हैं और वह चाहते हैं कि पाकिस्तान में आए। इसलिए जूनागढ़ को पाकिस्तान में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां पाकिस्तान की गलती थी। जूनागढ़ में 91 फीसदी आबादी हिंदू थी और पाकिस्तान शासक के मुसलमान होने के नाम पर चाहता था कि उस हिस्से को अपने साथ मिला लिया जाए। अब यदि यही दलील जम्मू-कश्मीर में लागू करे, तब पाकिस्तान का हक कैसे बनता है।

उन्होंने कहा कि यही गलती पाकिस्तान की थी और जम्मू-कश्मीर के महाराज हरि सिंह ने बाकायदा विलय पत्र पर साइन करके भारत में शामिल होने का फैसला लिया था। इतना ही नहीं उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में 1947 में मुजाहिद भेज दिए थे। इन लोगों ने बारामूला, पुंछ जैसे इलाकों में घुसकर लूटमार मचाई थी। उन्होंने यूएन के प्रस्ताव का जिक्र कर कहा कि सबसे पहले नियम के अनुसार पाकिस्तान को ही सेना हटानी होगी। उसके बाद भारत वहां से फौज हटाएगा और फिर जनमत संग्रह होगा। लेकिन उन्होंने यहां कहा कि भारत इस मामले में यूएन ना ही जाता, तब ठीक रहता।

प्रोफेसर अहमद ने कहा कि फिलहाल दोनों देश एलओसी को ही सीमा मान लें। हालांकि यह दलील भारत कभी स्वीकार नहीं कर सकता। इसकी वजह पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के बड़े हिस्से पर अवैध कब्जा किया हुआ है। इश्तियाक अहमद ने कहा कि एक समय था कि अमृतसर से लाहौर तक लोग रोज ही आते-जाते थे। उन्होंने कहा कि शायद ही हम अपनी जिंदगी में अब दोबारा वैसे दिन देख सकते है। अहमद ने कहा कि आज हालात यह हैं कि पाकिस्तान के बाजार चौपट पड़े हैं। यदि भारत के साथ रिश्ते बहाल हो जाएं तब इकॉनमी को मदद मिलेगी।

इस दौरान अहमद ने कहा कि आज पाकिस्तान में कोई अल्पसंख्यक समाज बचा ही नहीं है। प्रोफेसर ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जिन्ना के पास अपना कोई प्लान नहीं था। उन्होंने भारत का बंटवारा करा लिया, लेकिन कोई आइडिया नहीं था कि देश कैसे चलेगा। इसकारण पाकिस्तान में शुरुआत से ही कट्टरपंथी ताकतें हावी रही। उन्होंने कहा कि भारत में गांधी और नेहरू जैसे नेता पढ़ते-लिखते थे।

## एसबीआई लाइफ की 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल ने रचा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



**भोपाल (एजेंसी)।** एक अग्रणी पहल के तहत भारत की सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने स्तन स्वास्थ्य को हर घर की बातचीत बनाने के अपने संदेश को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है। कंपनी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाकर यह उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान 1,191 हग ऑफ लाइफ हॉट वॉटर बैग्स से बना सबसे बड़ा मोजेक तैयार किया गया, जिस पर लिखा था – टेक ए ब्रेस्ट सेल्फ-एग्जाम विथ थैंक्स-ए-डॉट। इस प्रयास ने न केवल शुरूआती पहचान और आत्म-देखभाल के महत्व को दोहराया, बल्कि भारत में महिलाओं के स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत को सामान्य बनाने की दिशा में एक अहम कदम रखा। इस रिकॉर्ड को अमित झिंगरन, एम डी एवं सीईओ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस; सुश्री महिमा चौधरी, अभिनेत्री और स्तन कैंसर सर्वाइवर; रवींद्र शर्मा, चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ; औरस्वप्निल डांगरिकर, आधिकारिक निर्णायक, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स सहित अन्य सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में दर्ज किया गया। भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे आम कैंसर है, जो कुल कैंसर मामलों में से लगभग हर चार में से एक का कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में 60% से अधिक स्तन कैंसर के मामलों का पता तब चलता है जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है, जिससे उपचार कठिन और सफलता की संभावना कम हो जाती है। जबकि अगर समय रहते जांच हो जाए, तो स्तन कैंसर के लगभग 90% मामले ठीक किए जा सकते हैं। लेकिन समाज में झिझक, कलंक और परिवार को स्वयं से पहले रखने की सोच के कारण महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करती हैं।

# कनाडा बना भारतीयों की पहली पसंद, 2023 में सवा 2 लाख लोगों ने ली नागरिकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अधिकांश भारतीय विदेशों की तरफ ज्यादा आकर्षित होते हैं। तमाम देशों में सबसे ज्यादा भारतीय कनाडा को पसंद करते हैं। केवल पढ़ाई या नौकरी के लिए नहीं, बल्कि स्थायी नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से भी देश छोड़ रहे हैं। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में करीब 2.25 लाख भारतीयों ने ओईसीडी सदस्य देशों की नागरिकता प्राप्त की। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जो भारत से हो रहे वैश्विक पलायन की नई तस्वीर पेश करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय प्रवासी केवल बेहतर जीवन और करियर अवसरों की तलाश में नहीं हैं, बल्कि कई लोग स्थिर सामाजिक ढांचे और बेहतर भविष्य की सुरक्षा के लिए भी विदेशी नागरिकता का विकल्प चुन रहे हैं। यह प्रवृत्ति बताती है कि भारतीय वैश्विक मंच पर न केवल अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, बल्कि विकसित देशों की अर्थव्यवस्था और कार्यबल में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

कनाडा के बाद अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भारतीयों की पसंदीदा मंज़िलें हैं। अमेरिका में साल 2023 में 52,360 भारतीयों ने नागरिकता ली, हालांकि यह आंकड़ा 2022 के 66,670 की तुलना में कुछ कम है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में 40,361 भारतीयों ने स्थायी नागरिकता प्राप्त की, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इन देशों की उच्च शिक्षा प्रणाली, रोजगार के अवसर और जीवन की गुणवत्ता भारतीय युवाओं को आकर्षित कर रही है। ओईसीडी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब वैश्विक स्तर पर उन देशों में शामिल है, जिनसे सबसे अधिक प्रवासी नागरिक विदेशों में बस रहे हैं। भारत के बाद चीन दूसरे स्थान पर है। वर्ष 2023 में लगभग 317 लाख चीनी नागरिकों ने भी ओईसीडी सदस्य देशों की नागरिकता हासिल की, जिनमें अमेरिका और दक्षिण कोरिया प्रमुख गंतव्य रहे। वर्ष 2023 में 78,487 भारतीयों ने कनाडाई नागरिकता हासिल की, जबकि 2022 में यह संख्या 59,405 थी। एक दशक पहले यानी 2013 में केवल 15,388 भारतीयों ने कनाडा की नागरिकता ली थी। स्थिर शासन, रोजगार के अवसर, उच्च जीवन स्तर और स्थायी निवास की सरल प्रक्रिया ने कनाडा को भारतीय प्रवासियों के लिए आकर्षक गंतव्य बना दिया है।हालांकि, हाल के वर्षों में वहां बढ़ती महंगाई, मकानों की कमी और सख्त इमिग्रेशन नीतियां इस रफ्तार को धीमा कर सकती हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902